असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र

**सुविचार**

बरसात में भीगने से लिबास बदल जाते है, और पसीने में भीगने से इतिहास रचे जाते है।

रांची, सोमवार | 03.07.2023 | वर्ष 10, अंक 180 | RNI No. JHAHIN/2014/59110

**रांची का तापमान**

अधिकतम 30°
न्युनतम 23°

## क्वीक न्यूज

### मणिपुर : कुकी विद्रोहियों ने की फायरिंग, तीन की मौत

**इंफाल :** मणिपुर में हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। रुक-रुक कर हिंसा भड़क रही है। इस बीच एक बार फिर बिष्णुपुर जिले में फायरिंग में तीन मैतेइ वॉलंटियर की मौत की खबर है। यह घटना बिष्णुपुर जिले के खुम्बी थाना अंतर्गत लींगंगताबी पुलिस आउट पोस्ट के पास, लिंगंगताबी आवासीय विद्यालय में हुई। जानकारी के मुताबिक शनिवार को उत्तर पश्चिम दिशा से गोलीबारी की आवाज सुनी गई। इसके बाद डंपी हिल क्षेत्र से अज्ञात हथियारबंद बदमाशों संदिग्ध कुकी विद्रोहियों ने वहां तैनात वीडीएफ/पुलिस कमांडो की ओर गोलीबारी शुरू कर दी। वीडीएफ/पुलिस कमांडो ने इसका जवाब दिया। रात भर वीडीएफ/पुलिस कमांडो और संदिग्ध कुकी उपद्रिवियों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी चलती रही। जानकारी के मुताबिक इस दौरान मैतेई वॉलंटियर जो खोइनुमंतबी चिंगथक में बंकर में पोजिशन ले रहे थे। उन्हें कुकी उपद्रवियों से गोलीबारी का सामना करना पड़ा। गोलीबारी की घटना के बाद तीन मैतेई वॉलंटियर खोइजुमंतबी चिंगथक बंकर में मृत पाए गए। मृतकों की पहचान निंगोमबम इबोमचा (34) लीकाई के इबोटोन, हाओबाम इबोचा (41) चिंग्या और नाओरेम राकेश (26) चिंग्या के रूप में हुई है।सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल स्थिति पूरी तरह काबू में है। सेना, पुलिस और सुरक्षबलों ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

# विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला का उद्घाटन आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला का उद्घाटन समारोह आज सोमवार को देवघर में झारखंड प्रवेश द्वार दुम्मा में होगा। चार जुलाई से सावन शुरू होगा। मेले के उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आमंत्रित किया गया है। श्रावणी मेले की सारी तैयारी पूरी की जा चुकी है। पूरे देवघर को सजाया गया है। मलमास के कारण इस बार दो महीने तक के लिए व्यवस्था की गयी है। दुम्मा से खिजुरिया तक आठ किलोमीटर कांवरिया पथ पर पहली बार गंगा की मिट्टी बिछायी गयी है। कांवरिया पथ पर 10 हजार क्षमता वाले आध्यात्मिक भवन में कांवरियों को सस्ते दर पर भोजन मिलेगा। कांवरियों की कतार लगाने को लेकर रूट लाइन में वाटर प्रूफ पंडाल लगाये गये हैं।



**भक्तों के लिए की गई है कई सुविधाएं:** प्रशासन ने मेले में भक्तों की सुविधा बढ़ाने व भीड़ नियंत्रण के लिए कई नयी व्यवस्थाएं की हैं, इसमें पहली बार डिजिटल मिस्ट कूलिंग सिस्टम, शीघ्रदर्शनम कतार और व्यवस्था में बदलाव शामिल हैं। अब शीघ्रदर्शनम कूपन के लिए पुरोहितों द्वारा बार-बार फॉर्म भरने की झंझट खत्म कर दी गयी है। पुरोहित का नाम, पता, संपर्क नंबर और विशेष कोड की इंट्री हुई है। जिससे तुरंत कूपन मिलेगा। हालांकि, रविवार और सोमवार को शीघ्रदर्शनम की व्यवस्था बंद रहेगी। मेले के दौरान शीघ्रदर्शनम कूपन की दर 500 रुपये प्रति कूपन रखी गयी है।

**पहली बार लगा है टू वे ऑडियो कैमरा सिस्टम :** अरघा से जलार्पण की व्यवस्था रहेगी। स्पर्श पूजा बंद रहेगी। साथ ही वीआइपी पूजा भी बंद रहेगी। बीमार, बुजुर्ग व भीड़ में बचने वाले भक्तों के लिए बाह्य जलार्पण की भी व्यवस्था रहेगी। श्रावणी मेला के लिए सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी की गयी है। पूरे मेला क्षेत्र में 21 अस्थायी व 11 ट्रैफिक ओपी बनाये गये हैं। इंटीग्रेटेड मेला कंट्रोल रूम में पहली बार कॉमन एनाउंसमेंट सिस्टम लगाया गया है। एक बार सूचना प्रसारित होगी,तो वह 20 किलोमीटर के मेला क्षेत्र में सुनायी देगी। पहली बार टू वे ऑडियो कैमरा सिस्टम लगाया जा रहा है।कंट्रोल रूम में बैठे अधिकारी जब कोई कॉमन सूचना देना चाहेंगे, तो वह कंट्रोल रूम से संभव होगा। पूरे मेला क्षेत्र में कड़ी-सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। 726 पुलिस पदाधिकारी सहित मेला में 8700 पुलिस कर्मी तैनात किये गये हैं।

**की गई है इसीजी की व्यवस्था:** कतार में लगने वाले कांवरियों को अगर स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां होगी, तो उनके लिए प्रशासन ने इसीजी की व्यवस्था की है। प्रशासन ने नेहरू पार्क, क्यू कॉम्प्लेक्स व बाबा मंदिर ट्रामा सेंटर में डिजिटल इसीजी मशीन रहेगी और जरूरत पड़ने पर इसीजी करायी जायेगी। इसीजी की रिपोर्ट ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के मोबाइल में आ जायेगी, उसके बाद डॉक्टर की सलाह पर इलाज की व्यवस्था होगी। कतार में उमस भरी गर्मी से बचाव के लिए नेहरू पार्क से लेकर मंदिर के संस्कार मंडप तक मिस्ट कूलिंग सिस्टम की व्यवस्था रहेगी। इससे पानी का फव्वारा नहीं, बल्कि फॉग निकलेगी, जो पूरे माहौल को ठंडा कर देगा। संथाल परगना आयुक्त ने श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर की अंतरराज्यीय बैठक

**बेहतर सुविधा और सुरक्षा के लिए पुख्ता व्यवस्था : आयुक्त:** संथाल परगना के आयुक्त लालचन्द डाडेल ने बताया कि राजकीय श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधा और सुरक्षा के लिए पुख्ता व्यवस्था की गई। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओ की हर सुविधा का ख्याल रखा गया है। प्रशासन की तरफ से हर व्यवस्था की गई है।

### महाराष्ट्र : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में दरार, 36 विधायकों के साथ अलग हुए अजीत पवार

# डिप्टी सीएम बने अजीत पवार



एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजनीति में रविवार को शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी टूटने के साथ ही अचानक बड़ा उलटफेर हो गया। एनसीपी नेता अजीत पवार ने एक बैठक बुलाकर शिंदे सरकार में शामिल होने का फैसला लिया और अपने समर्थक विधायकों के साथ राजभवन पहुंच गए। आनन-फानन में शपथ ग्रहण आयोजित करके अजीत पवार को उपमुख्यमंत्री समेत अन्य 8 एनसीपी नेताओं को मंत्री पद की शपथ दिला दी गई। एनसीपी नेता अजीत पवार ने दावा किया है कि पार्टी के 36 विधायकों ने शिंदे सरकार को समर्थन दिया है। राजभवन में सादे समारोह में राज्यपाल रमेश बैस ने राकांपा नेता अजीत पवार को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। इसके अलावा वरिष्ठ राकांपा नेता छगन भुजबल, दिलीप वलसे पाटिल, हसन मुश्रीफ, धनंजय मुंडे, धर्मराव बाबा अत्राम, अदिति तटकरे, संजय बंसोड़े और अनिल पाटिल ने मंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, राकांपा के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल उपस्थित थे।इससे पूर्व राकांपा नेता अजीत पवार ने अपने शासकीय बंगले देवगिरी पर समर्थक विधायकों की बैठक बुलाई। बैठक के बाद अजीत पवार अपने समर्थक विधायकों सहित राजभवन पहुंचे और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफा दिया। इसके बाद अजीत पवार ने राज्यपाल को अपने 36 समर्थक विधायकों की सूची राज्यपाल को सौंपी। इसके बाद राजभवन में स्थित सादे समारोह में राज्यपाल रमेश बैस ने राकांपा के 9 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। अजीत पवार ने पिछले साढ़े तीन साल में तीसरी बार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है।



# जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट एक दर्जन लोग घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के पिपराटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत केल्हवा गांव में शनिवार की सुबह करीब 9:00 बजे जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्षों से एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने पहुंचे एक पक्ष के गंभीर रूप से घायल अजीमुद्दीन मियां, लुकमान अंसारी, इरशाद अंसारी, अजीम मियां, मोईज अंसारी एवं मुजस्सिम अंसारी का प्राथमिक इलाज किया गया एवं 4 लोगों को बेहतर इलाज हेतु रेफर किया गया। मौके पर मौजूद गंभीर रूप से घायल अजीमुद्दीन मियां ने बताया कि वे लोग केल्हवा गांव स्थित अपने खेत में कार्य कर रहे थे। इसी बीच इश्तियाक अंसारी के पक्ष के लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे वे सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जमीन का कागजात उनके पास मौजूद है। साथ ही उक्त जमीन पर वे वर्षों से खेती-बाड़ी करते आ रहे है। उस जमीन का वे लोग लगान भी भरते आ रहे हैं। बावजूद दूसरे पक्ष के इस्तियाक अंसारी एवं उनके समर्थकों के द्वारा जबरन जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर मारपीट की जा रही है। हालांकि इस घटनाक्रम में दूसरे पक्ष के भी करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं । जिनका प्राथमिक इलाज पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया व कुछ लोगों को रेफर भी किया गया है। घटना के संबंध में पिपराटांड़ थाना प्रभारी हीरालाल शाह ने बताया कि केल्हवा गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है। जमीन का पुराना विवाद है व दोनों पक्षों के लोगों के द्वारा जमीन पर दावा पेश किया जा रहा है। शनिवार की सुबह खेत जोतने को लेकर दोनों ओर से मारपीट हुई। जिसमें कई लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के उपरांत दोनों पक्षों पर मामला दर्ज करते हुए कार्यवाई की जाएगी।

## झारखंड पत्रकार संगठन की बैठक में पत्रकार के निधन पर शोक व्यक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड पत्रकार संगठन की बैठक स्थानीय पांकी रोड स्थित चरकी भट्ठा के निकट कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष अश्विनी घई  ने किया ।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय अध्यक्ष अवधेश शुक्ला उपस्थित थे। बैठक में सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य अपना अपना विचार व्यक्त किया बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन  प्रखंड स्तर पर कमेटी का गठन करेगा। बैठक में मनातू में संगठन की बैठक जल्द कराने की मांग सदस्यों ने किया। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार पूरन चंद्र के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने कहा कि आज के समय में पत्रकारों को एकजुट होना आवश्यक है। बैठक में नीलकमल शुक्ला, शैलेंद्र तिवारी, रघुवीर पांडे, योगेंद्र कुमार मिश्रा, उपेंद्र कुमार, दीपक कुमार दुबे, आलोक कुमार सिंह, अनिल कुमार, सुधीर कुमार यादव, विकास कुमार, चंदन लाल मंडल, रामनिवास तिवारी, चंद्र देव प्रजापति, पिंटू कुमार सिंह, अमित कुमार शर्मा, विनोद सिंह, कमलेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भाजपा का 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम का आयोजन



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत 30 दिवसीय महा जनसंपर्क अभियान की समीक्षा बैठक रविवार को जिला के पदाधिकारियों के साथ मेदिनीनगर शहर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष 30 दिनों तक चलने वाले अलग-अलग कार्यक्रमों की रूपरेखा से अवगत हुए।इस दौरान उन्होंने कई आवश्यक सुझाव दिए। भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने कहा कि भाजपा संगठन में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है और इन्हीं द्वारा किए गए कार्यों के बदौलत आज देश में नरेंद्र मोदी की सरकार है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के सफलता 9 वर्ष पूरा होने के अवसर पर चलने वाले इस महा जनसंपर्क अभियान में सभी ने अपनी जिम्मेदारी एवं दायित्वों का निर्वहन किया।

## मृतक परिजनों को मुखिया प्रमोद ने की सहयोग



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम-पंचायत केतार निवासी जोखन चौधरी के माता के निधन पर स्थानी मुखिया प्रमोद कुमार ने भोज व श्राद्ध कर्म करने को लेकर आवश्यक सामग्री सहयोग किया। इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि स्वश जोखन चौधरी का मृत्यु पूर्व में हो चुका है घर मे विधवा महिला का कोई सहारा नही है इसको देखते हुए, चावल, आटा, रिफाइन तेल, चीनी सहित अन्य भोज की सामग्री उपलब्ध कराई है। ताकि स्वश जोखन कि परिजनों का आर्थिक सहयोग हो सके साथ ही उन्होंने यह भी कहा हमारे पंचायत क्षेत्र में निवास करने वाले असहाय गरीबों का मदद इसी प्रकार समय-समय पर किया जा रहा है।

## मेदिनीनगर से डेढ़ सौ कांवरिया बाबा धाम के लिए हुए रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर के पुलिस लाइन रोड स्थित माता हीरामणि सेवा संस्था के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल के घर से माता हीरामणि सेवा संस्था के 150 सदस्यों को देवघर बाबा धाम के लिए रवाना किया गया। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व विधानसभा स्पीकर इंद्र सिंह नामधारी, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, एसडीएम राजेश साह, एसडीपीओं सुरजीत कुमार, माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव, समाज सेवी अनिल साहू, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य बबलू गुप्ता, कांग्रेस युवा नेता रुद्र शुक्ला, अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, पूर्व सांसद बृज मोहन राम, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह समेत कई लोगो ने हरी झंडी दिखाकर शिविर के सदस्यो को किया रवाना । आपको बता दे कि वर्ष 1998 से माता हीरामणि सेवा संस्था के द्वारा देवघर बाबा धाम में कांवरियों को निशुल्क सेवा की जाती है कोरोना काल मे सिर्फ दो साल सेवा बंद थी लेकिन कोरोना काल समाप्त होने के बाद पुनः सेवा को शुरू कर दी गई । माता हीरामणि सेवा संस्था के द्वारा सेवा भाव से कांवरियों की सेवा को जाती है और पूरे सावन महीने सेवा की जाती है। वही माता हीरामणि सेवा संस्था के द्वारा कांवरियों को निःशुल्क भोजन, कपड़े, दवा समेत हर जरूरत की वस्तुओ को उपलब्ध कराई जाती है। वही महिलाओं और पुरुषों को रहने के लिए अलग से ब्यवस्था की जाती है। माता हीरामणि सेवा संस्था के द्वारा लगभग 300 सदस्य दिन रात कांवरियों की सेवा में लगे रहते है साथ ही माता हीरामणि सेवा संस्था के द्वारा बड़े बड़े कलाकरों के द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का भी आयोजन कराया जाता है।

# गुरु पूर्णिमा को लेकर गायत्री शक्तिपीठ में 12 घंटे का अखंड जाप संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय स्थितनगर गायत्री शक्तिपीठ परिसर में अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से सोमवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एक दिन पूर्व रविवार को 12 घंटे का गायत्री महामंत्र से विश्व कल्याण के निर्मित अखंड जप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गायत्री परिवार के बड़ी संख्या में महिलाएं- पुरुषों ने भाग लिया। इसकी जानकारी देते हुए गायत्री परिवार के प्रखंड समन्वयक अजीत कुमार चौबे ने बताया कि सोमवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सुबह से विधिवत हवन, पूजन, यज्ञ एवं गुरु के प्रति समर्पण का भाव रखते हुए गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। महायज्ञ के दौरान पहुंचने वाले गायत्री परिजनों को कई पालियों में बैठा कर यज्ञ कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि हवन यज्ञ के बाद दोपहर में इसकी पूर्णाहुति किया जाएगा। तत्पश्चात प्रसाद वितरण कर महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की है कि वह कार्यक्रम में सहभागी बन कर प्रसाद ग्रहण अवश्य करें। मौके पर राम प्रसाद कमलापुरी, जोखू प्रसाद, ललसू राम, अनिल लाल अग्रवाल, रवि प्रकाश, राजेश जायसवाल, शुभम जायसवाल, सुरेश विश्वकर्मा, अखौरी प्रसाद ज्योति, उपेंद्र मेहता, डॉ सतीश कुमार, शुभम कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर समिति का हुआ पुनर्गठन अध्यक्ष बने रामविचार साहू

**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के केतरी में स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में रविवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का पुर्नगठन किया गया। इस दौरान समिति के सभी सदस्यों ने उक्त विद्यालय के शिक्षा एवं विद्यालय विकास हेतु विगत दो वर्ष का लेखा जोखा के साथ सामूहिक चर्चाएं की गई। मौके पर बिद्या भारती मेदिनीनगर प्रमंडल निरीक्षक नीरज लाल ने दो वर्षीय समिति के द्वारा विद्यालय में हुई विकास की सराहना की। मेदिनीनगर प्रमंडल निरीक्षक नीरज लाल ने पुराने समिति के उपस्थिति में दो वर्षीय विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से  पुनः रामविचार साहू को अध्यक्ष, बिनोद प्रसाद को उपाध्यक्ष, प्रमोद मेहता को सचिव, अक्षयवट वैद्य को उपसचिव, गोपाल विश्वकर्मा को कोषाध्यक्ष, ब्रजेंद्र कुमार सिंह व नंदकुमार प्रजापति को संरक्षक, महेंद्र विश्वकर्मा, गीता देवी, जयमाल प्रसाद, निरंजन प्रसाद, विजय गुप्ता, राकेश सिंह, कुमार सूर्या को सदस्य बनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार गुप्ता, धनन्जय विश्वकर्मा, अरविंद प्रताप सैंगर सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## समाजसेवियों ने सैकड़ों बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्रियों का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत झरगड़ा पंचायत के पासवान टोला में सैकड़ों बच्चों के बीच हुसैनाबाद के युवा समाजसेवियों ने कॉपी, रबर, कटर, पेंसिल समेत अन्य पठन-पाठन सामग्रियों का वितरण किया। मौके पर साइंस वाले सूरज सिंह, युवा समाजसेवी अनुराग कुमार उर्फ राहुल बाबू, रौशन पासवान एवं ओमप्रकाश मिश्र ने संयुक्त रूप से बताया कि हमलोग समाज में सकारात्मक पहल जगाने के उद्देश्य से यह कार्य कर रहे हैं, क्योंकि पढ़ेगा हुसैनाबाद, तभी बढ़ेगा हुसैनाबाद। आगे उन्होंने कहा कि हमसे जितना बन पड़ेगा, हमलोग आगे भी इसी तरह से बढ़-चढ़कर सामाजिक कार्य करेंगे। इस मौके पर उमेश पासवान, लालजी पासवान, विशुन पासवान, रोहित पासवान, विकेश पासवान, सुरेंद्र पासवान, अखिलेश पासवान, अजीत पासवान, अंकित कुमार आदि ग्रामीणों ने इनके कार्यों की खूब सराहना की। इस मौके पर सैकड़ों ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

## विश्व हिंदू परिषद की समिति गठित की जाएगी : विकास कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला मुख्यालय मेदनीनगर के वार्ड नंबर 23 स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर ( नवकेतन के सामने )रविवार को विश्व हिंदू परिषद - बजरंग दल की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला मंत्री दामोदर मिश्र और संचालन बलोपासना प्रमुख विकास कश्यप ने किया। बैठक के दौरान वार्ड नंबर 23 में विश्व हिंदू परिषद - बजरंग दल के समिति का पुनर्गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से श्री मुन्ना चंद्रवंशी को विश्व हिंदू परिषद के वार्ड नंबर 23 के मंत्री और श्री आकाश कुमार को बजरंग दल के संयोजक मनोनीत किया गया। श्री मिथुन कुमार और श्री पंकज चंद्रवंशी को बजरंग दल के सह संयोजक, श्री प्रिंस कुमार को बलोपासना प्रमुख, श्री बिट्टू कुमार उर्फ निशांत को सत्संग प्रमुख, और श्री सुजीत कुमार को गौ रक्षा प्रमुख मनोनित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना और इसके उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए बताया कि परिषद की स्थापना 1964 में की गई थी, अगले साल परिषद अपना 60 वर्ष पूरा करने जा रही है। कई संघर्ष, आंदोलन और झंझावतों से गुजरते हुए परिषद ने कई उपलब्धियां भी प्राप्त की है। राष्ट्र मंदिर के रूप में राम मंदिर निर्माण जारी है, राम सेतु की रक्षा की गई, धारा 370 हटाई जा चुकी है, और यूनिफॉर्म सिविल कोड पर चर्चा चल रहा है। अगले वर्ष तक विश्व हिंदू परिषद जिला के शत-प्रतिशत पंचायत और शहरी वार्ड में अपनी समिति गठन करने के उद्देश्य लेकर काम कर रही है, और साथ ही साथ ज्यादा से ज्यादा गांवों तक समिति गठन करने की भी योजना बनाई गई है।धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता ने अनुरोध किया की जहां भी समिति गठित है, वहां-वहां साप्ताहिक बलोपासना केंद्र, सत्संग केंद्र और बाल संस्कार केंद्र अनिवार्य रूप से स्थापित किए जाएं। आज के बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री दामोदर मिश्र, जिला बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, जिला बलोपासना प्रमुख विकास कुमार कश्यप, निखिल कुमार प्रिंस कुमार, पंकज कुमार, निशांत कुमार, छोटू कुमार, मिथुन कुमार, आकाश कुमार, कृष्णा कांत, कमलेश्वर कुमार, सुजीत कुमार और अमित कुमार इत्यादि की सहभागिता रही।

## कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने किया सदर प्रखंड क्षेत्र के चियांकी गांव का दौरा



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के चियांकी गांव में ग्रामीणों के अनुरोध पर उनको साथ लेकर जोरही  बांध और धांगरगढ़वा स्थल का निरीक्षण किया जहां ग्रामीणों के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पाया कि प्लॉट नंबर 1196 शिव रतन सिंह के नाम से 1951-52 के समय सरकार के द्वारा रैयतों को बंदोबस्त किया गया था उसके बाद मालगुजारी रसीद कट्टा और उसी के आधार पर शिव रतन सिंह के बंसज उस जमीन को जोतकोड़ कर खेती कर रहे थे लेकिन आज वर्तमान समय में उक्त भूमि को  उमेश उरांव ने कल्याण विभाग सरकारी निधि का दुरुपयोग करते हुए चारदीवारी कर जमीन को कैद कर दिया। डैम का पानी का निकासी मार्ग को भी बंद कर दिया गया। जिससे उमेश उरांव के वंशज आदिवासियों के राज में भी अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर पा रहे हैं।  आज भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जांच टीम जिसमें जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी के अलावा नगर सचिव सुरेश ठाकुर नौजवान संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, आलोक कुमार तिवारी ने स्थल का निरीक्षण भी किया और जांच करके पाया कि पूर्ण रूप से यह भ्रष्टाचार एव चेरो समुदाय का जमीन हड़पने का मामला है । गरीबों के जोतकोड़ की भूमि को चारदीवारी कर दिया जो एक गंभीर मामला है। पलामू उपायुक्त इस कल्याण विभाग के द्वारा किया गया कार्य योजना का जांच करें और रैयतो का किया गया अतिक्रमण जमीन को मुक्त कराएं। अस्थल जांच में लखन सिंह सूरजमल सिंह सत्यनारायण सिंह मुसाफिर सिंह सुरेश सिंह जानू सिंह उपेंद्र सिंह उमेश सिंह, बबलू तिवारी,भरत सिंह सहित कई लोग थे।

# पेयजल की समस्या से जूझ रहा है महुदंड गांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डंडई, गढ़वा :** प्रखंड क्षेत्र के तसरार पंचायत के महुदंड गांव का एक स्कूल टोला है। जहां पेयजल समस्या विकराल रूप से धारण कर चुकी है। भीषण गर्मी की तो बात छोड़िए बरसात के दिनों में वहां के ग्रामीण पानी की तलाश में भटकते दिख रहे हैं। यहां दूर-दूर तक पानी की कोई व्यवस्था नहीं दिखाई दे रही है। गांव में स्थित 10 चापाकल से अधिक है लेकिन किसी भी चापाकाल में एक बूंद भी पानी नही है। जो कि बिल्कुल हाथी के दांत साबित हो रहा है। और वहां के लोग कई किलोमीटर दूर से पानी लाने पर मजबूर हैं। पेयजल के लिए गांव के उस टोला के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। जो कि उस टोला में 20 घर है जिसका जनसंख्या 150 है। उस टोला में एक जल मीनार लगाया गया था लेकिन पानी के वजह से कई वर्षों से बेकार पड़ा हुआ है। उस टोला से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर एक चापाकल के सहारे महिलाओं और बच्चों को आधी रात से ही लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। गादोला पेयजल की भारी समस्या को देखते हुए ग्रामीणों के बीच क्षेत्रीय विधायक और पंचायत के मुखिया के प्रति काफी आक्रोश है। क्या कहना है ग्रामीणों का ग्रामीण कवलपतिया देवी, अंजू देवी, मंसूर अंसारी, मुख्तार अंसारी, जाहिद अंसारी, अजमेरून खातून, सबाना बीबी, कसीदा बीबी सबीला बीबी, महमूद अंसारी, जुमरती अंसारी, आदि ने बताया कि इस टोले में 20 घरों पर करीब डेढ़ सौ आबादी निवास करते हैं। यह गांव आदिवासी बहुमूल्य गांव है गांव के क्षेत्रीय विधायक का स्थानीय मुखिया और प्रखंड प्रशासन की अनदेखी व अपेक्षा कि दंश झेल रही है. इस गांव में लगे कई सरकारी चापाकल है जो की एक बूंद भी पानी नहीं है। ग्रामीणों ने कहा कि मुखिया क्षेत्रीय विधायक व प्रखंड प्रशासन से एक डीप बोर के लिए गुहार लगाये लेकिन किसी ने भी इस टोले में पेयजल की समस्या को दूर करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। टोला से कई किलोमीटर दूरी पर एकमात्र चापाकल के सहारे पूरे हमलोग टोला के लोग 4:00 बजे भोर सही लाइन में लगे रहते हैं। तब जाकर पानी मिल पाती है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध आक्रोश जताते हुए कहा कि चुनाव के समय गांव में पानी की समस्या को दूर करने के लिए कसमें खाते हैं,वादे करते हैं,और चुनाव जीतते ही वही लोग इस गांव से किनारा कर कर लेते हैं। ग्रामीणों के अनुसार पशुओं के पानी पीने के लिए भी जद्दोजहद करना पड़ रहा है। वहीं टोला कई कई किलोमीटर दूर नरेश सिंह नामक स्थान से साइकिल प्रोग्राम माथे पर पानी ढोकर पशुओं को पिलाते हैं। वही ग्रामीणों ने कहा है कि अगर हम लोगों को पानी की व्यवस्था नहीं किया गया तो हम लोग ब्लॉक से लेकर जिला तक धरना पर भी बैठेंगे।

## गांव हमारा जंगल हमारा नारे के साथ सरकारी भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए एकजुट हो : केडी सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जन जंगल जमीन की हिफाजत और सरकारी भ्रष्टाचार के खिलाफ रामगढ़ प्रखंड के समक्ष अखिल भारतीय किसान सभा रामगढ़ अंचल कमेटी के द्वारा धरना का आयोजन किया गया है। इस धरना को सफलता के लिए गांव हमारा जंगल हमारा नारा के साथ किसान सभा के प्रांतीय अध्यक्ष केडी सिंह एवं इप्टा के रंगकर्मी प्रेम प्रकाश ने गांव का भ्रमण किया एवं नुक्कड़ सभा का आयोजन कर पर्चा का वितरण किया गया।ग्राम भ्रमण के दौरान अखिल भारतीय किसान सभा ने सरहुआ, पिपराही, नावाडीह सहित अन्य गांव में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा के दौरान केडी सिंह ने कहा कि एकीकृत पलामू में कुल भूमिका 84त्न भूमि पर जंगल था। लेकिन अफसरों और माफियाओं के द्वारा अंधाधुंध कटाई के कारण 12 से 13 प्रतिशत भूमि पर जंगल बचा है। इस कारण से वन्य जीव भोजन और पानी की तलाश में गांव में घुस जा रहे हैं। खेती तो बर्बाद हो ही रही है साथ ही जंगल के जानवर मारे जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में जंगल की हिफाजत गांव ही कर सकता है। ब्लॉक में भ्रष्टाचार का आलम यह है कि गरीब, आदिवासी और दलितों की जमीन लूटी जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में धरना का आयोजन 4 जुलाई 2023 को रामगढ़ प्रखंड पर किया गया है। सभाओं को सफल बनाने में भाकपा के रामजन्म राम, सुषमा देवी, गफ्फार मीणा, कमोदा देवी एवं झारखंड मजदूर किसान यूनियन के लुकस कोरवा सक्रिय थे।

### संक्षिप्त खबरें

### रांची में बाल श्रम से एक बच्ची को कराया गया मुक्त

**रांची** : रांची जिला प्रशासन की ओर से रविवार को एक बच्ची को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। बाल मजदूरी की सूचना के मद्देनजर रांची जिला प्रशासन की ओर से नामकुम स्टेशन स्थित सुमन भोजनालय से सात साल की एक बच्ची को बाल श्रम से मुक्त कराया गया है। विभागीय अधिकारियों की ओर से जांच करने पर पाया गया कि दुकानदार ने पीड़ित बच्ची से होटल में काम करवाया जाता था। बच्ची के रेस्क्यू के बाद उसे प्रेमाश्रय बालिका गृह में अवासित किया गया है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने दुकानदार के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिया हैं । इसके साथ ही बालिका को विद्यालय से जोडने एवं योजनाओं से लिंक करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं ।

### गंगा आरती के तर्ज पर महादेव की दिव्य आरती आज

**रांची।** झारखंड का प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर में पवित्र मास श्रावण के आगमन एवं गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर रांची स्थित पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर 3 जुलाई दिन सोमवार को संध्या 6ः00 बजे से वाराणसी की तरह गंगा आरती के तर्ज पर महादेव की दिव्य आरती गंगायात्री श्री पीयूष पाठक जी के द्वारा किया जायेगा।सभी को ज्ञात हो कि गंगायात्री पीयूष पाठक विगत कई महीनों से नदियों तालाबों की स्वच्छता , निर्मलता एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु हर तालाब और नदियों को आपने पूरी टीम के साथ साफ़ सफ़ाई कर बनारस के तर्ज पर गंगा आरती करते आ रहे हैं । पीयूष का कहना है कि समाज के जो भी माता एवं बहनों ,बंधुओं वाराणसी जाकर आरती नहीं देख पाते हैं वे इस दिव्य आरती का दर्शन कर लाभ ले सकते हैं।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने संगठन सशक्तिकरण अभियान की समीक्षा की

**राजेश ठाकुर ने कहा कि बेरोजगारी, महंगाई, लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश, देश में बढ़ती नफरत का वातावरण को हम तभी खत्म कर सकते हैं जब हम बूथ स्तर के एक-एक व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने रविवार को संगठन सशक्तिकरण अभियान की समीक्षा की। साथ ही वर्चुअल बैठक में प्रखंड, पंचायत एवं बूथ स्तर तक की गठित कमेटी की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी महासचिव प्रभारियों और जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया कि अविलंब प्रखंड अध्यक्षों और विधानसभा प्रभारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पंचायत एवं बूथ स्तर तक की कमेटी का सत्यापन करें। क्योंकि, पंचायत और बूथ कमेटी के जरिए हम आने वाले लोकसभा के चुनावों में मजबूती के साथ चुनाव लड़ने का काम कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, महंगाई, लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश, देश में बढ़ती नफरत का वातावरण को हम तभी खत्म कर सकते हैं जब हम बूथ स्तर के एक-एक व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर सहित सभी जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारी उपस्थित थे।

# रांची : दो दिवसीय कंट्री क्रिकेट क्लब स्विमिंग चैम्पियनशिप संपन्न

**सुनील कालरा और कोर्डिनेटर सुरेश कुमार ने ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दो दिवसीय कंट्री क्रिकेट क्लब स्विमिंग चैम्पियनशिप रविवार को सम्पन्न हो गया। चैम्पियनशिप के विजेता खिलाड़ियों को कंट्री क्रिकेट क्लब की कोषाध्यक्ष सीमा सिंह, सीईओ सुनील कुमार सिंह, जेएससीए के आजीवन सदस्य सुनील कुमार आइएएस,सी सी सी कमिटी के सदस्य सुनील कालरा और कोर्डिनेटर सुरेश कुमार ने ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया।इस चैम्पियनशिप के सफल आयोजन में कंट्री क्रिकेट क्लब स्पोर्ट्स सेल के चेयरमैन जय कुमार सिन्हा, सदस्य सुशील कुमार का अहम योगदान रहा। तकनीकी पदाधिकारी के रूप मे संजेश मोहन ठाकुर, कर्मवीर उरांव और सुशीला कुजूर उपस्थित थे।

### विजेता खिलाड़ियों का नाम इस प्रकार है :

5 वर्ष से कम लड़के
आयुष कुमार - फर्स्ट
बीयान कुमार - सेकेंड
रीयांश - थर्ड
5 वर्ष से 9 वर्ष लड़के
लक्ष्य तिवारी - फर्स्ट
रुद्र आदित्य - सेकेंड
समर्थ ऐलेक्स - थर्ड
5 वर्ष से 9 वर्ष लड़के
लक्ष्य तिवारी - फर्स्ट
रुद्र आदित्य - सेकेंड
समर्थ ऐलेक्स - थर्ड
5 वर्ष से 9 वर्ष लड़कियां 15 मी. फ्री स्टाइल
दीचेन तमग - फर्स्ट
अनुष्का सुशील - सेकेंड
शुभिका शर्मा - थर्ड
10 वर्ष से 15 वर्ष लड़के 25 मी. फ्री स्टाइल
शौर्य दीप तिवारी - फर्स्ट
आर्य दीप तिवारी - सेकेंड
श्रेयश वर्धन - थर्ड
10 वर्ष से 15 वर्ष लड़कियां 25 मी. फ्री स्टाइल
अभिप्शा हाजरा - फर्स्ट
दक्षा तायल - सेकेंड
अंशिका शर्मा - थर्ड
15 वर्ष से 25 वर्ष लड़के 25 मी. फ्री स्टाइल
कुशाग्र - फर्स्ट
रतनम - सेकेंड
आर्यमान - थर्ड
25 से 35 वर्ष पुरूष 25 मी. फ्री स्टाइल
कृष्णा - फर्स्ट
कमखाया सिद्धार्थ - सेकेंड
राजेश वर्मा - थर्ड
45 वर्ष से उपर पुरूष 25 मी. फ्री स्टाइल
राम कुमार प्रसाद - फर्स्ट
अर्चित आनंद - सेकेंड
पंकज तायल - थर्ड
25 से 35 वर्ष महिला 25 मी. फ्री स्टाइल
सकृति - फर्स्ट
रोम्या - सेकेंड
अनिता कुमारी - थर्ड

## शिक्षकों की हाजरी बनाने में ई विद्यावाहिनी पोर्टल में कई त्रुटियां : संघ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि बायोमैट्रिक अटेंडेंस प्रारंभिक शिक्षकों के लिए जी का जंजाल बन गया है ई विद्यावाहिनी पोर्टल । इसमें कई तरह की खामियां है। प्रदेश के प्राथमिक और मध्य विद्यालय के शिक्षकों के लिए ई विद्यावाहिनी पोटल पर हाजिरी बनाना काफी कठिन हो गया है।
इस परेशानी से राज्य के शिक्षक पशोपेश में है। ऑनलाइन हाजरी नहीं बनने के कारण शिक्षक परेशान है ई विद्यावाहिनी के नए अपडेट वर्जन 2.2.6 विभाग की ओर से उपलब्ध कराए गए हैं , परंतु टैब में सपोर्ट नहीं कर रहा है। इस कारण से टैब में ऐप ओपन नही हो रहा है। शिक्षा विभाग मौन धारण किए हुए है।उपस्थिति में से मैनुअल के विकल्प को समाप्त कर दिया गया और जियो फेंसिंग का दायरा कम कर दिया गया।परन्तु यह आजतक त्रुटियों को सुधार नही सका
अभी स्थिती यह है कि त्रुटियों के कारण सुबह शिक्षक विद्यालय आकर अपना काम शुरू करने के बजाय घण्टो उपस्थिति मार्क करने में उलझे रहते हैं जो छात्र हित के प्रतिकूल है
साथ ही अधिकतर विद्यालय में टैब की स्थिति खराब है। इसलिए बार बार स्कैनर को सभी बारी बारी से अपने मोबाइल में लगाकर उपस्थिति दर्ज करने का प्रयास करते हैं।इस कारण सभी का मोबाइल चार्जिंग पॉइंट भी क्षतिग्रस्त हो रहा है।

# विधायक दीपिका पांडेय को दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** महागमा विधायका एवम झारखंड एकेडमिक कार्उंसिल की सदस्य दीपिका पांडे सिंह से रांची एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अमन अहमद एवम रांची विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व उपाध्यक्ष मो.हुसैन अंसारी ने मुलाकात किया और छात्रहित, शिक्षकहित, एवम कर्मचारीहित में झारखंड सरकार के माननीय यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जो फैसला लिया है पूर्व से चलते आ रहे 62 अंगीभूत कॉलेज में जो नामांकन की प्रक्रिया चलती आ रही थी, उसमे एक सोची समझी साजिश के तहत राजभवन से नई शिक्षा नीति का हवाला देते हुए 62 महाविद्यालय में इंटर की पढ़ाई बंद करवा दिया गया था, उसको झारखंड सरकार ने छात्रहित एवम राज्यहित में जो फैसला लिया है, उससे छात्र छात्राओं का भविष्य बर्बाद होने से बचा एवम एक नए अवसर अपने भविष्य को संवारने का मौका मिला। इसके झारखंड सरकार के सभी मंत्रीगण, विधायकगण एवम झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवम सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए पुष्पगुच्छ देकर महागामा विधायिका का आभार व्यक्त किया ।

## ईडी पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप से जेल में तीन को करेगी पूछताछ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) तीन जुलाई को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप से पूछताछ करेगी। सूत्रों ने बताया कि ईडी दिनेश गोप से रुपयों के लेनदेन से लेकर नेताओं और पुलिसवालों के उसकी साठगांठ को लेकर पूछताछ करेगी। इसके अलावा लेवी के जरिये वसूले गए पैसे को शेल कंपनियों के निवेश करने के बारे में भी पूछताछ करेगी। उल्लेखनीय है कि पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप को एनआइए ने 21 मई को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसे ट्रांजिट रिमांड पर विमान से रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट लाया था।

# जमीन दिलाने के नाम पर आठ लाख की ठगी, एफआईआर दर्ज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जमीन के नाम पर आठ लाख रुपये की ठगी का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में कोकर निवासी स्नेहलता ,पति नीरज कुमार सिंह ने सदर थाने में पूर्णेन्दु प्रमाणिक और अब्दुल हलीम पर जमीन दिलाने के नाम पर आठ लाख रुपये ठगी करने का मामला दर्ज कराया है।दर्ज प्राथमिकी के अनुसार जमीन खरीदने के लिए स्नेहलता और उनके पति नीरज एक परिचित पूर्णेन्दु प्रमाणिक से बात की। पूर्णेन्दु प्रमाणिक जमीन खरीद बिक्री करने वाले एक व्यक्ति अब्दुल हलीम से हमारा परिचय करवाया। अब्दुल हलीम ने जमीन बिक्री करने के लिए एकरनामा किया। इसी क्रम में अब्दुल हलीम ने एक बार पांच लाख और दूसरे बार तीन लाख रुपये लिया। जमीन नहीं देने पर पैसा मांगने पर हलीम ने काफी टालमटोल किया। काफी दबाव देने पर चार लाख का चेक दिया।
लेकिन चेक बाउंस कर गया। इस संबंध में थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच के बाद ही मामले का खुलासा हो पायेगा।

# मुख्यमंत्री ने पत्रकार पूरन चंद्र के निधन पर शोक जताया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वरिष्ठ पत्रकार पूरन चंद्र के निधन पर गहरा शोक जताया है । मुख्यमंत्री ने रविवार को कहा कि वे अपने लंबे पत्रकारिता जीवन में सामाजिक सरोकारों से भी सदैव जुड़े रहे। उनके निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में जगह दे और परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद ने भी पूरन चंद्र के निधन पर गहरी संवेदना जताई और कहा - उनके निधन से पत्रकारिता जगत में जो खालीपन आया है, उसकी भरपाई नहीं हो सकती है। उल्लेखनीय है कि पूरन चंद्र (66) का शनिवार रात हरमू स्थित आवास पर निधन हो गया। वे विगत एक माह से बीमार चल रहे थे। उन्होंने रांची एक्सप्रेस हिन्दी दैनिक समाचार पत्र से पत्रकारिता संवाददाता के पद से शुरुआत की और मुख्य संवाददाता और फिर कुछ वर्षों तक संपादक पद पर कार्य किया। अंत तक वे रांची एक्सप्रेस से जुड़े रहे। उनके निधन की सूचना मिलते ही पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी।

## दीपक प्रकाश ने भाजपा युवा मोर्चा के सम्मेलन में मोदी को प्रधानमंत्री बनाने और हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड की युवा शक्ति हेमंत सरकार में सबसे ज्यादा शोषित और पीड़ित है। उन्होंने युवाओं से 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनाने के साथ ही हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। वे खूंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड के सिंदरी में भाजपा युवा मोर्चे के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रकाश ने कहा यह धरती युवाओं के प्रेरणा स्रोत भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती है। जहां से भगवान बिरसा मुंडा ने अपनी युवा अवस्था में अन्याय, अत्याचार और शोषण के खिलाफ उलगुलान का बिगुल फूंका था और अपनी शहादत भी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं के सपनों को चकनाचूर कर दिया। उड़ान के पंख को तोड़ दिए। प्रतिवर्ष पांच लाख लोगों को नौकरी, नहीं तो बेरोजगारी भत्ता सब मुंगेरी लाल के हसीन सपने हो गए। भाजपा सरकार के कार्यों को ही यह सरकार अपनी उपलब्धि बता रही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार लोगों के कल्याण में जुटी है और हेमंत सरकार झारखंड के खान खनिज, जमीन- जंगल को लूटने में लगी है।

### पहाड़ी मंदिर में अरघा सिस्टम से होगा जलाभिषेक

**रांची** : पहाड़ी मंदिर में इस वर्ष भी श्रद्धालु शिवलिंग पर अरघा सिस्टम से जल अर्पित करेंगे। भक्तों की भीड़ को नियंत्रित करने और उनकी सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग लगाने की तैयारी है। जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंधन वॉलिंटियर्स की तैनाती भी करेगा। इसके अलावा सीसीटीवी से भी पूरे मंदिर परिसर में पैनी नजर रखी जाएगी। रांची के पहाड़ी मंदिर प्रबंधन श्रावणी मेले की तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। चार जुलाई से सावन माह शुरू हो जा रहा है। इस दौरान पहाड़ी मंदिर में भक्तों की भीड़ जुटेगी।

# बाइक से ठोकर मारने के बाद तुल पकड़ा मामला, हरमू बाजार किया बंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू बाजार में बीते शनिवार रात को दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई और मामला तूल पकड़ लिया, लेकिन पुलिस ने मामले को शांत करा लिया और मामला दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है बाइक से धक्का लगने पर दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई थी। दरअसल एक बाइक सवार ने बाजार में खड़े दो लोगों को टक्कर मार दी, टक्कर के बाद स्टूडियो के संचालक आशीष ने स्कूटी सवार युवक को बाइक की मरम्मत कराने या फिर हर्जाना देने को कहा, जिसके बाद बाइक सवार युवक ने कहा कि वह अपने घर से पैसे लेकर आ रहा है, लेकिन थोड़े ही देर बाद वह युवक दस पंद्रह युवकों को अपने साथ लेकर आ गया। आशीष के साथ मारपीट करने लगा। आशीष के साथ मारपीट होता देख हरमू बाजार समिति के अध्यक्ष बलराम ओझा समेत कुछ लोग जाकर झगड़ा छुड़ाने की कोशिश करने लगे, तो उनके साथ भी मारपीट कर दी गई। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस को देखते ही उपद्रवी वहां से फरार हो गए। पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई। बात अब हरमू बाजार में लगने वाले मटन और चिकन की दुकान तक जा पहुंची है सभी के सीसीटीवी फुटेज मेंपहचान की जा रही है, इसके बाद पुलिस की टीम आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर शुरू करेगी। सिटी एसपी के मुताबिक एहतियातन फिलहाल हरमू बाजार में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। मारपीट के मामले में जो भी दोषी हैं, उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सोशल मीडिया और दूसरे प्लेटफार्म पर जो लोग अफवाह फैला रहे हैं, उन पर विशेष नजर रखी जा रही है, उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। वहीं रविवार को मारपीट की घटना के विरोध में हरमू बाजार बंद कर दिया गया था , खबर लिखे जाने तक लोग धार्मिक स्थल के पास से मटन, चिकन की दुकान हटाने की मांग कर रहे थे। थाना प्रभारी बृज कुमार ने कहा कि मामला को शांत करा दिया गया है , दोषी पर मामला भी दर्ज किया जा रहा है, जांच के बाद जो दोषी होंगे उसकी गिरफ्तारी होगी।

### घर में सो रही महिला पर फायरिंग, बाल बाल बची



**प्रभाात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातू स्थित शिवशक्ति नगर में घर में सो रही महिला पर अपराधियों के गोली चलाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार शनिवार रात करीब 1.50 बजे घर में सो रही पिंकी सिंह नाम की महिला पर फायरिंग की गई है। हालांकि इस हमले में महिला बाल-बाल बच गई। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ज्ञानरंजन मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए। थाना प्रभारी ने बताया कि एस्बेस्टस के ऊपर से गोली चलाई गई थी। महिला को गोली नहीं लगी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

# लायंस क्लब ने गोशाला में लगाए 101 पौधे




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : वन डिस्ट्रिक्ट वन एक्टिविटी के तहत रविवार को लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने रुक्का डैम के समीप हूटूप गोशाला में मेगा ट्री प्लांटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। क्लब के सदस्यों ने गो सेवा के साथ 101 पौधे लगाकर पर्यावरण सरंक्षण का संकल्प किया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन कमल जैन के निर्देश पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान मुख्य रूप से डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी सुनील केडिया, नरेश कुमार, विजया केडिया, नीरज शाह, रतन अग्रवाल, दिवाकर राजगढ़िया, आशुतोष द्विवेदी सहित कई लोग उपस्थित थे ।

# पांच जुलाई को सभी जिलों में धूमधाम से मनेगा राजद का स्थापना दिवस

राष्ट्रीय जनता दल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राजद का 27वां स्थापना दिवस पांच जुलाई को झारखंड प्रदेश राजद कार्यालय रांची सहित राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में धूमधाम से मनाया जाएगा। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने इसका निर्देश दिया है। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ने सभी प्रदेश के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी के सदस्यों, सभी जिला अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष सहित प्रकोष्ठ अध्यक्ष को अपने-अपने जिलों में राष्ट्रीय जनता दल का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने को कहा गया है। इस दौरान केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ परिचर्चा करने और संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के विचारों पर चर्चा करने का निर्देश दिया गया है।

# जायज मांगो व प्रशासन की उदासीनता के बीच पिस रहा है आमलोगों का मनोरंजन स्थल सिदो कान्हू मुर्मू पार्क



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** पिछले दिनों देश के गौरव और संथाल परगना के शहीद सिद्धो कान्ह,चांद भैरव और फूलों झानो की शहादत पर गर्व करते हुए हमने हूल दिवस मनाया।हूल की गवाही देता मार्टिलो टावर की छांव में लहलहाता सिद्धो कान्हू मुर्मू पार्क पाकुड़, पिछले तकरीबन छह हफ्तों से बंद पड़ा है।शहीदों की याद में स्थित यह पार्क नगर परिषद के अंतर्गत आता है।समय समय पर नगर परिषद इसे लीज पर देता है।जिसमें लीजधारी इस पार्क में प्रवेश शुल्क के साथ सभी उम्र वर्गों के मनोरंजन का ख्याल रखते हुए इसका रखरखाव भी करते हैं।स्वाभाविक रूप से यह पार्क बच्चों के मनोरंजन,युवाओं के विहार स्थल,और बुजुर्गों के व्यायाम,योग आदि स्थल के रूप में जाना जाता है।पाकुड़ में चारों ओर नगरीय सभ्यता के बीच दूर तलक अगर हम नजर फेरें तो आमलोगों के मनोरंजन की कोई व्यवस्था नही है।यहां तक कि जो दो सिनेमा हाल पाकुड़ के पास थे वो भी इस डिजिटल युग में मंदी की मार झेल टूट कर बिखर गया।हॉल मालिकों की अपनी व्यक्तिगत आर्थिक विवशता के कारण सिनेमा हाल पाकुड़ से क्षीण गया।इस ऐतिहासिक बहुत पुराने होलो को कई स्तर पर हुई उदासीनता के कारण बचाया नही जा सका।पाकुड़ में लोग होली,दशहरा,ईद और बकरीद जैसे त्योहारों पर अपने पूरे परिवार के साथ अब एक मात्र सिद्धो कान्हू मुर्मू पार्क का रुख करते हैं।लेकिन छह हफ्तों से बंद पार्क के आंगन में इस बार बकरीद को भी फीका कर दिया।धार्मिक दृष्टिकोण से आमलोगों ने मजहबी मेल मिलाप और एकता के साथ यह पर्व तो मनाया लेकिन अपनी छुट्टियों का उत्सव इसबार इस पार्क में जाकर नही मना पाए।ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों परिवार बन्द के अनभिज्ञता से पार्क घूमने तो आये लेकिन लटकते तालों को देखकर वापस लौट गए।वो तो देश के एकता के आंगन में उत्सवों का एक ऐसा ताना बाना है कि लोग रथ मेला घूमकर ही संतोष कर गए लेकिन सवाल ये उठता है कि आखिर छह हफ्तों से बंद पार्क को खोलने के लिए अबतक कोई सार्थक प्रयास होता नही दिखा।इस विषय पर शासन प्रशासन और स्वयं नगर परिषद तो चिंतित है लेकिन परिणाम ढाक के तीन पात है।

**क्यों है पार्क बंद :** स्वाभाविक रूप से नाम के अनुसार और अठारह सौ पचपन के संताल विद्रोह का रणक्षेत्र रहा यह पार्क सिद्धो कान्हू मुर्मू के नाम पर है।मुर्मू परिवार के छह भाई बहनों सहित हजारों संतालों ने अंग्रेज शासन का विरोध करते हुए अपने सीने पर गोलियां खाई थीं।लेकिन अफसोस यह है कि हमारे यह गर्व के ऐतिहासिक स्थल पर स्थित शहीदों की मूर्तियों को हम सुरक्षित नही रख पाते।पार्क में स्थित सिद्धो कान्हू की मूर्तियों के साथ अराजक तत्व आये दिन छेड़छाड़ करते हैं।जिससे मूर्ति को नुकसान पहुंचता है।और फिर आदिवासी समाज इसका उग्र विरोध करता है।

हर बार सड़कें जाम होती है।जुलूस निकाला जाता है।और फिर उसके बाद मामला किसी समझौते और मूर्तियों के सुदृढ़ीकरण के साथ बात खत्म हो जाती है।लेकिन इस बार मूर्तियों की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए आदिवासी समाज ने सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य व्यवस्थाओं की मांग लेकर जोरदार विरोध करते हुए पार्क में ताला जड़ दिया है।आदिवासी नेता मार्क बास्की का कहना है कि जो लेसी पार्क में स्थित मूर्तियों की सुरक्षा नही कर सकता ऐसे लेसी हमें मंजूर नही।श्री बास्की का कहना है कि लेसी को बदलते हुए ऐसी व्यवस्था की जाए की सीसीटीवी आदि के छांव में पार्क और मूर्तियों की सुरक्षा निश्चित हो सके।उधर लेसी बताते हैं कि पार्क की सुरक्षा के लिए जो साधन सरकार एवं नगर परिषद द्वारा उन्हें उपलब्ध कराई गई है उसके दम पर वे सुरक्षा की भरसक प्रयास करते हैं।लेकिन अराजक तत्व स्वभाविक रूप से अराजकता फैला जाते हैं।ऐसे में वे विवश हो जाते हैं।बात जो भी हो शहीदों की मूर्तियों के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त के काबिल नही।लेकिन अपने गौरवशाली इतिहास से रूबरू होने के लिए पार्क का खुलना भी आमजनता के लिए जरूरी है।लेसी की विवशता और आदिवासी नेताओं की मांग दोनों किसी कीमत पर नकारा नही जा सकता।इस लिए प्रशासन को चाहिए कि कोई ऐसा रास्ता निकाले जिससे आदिवासी नेताओं की मांगे पूरी हो सके।

## विधायक शिल्पी नेहा ने किया गांव का दौरा, बीमार पद्मश्री सिमोन से की मुलाकात



**बेडो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पद्मश्री सह पड़हा राजा सिमोन उरांव से साई मंदिर रोड स्थित आवास में रविवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की मिली। बीमार पद्मश्री की पत्नी बिरजिनिया उरांव व परिजनो से उसके बीमारी व चल रही उपचार की जानकारी ली। वहीं परिवार के लोगो को विधायक ने बाबा का उपचार के लिये हरसंभव मदद करने की आश्वासन दी। कहा परिवार के लोग आप जो भी निर्णय ले आप जहाँ भी चाहेगे में वहीं उपचार कराया जायेगा। विधायक ने कहा कि सिमोन बाबा की जल जंगल के साथ-साथ सामाज के लिये किये गये कार्यो आने वाली पीढ़ी के लिये मार्ग दर्शन का काम करेगी। ऐसे महान शक्सीयत के लिये कुछ भी कर पाना मेरे लिये सौभाग्य की बात होगी। तत्पश्चात टेरो पंचायत के इडरी गांव निवासी पार्टी के कार्यकर्ता फूलमोन उरांव के आवास पहुंचकर मुलाक़ात किया व उनका हाल चाल लिया। वहीं विधायक ने गांव का भ्रमण कर सड़क हादसे के मृतक व घायलों के परिवार से मिले और ढांढस बंधाया।

## रुडसेट संस्थान में चल रहे कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वरा शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 10 दिवसीय एवं 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया । राज्ये के भिमिन प्रखंड से आय 48 प्रशिणार्थी ने सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्रात किया।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीनाथ एच जोशी महाप्रबंध, केनरा बैंक सर्कल ऑफिस रांची ,करोलुस तिरु डिविजनल मेनेजर, सलोनी प्रिया मैनेजर, विवेक कुमार, एएफ पीएस सेकसन रांची ने सीएस आर के तहत कस्तूरबा गांधी स्कूल में भी छात्राओ के लिए पानी पीने के लिए आरो प्रदान किए और रुडसेट संस्थान में प्रशिक्षणार्थियों को कृषि से संबंधित टूल किट देकर स्वयं का स्वरोजगार करने एवं दूसरों को रोजगार देने की प्रेरणा दिए । महाप्रबंधक ने संदेश देते हुए कहा आप अपना खुद का स्वरोजगार कर दूसरों को भी रोजगार देने की सलाह दिए हैं । संस्थान के निदेशक श्री संजीत कुमार ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीश चंद्र महतो, दशरथ कुमार महतो, महेश रोहिदास ,सुनील मुंडा उपस्थित रहे।

## एसपीएल मैच अल्टीमेट फिटनेस ने 16 रन से जीता




**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी हिंडाल्को मैदान में चल रहे एसपीएल प्रतियोगिता में शाम मैच यंग सिल्ली तथा अल्टीमेट फिटनेस के बीच खेला गया। जिसमे अल्टीमेट फिटनेस ने यंग सिल्ली को 16 रन हरा दिया। यंग चेलेचर सिल्ली ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया । अल्टीमेट फिटनेस ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओभर में 8 विकेट खोकर कुल 145 रन बनाया वहीं यंग सिल्ली ने जवाबी पारी खेलते हुए 11.3 ओभर में 10 विकेट खोकर कुल 129 रन ही बना बना पाई। जिससे अल्टीमेट फिटनेस 16 रन से मैच जीत लिया।आज के खेल में मैन ऑफ, मैच, बेस्ट बॉलर ,बेस्ट कैच का पुरस्कार शिशुपाल तथा मोस्ट सीक्सेस पिन्टू सिंह दिया गया। ब्रजेश प्रसाद, बंटू गुप्ता ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।इस मोके पर पवित्रा मित्रा ,समीर सिंह , संजय महतो,आत्माराम महतो, नितीश कुमार महतो, प्रणब महतो समेत काफी संख्या में खिलाड़ी एवं दर्शक मौजूद थे।

## आजसू का संगठन विस्तार को लेकर बैठक



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के संगठन विस्तार को लेकर काशी नाथ महतो जी (आजसू पार्टी के श्रमिक संघ के सचिव) के यहाँ अवश्यक बैठक किया गया। जिसके अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ नेता जितेंद्र सिंह ने किया। जिसमें जिला कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारीगण शामिल हुए ओर पार्टी के नीतियों एवं सिध्दांतो को निचले स्तर तक ले जाने एवं पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारी की नियुक्त पर चर्चा किया गया । जिसमें मुख्य रूप से जलनाथ चौधरी जिला वरीय उपाध्यक्ष, रोशन लाल मुंडा जिला प्रवक्ता, वीणा कुमारी महिला मोर्चा अध्यक्ष (नामकुम उपप्रमुख) ,पुर्व जिला परिषद् सदस्य एवं महिला नेत्री फुल कुमारीद्व जी, विनोद महतो संजय कुमार जिला मीडिया प्रभारी एवं वीणा देवी जी शामिल हुए ।

## अमर शहीद एसपी अमरजीत बलिहार की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** पाकुड़ के तत्कालीन एसपी रहे अमरजीत बलिहार का रविवार को समाहरणालय के समीप स्थित उनकी याद में बने स्मृति पार्क में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई. स्मृति पार्क में स्थित उनकी प्रतिमा पर जिले के उपायुक्त बरुन रंजन, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, मुख्यालय डीएसपी बैजनाथ प्रसाद,नगर परिषद के प्रशासक कौशलेश यादव सहित पुलिस संघ के अधिकारियों ने शहीद एसपी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी. मौके पर पुलिस लाइन के जवानों ने एसपी को शस्त्र सलामी दी.मौके पर उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा कि अमरजीत बलिहार की मौत आज के दिन ही नक्सली मुठभेड़ के दौरान हुई थी। उनकी शहादत को हमेशा याद रखा जाएगा और उनकी याद में बने यहां स्मृति पार्क को और विकसित करने का काम जिला प्रशासन करेगी.इधर एसडीपीओ अजित कुमार बिमल ने उपायुक्त पार्क को सौंदर्यीकरण करने की मांग की।एसडीपीओ ने कहा शहीद एसपी के नाम से बने स्मृति पार्क रख रखाव के अभाव में खंडहर में तब्दील हो रहा है इसे पार्क के रूप में विकसित की जाए।डीसी ने अश्वस्त किया कि जल्द ही पार्क का रूप दिया जाएगा।इधर शहीद के परिजनों ने शहीद एसपी के प्रतिमा के बगल में सभी शहीद जवानों की प्रतिमा लगाने की मांग की है।

**डीआईजी की बैठक से लौटने के क्रम में काठी कुंड में नक्सली मुठभेड़ में हुई थी हत्या :** 2 जुलाई 2013 को तत्कालीन डीआईजी दुमका प्रिया दुबे के बैठक से भाग लेकर पाकुड़ लौटने के दौरान दोपहर करीब 1=30 बजे काठीकुंड के जमुनी जंगल के पास नक्सलियों ने मेन रोड पर उनके वाहन को रोककर उन पर हमला कर दिया था.नक्सली मुठभेड़ में दोनों तरफ से फायरिंग हुई जिसमें एसपी अमरजीत बलिहार और उनके अंगरक्षक चालक सहित 7 लोग शहीद हुए थे.हालांकि पुलिस ने इस घटना में शामिल नक्सलियों को खोज निकाला और उन्हें सलाखों के पीछे भेजने में कामयाब रही

**ऐसे हुए थे हमले :** काठीकुंड से महज पांच किलोमीटर की दूरी पर जमनी व अमतल्ला गांव के बीच नक्सली गोविन्दपुर-साहेबगंज सडक़ के लिए नवनिर्मित पुलिया के समीप एसपी अमरजीत बलिहार का पूर्व से ही घात लगाकर इंतजार कर रहे थे। एसपी की स्कोर्पियो व उनके सुरक्षाकर्मी के बोलेरो गाड़ी के धीरे होते ही नक्सलियों अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। घनघोर जंगल के बीच चारों ओर से हो रही फायरिंग इतनी ताबड़तोड़ थी कि जवानों को संभलने का मौका भी नहीं मिला। जिससे एसपी समेत चार जवान मौके पर ही ढ़ेर हो गए।अमरजीत बलिहार प्रमोटेड आईपीएस थे।बलिहार का तबादला पाकुड़ के एसपी पद पर किया गया था।इससे पहले वो रांची में जैप - 2 के कमांडेंट थे।

**नक्सली मुठभेड़ के खबरीलाल के नाम का अब तक नहीं हुआ खुलासा :** 2 जुलाई 2013 को हुई नक्सली मुठभेड़ और इसमें मारे गए तत्कालीन एसपी 6 जवान की हत्या का इनफॉर्मर कौन था इसका खुलासा अब तक नहीं हो पाया है. हालांकि इस मुठभेड़ में तत्कालीन एसपी के एक अंगरक्षक जो दुमका जिले से जुड़े रहे हैं उन्हें सिर्फ पैर में गोली लगी थी और वह सुरक्षित निकल आए थे. अमरजीत बलिहार नक्सली मुठभेड़ कांड का लंबे दिनों तक जांच चली लेकिन यह अब तक सस्पेंस बना है की इस कांड का असली इनफॉर्मर कौन था.

## अटल बिहारी वाजपेयी जी ने अलग झारखंड राज्य के सपने को साकार किया : दीपक प्रकाश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड के महुआडीह में रविवार को भाजपा युवा मोर्चा के तत्वाधान में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश मौजूद थे। जिनका कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया । कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस मौके पर उन्होंने युवा सम्मेलन में आए भाजपाइयों को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के 9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की चर्चा देश में ही नहीं विदेशों में भी हो रही है। पीएम मोदी देश में ही नहीं विदेशों में भी विश्व की ताकतवर नेता के रूप में उभरे हैं। उन्होंने कहा कि जनधन, उज्जवला योजना, कोरोना में वक्त गवांए बिना वैक्सीन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण, पीएम किसान समृद्धि, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास, डिजिटल क्रांति, सर्जिकल स्ट्राइक, अनुच्छेद 370 की समाप्ति सहित कई अन्य मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धियां है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने आगे कहा कि मोदी जी ने देश के लिए जो अच्छे से अच्छा करना था वह कर दिया अब आप सबों की बारी है कि सरकार की उपलब्धियों को देखते हुए अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाएं और देश को आगे बढ़ाने में मदद करें। भाजपा युवा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य विनोद राय ने कहा कि मौजूदा सरकार जन विरोधी एवं भ्रष्टाचारी सरकार है। इस सरकार को उखाड़ फेंकें । राज्य में भाजपा की सरकार बने और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों की सेवा और वंचितों को उनका हक एवं सम्मान मिले। भाजपा युवा प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार के 9 साल राष्ट्रीय सुरक्षा राष्ट्रीय गौरव विकास एवं गरीब कल्याण के अभूतपूर्व संयोजन के रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है।

## बारिश में जलजमाव से ग्रामीण परेशान, पंचायत प्रशासन लापरवाह



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेड़ो प्रखंड क्षेत्र के करांजी पंचायत के वार्ड 6 के करांजी गांव में लगातार हो रही बारिश के कारण सामान्य जन जीवन अस्तव्यस्त हो गया है। जगह-जगह जल जमाव के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों की परेशानी और बढ़ रही है। घर के सामने सड़कों पर जल जमाव के कारण आवागमन में ग्रामीणों को काफी कठिनाई हो रही है। वही करांजी कब्रिस्तान मे भारी बारिश के कारण गमरुद्दीन अंसारी के घर से लेकर करांजी उर्दू स्कूल तक जल जमाव की स्थिति बनी हुई है जिससे विधायक फंड से निर्मित कब्रिस्तान की चारदीवारी भी गिरने के कगार पर है। कच्ची सड़क पर जल जमाव एवं कीचड़ के कारण ग्रामीणों की मुश्किलें भी बढ़ गई है । पानी भरे रहने के कारण गड्ढों व सड़कों का पता नहीं चल पाता है और फिसलकर लोग गिर जाते हैं। वही स्थानीय समाजसेवी अब्दुल मतीन अंसारी ने बताया की इस विषय पर पंचायत की मुखिया एवं पंचायत सचिव को कई बार अवगत कराया गया है लेकिन पंचायत प्रतिनिधि एवं अधिकारियों की लापरवाही के कारण आज तक इस पर कोई कार्यवाई नहीं की गई

## बिल्टी में उर्स मेले सह इसलाहे मुशाआरा का आयोजन



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बिल्टी गांव स्थित ''हजरत सैयद अब्दुल्लह बाबा'' के वर्षी के मौके पर उर्स मेले सह इसलाहे मुशाआरा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री सह झारखण्ड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की शामिल थे। दोपहर 3 बजे अंजूमन इस्लामियां द्वारा चादर पोशी कर क्षेत्र के अमन चैन व समृद्धि के लिए दुआ किया गया। वहीं जरूरत मंदों ने अपनी-अपनी मन्नत मांगी। ईस प्रोग्राम में रात्रि 9 बजे से सुबह 3 बजे तक इसलाहे मोआशरा का प्रोग्राम चला.इसलाहे मोआशरा सह उर्स में बिहार से पिरे तरीकत हजरत मौलाना सैय्याद नुमान अख्तर कलामी साहब, उड़ीसा से हजरत मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दिन सकाफी, रामगढ़ से मौलाना सिदिकुल कादरी, पलामू से नकीब जमाल अख्तर, गिरिडीह से शाएरे इसलाम जनाब शमस तबरेज शामिल थे। इसलाहे मुशाआरा में उलेमाओं ने कुरआन व रसुल स0 के बतलाए रास्ते में चलने की बात कही। मौके पर डीएसपी रजत मनिक बाखला, उपप्रमुख मोद्दसिर हक, अजीज अंसारी, मकसुद अंसारी, एकरामुल सहित उर्स कमिटि के संयोजक शामिल थे।

## बिजली विभाग की नाकामी से उपभोक्ता परेशान, बढ़ रहा आक्रोश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** बिजली विभाग की नाकामी ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है। जिससे उपभोक्ताओं में आक्रोश बढ़ रहा है। यूं कहें कि बिजली विभाग के रवैए ने उपभोक्ताओं का जीना दुश्वार कर दिया है। लगातार बिजली कट की समस्याओं ने परेशान कर रखा है। निर्बाध बिजली की बात कौन करें, यहां नियमित रूप से आठ दस घंटा बिजली भी नसीब नहीं हो रहा है। यह कहीं ना कहीं विभागीय अधिकारियों की कमजोर इच्छा शक्ति या उपभोक्ताओं के प्रति उदासीन रवैया का ही नतीजा है। यूं तो अनियमित बिजली आपूर्ति शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए सरदर्द का कारण बना हुआ है। शहर के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ज्यादा दयनीय है। ग्रामीण उपभोक्ता सालों भर परेशान रहते हैं। इधर पिछले दो दिनों की बात करें तो बिजली की दुर्दशा और विभागीय अधिकारियों की उदासीनता का साफ अंदाजा लगाया जा सकता है। शनिवार को बल्लभपुर सब स्टेशन में एबी स्वीच में खराबी की वजह से लगातार करीब छह घंटा बिजली आपूर्ति बंद रहा। दोपहर बाद से बिजली गायब रही। भीषण गर्मी में लोग परेशान रहे। शाम में बिजली आपूर्ति बहाल भी हुई, तो हर दस पंद्रह मिनट में बिजली का आना जाना लगा रहा। वहीं रात्रि में कुछ घंटे बिजली रही, लेकिन मध्य रात्रि करीब दो बजे कट गई। इसके पीछे कारण ब्रेक डाउन बताया गया। इसके बाद ब्रेक डाउन की वजह से बिजली गायब ही हो गई। करीब तेरह घंटे बाद रविवार को दोपहर करीब तीन बजे आपूर्ति बहाल हुई। हालांकि इसके बाद भी बिजली की आंखमिचौली जारी रहा। यह हाल है ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति और बल्लभपुर सब स्टेशन का, जहां कई फिडर के माध्यम से बिजली आपूर्ति होती है। यह कोई एक दिन की बात नहीं है। तकरीबन हर रोज की कहानी है। ये तो हो गया एबी स्वीच और ब्रेक डाउन की बात, ऐसे हर दिन बिजली का गायब होना और दस पंद्रह मिनट या हर आधे एक घंटे में बिजली की लुकाछिपी मानो नियति बन गया है। बिजली कट की समस्या उपभोक्ताओं के लिए सिरदर्द बना हुआ है। अगर बात पावर कम मिलने की हो, तो इसे माना जा सकता है। लेकिन हर दिन कभी एबी स्वीच में खराबी तो कभी ब्रेकडाउन, कभी तार टूटना, कभी पोल टूटना और ना जाने क्या क्या! बिजली विभाग के सम्मानित पदाधिकारियों को एक बार सोचना चाहिए। कोई ठोस कदम उठाने चाहिए। ताकि इस तरह की समस्यायों से बचा जा सके और नियमित रूप से बिजली आपूर्ति हो सके। फिलवक्त बिजली आपूर्ति की ऐसी दयनीय स्थिति से उपभोक्ताओं में आक्रोश बढ़ रहा है। उपभोक्ताओं में विभाग के साथ-साथ तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं के प्रति भी रोष व्याप्त है। जिन्होंने हमेशा उपभोक्ताओं को झुठा आश्वासन दिया और बिजली की लाचार स्थिति पर चुप बैठे हैं। पक्ष और विपक्ष दोनों तरफ से एक शब्द भी नहीं निकल रहा है। नेताओं की चुप्पी से भी उपभोक्ताओं में नाराजगी दिख रहा है। वहीं उपभोक्ताओं का कहना है कि अधिकारियों के पास ऐसी कोई प्लान या योजना नहीं है, जिससे कि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिले। आधुनिकता के इस दौर में इंसान पूरी तरह बिजली पर निर्भर हो गए हैं। ऐसे में बिजली की बदतर स्थिति ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।

## मायुमं ने खासमहल सदर अस्पताल में किया पौधारोपण

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार की सुबह परसुडीह के खासमहल स्थित सदर अस्पताल परिसर में मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा आम, अमरूद, जामुन, लिची, नीम, गुलाब, नाग चंपा आदि के 51 पौधे लगाए गए। यह कार्यक्रम रवि शंकर अग्रवाल के सौजन्य से पूर्ण हुआ।




मंच के स्थाना दिवस के अवसर पर चल रहे सात दिवसीय कार्यक्रम के तहत छठे दिन रविवार को पौधरोपण का कार्यक्रम हुआ। इसे सफल बनाने मे शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता, शाखा सचिव अंशुल रिंगसिया, कार्यक्रम संयोजक शिव चौधरी, संस्थापक अध्यक्ष सुगम सरायवाला, आनंद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, विजय सोनी, प्रतिक अग्रवाल, विनीत बोरा, मेघा चौधरी, नेहा अग्रवाल, आदि का योगदान रहा।

## रोटरी क्लब ईस्ट ने निर्मल हृदय में रहने वाले लोगों को कराया भोजन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट की ओर से डॉक्टर्स डे के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम से पहले बारीडीह स्थित मर्सी अस्पताल के डाक्टरों को सम्मनित किया गया। बाराद्वारी स्थित निर्मल हृदय में रहने वाले सभी 75 लोगों को अन्नपूर्णा कार्यक्रम के तहत भोजन कराया गया। साथ ही सहेली सेंटर में पौधारोपण किया गया। एमजीएम अस्पताल में आयोजित हुए रक्तदान शिविर में कुल 71 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदान शिविर में अरका जैन विश्वविद्यालय के छात्रों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इन सभी कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष प्रेमा गोगना, सचिव बीना मित्रा, डा. अनुप गुप्ता, जयंती, मनीष, सुषमा, वीके कोहली, जेडी सिंह, पीएम दत्ता, डीसो दे, विकास, ओपी चोपड़ा, कैलाश आदि शामिल हुए और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## अधिग्रहण की गई भूमि मुआवजे को लेकर रैयतदारों ने विधायक को सौंपा मांग पत्र



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल प्रखंड के घोड़ानेगी गांव के रैयतदारो ने डैम निर्माण में अधिगृहित कर गोदाम बनाए जमीन का भुगतान करने की मांग को लेकर रविवार को ईचागढ़ के विधायक सविता महतो से मिला तथा सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। सौपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना के द्वारा तट शिविर के द्वारा कार्यालय एवं आवासीय कॉलोनी ,गोदाम का निर्माण हेतु पिछले 40 वर्ष पहले जमीन का अधिग्रहण किया गया था। लेकिन आज तक रैयतों को जमीन का मुआवजा भुगतान नहीं किया गया। स्वर्णरेखा बांध प्रमंडल संख्या -2 के कार्यपालक अभियंता के द्वारा उक्त भूमि के अधिग्रहण हेतु अधियाचना विशेष- भू -अर्जन कार्यालय स्वर्णरेखा परियोजना चांडिल का दिया गया है। राशि के अभाव में भू-अर्जन द्वारा अधिघोषणा नहीं किया जा रहा है। 15 जुलाई को राशि प्राप्त न होने के कारण भू- अर्जन का प्रक्रिया व्ययगत (लेप्स) हो जाएगा। रैयतों ने कहा कि विभाग आवश्यक कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द राशि उपलब्ध कराएं ताकि रैयतों को अधिगृहीत जमीन का मुआवजा का भुगतान हो सके। मौके पर कमल महतो ,सुभाष महतो, धनंजय महतो ,अमीन महतो, काला चांद महतो आदि उपस्थित थे।

## कुचाई के सामुडीह में तीन दिवसीय फुटबॉल महाकुंभ 28 जुलाई से, 64 टीमें लेगी भाग

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के तिलोपदा पंचायत अंतर्गत सामुडीह गांव में यूनिक स्टार क्लब के द्वारा आगामी 28, 29 एवं 30 जुलाई को तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। एंट्री फीस 1851 रूपये रखा गया है। प्रतियोगिता में कुल 64 टीम भाग ले लेंगी। प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार 25 हजार दूसरा पुरस्कार 18 हजार, तीसरा पुरस्कार 12 हजार, चौथा पुरस्कार 10, हजार, पांचवा पुरस्कार 6 हजार, छठवां से आठवां पुरस्कार 6 हजार वहीं नौवां पुरस्कार से लेकर सोलहवां पुरस्कार तक चार हजार रूपये नगद रखा गया है। प्रतियोगिता में फुटबॉल खेल का सभी नियम लागू रहेगा साथ ही मैन ऑफ द मैच बेस्ट गोलकीपर मैन ऑफ द सीरीज से खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। उक्त जानकारी पी के सदस्य मंगल सिंह सोय ने दिया है।

## निजी शिक्षकों के लिए पीएम कानून बनाने के लिए विधेयक लाएं : इप्टा

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ (इप्टा) की एक बैठक गूगल मीट के माध्यम से रविवार को संपन्न हुई। बैठक में देश के कई राज्यों से प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान संगठन के विस्तारीकरण पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ परमानंद मोदी ने सभी प्रदेश प्रतिनिधियों को अपने अपने राज्यों में संगठन का विस्तार करने पर जोर देने को कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि जो आपके सपनों को पूर्ण करने हेतु संकल्पित हैं, वैसे निजी शिक्षकों की स्थिति को देखते हुए उनके लिए भी संविधान पटल पर कानून बनाने के लिए विधेयक लाया जाए। बैठक में रंजीत श्रीवास्तव, डॉ नथुनी सिंह, हरप्रीत कौर, सुनील कुमार सिंह, मनिंदर कौर, दीपक कुमार, बासुदेव महतो, अनिल महतो, संजीत शाह आदि उपस्थित थे।

## सेवानिवृत डीएसपी कमल किशोर को दी गई विदाई



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को सोनारी थाना परिसर में शांति समिति के द्वारा सेवानिवृत् डीएसपी कमल किशोर का विदाई समारोह आयोजन किया गया, जिसमें थाना प्रभारी विष्णु रावत , सोनारी थाना के पुलिस पदाधिकारी शांति समिति के सम्मानित सदस्य के द्वारा डीएसपी कमल किशोर को गुलदस्ता शॉल उपहार देकर सम्मानित किया गया। थाना प्रभारी शांति समिति के अध्यक्ष एवं शांति समिति के सचिव अपने संबोधन में कहा डीएसपी का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय एवं जनता से हमेशा मानवीय संपर्क बना रहता था एवं सेवानिवृत्त डीएसपी जमशेदपुर की जनता एवं शांति समिति के सदस्य के प्रति आभार प्रकट किया। इस समारोह में समिति के अध्यक्ष डॉक्टर अमल पात्रा, सचिव सुधीर कुमार पप्पू , त्रिभुवन यादव, सरबजीत सिंह बॉबी, मनदीप सिंह, संजय पांडे, संजय यादव, सरिता देवी, आदि थे।

### कुचाई में झामुमो की सदस्यता अभियान सह नवमनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत समारोह

# भाजपा छोड़ सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए झामुमो में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड के किसान भवन में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता अभियान सह नवमनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुचाई खरसावां खूंटपानी सरायकेला एवं गम्हरिया प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र से तमाम कार्यकर्ता शामिल हुए। वही कड़कड़ाती धूप एवं भीषण गर्मी में भी झारखंड मुक्ति मोर्चा में सैकड़ों कार्यकर्ता अपना सदस्यता ग्रहण किया। साथ ही भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर बेरगा कुम्हार के नेतृत्व में सैकड़ों महिला पुरुषों झामुमो का दामन थामा। मौके पर उपस्थित स्थानीय विधायक दशरथ गागराई बासंती गागराई एवं जिला अध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो ने पार्टी में शामिल हुए कार्यकर्ताओं को माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक दशरथ गागराई बासंती गागराई जिला अध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप भरत सिंह मुंडा दुर्गा चरण पाडिया बासुदेव महतो अनूप सिंह देव मुखिया करम सिंह मुंडा राम सोय शास्त्री सांगा धर्मेंद्र कुमार मुंडा मुन्ना सोय राहुल सोय घनश्याम सोय भवेश मिश्रा अमर सिंह हांसदा दिलीप चंद्र महतो सुधीर महतो धनु मुखी तमाम कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### झारखंड मुक्ति मोर्चा सभी वर्ग की पार्टी : गागराई

विधायक गागराई ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हर समस्या का समाधान किया जा रहा है। कृषि लोन माफ कर किसानों को आगे बढ़ने का मौका दिया जा रहा है। बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी झारखंड सरकार बेहतर कार्य कर रही है। राज के सर्वांगीण विकास एवं पार्टी के नीति सिद्धांत से प्रभावित होकर काफी संख्या में महिला पुरुष झामुमो में शामिल हो रहे हैं। सभी नए सदस्यों का झामुमो परिवार में स्वागत है। झारखंड मुक्ति मोर्चा सभी वर्ग की पार्टी है। यह सबको साथ लेकर चलती है।

### हर सुख दुख में कार्यकर्ताओं के साथ खड़े रहते है हम : डॉ शुभेंदु

वहीं जिला अध्यक्ष महतो ने कहा कि झामुमो कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। और कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के हर सुख दुख में साथ खड़े रहने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि नव मनोनीत सभी कार्यकर्ताओं के मान सम्मान का ख्याल रखा जाएगा। जिस उम्मीद के साथ जनता ने बीजेपी और आजसू को छोड़ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने झामुमो का दामन थामा है।

## एमटीएमसी बारीडीह मुख्य द्वार के सामने बंद सड़क का जल्द हो निर्माण : बब्लू झा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बारीडीह बस्ती क्षेत्र में नवनिर्मित मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज (एमटीएमसी) के मुख्य द्वार से जाती मुख्य सड़क, विगत कई वर्षो से आधी बंद हैं एवं आधे सड़क से ही दोनों तरफ (आने-जाने) की ट्रैफिक का संचालन होता हैं। इस संबंध में स्थानीय युवा समाजसेवी सह जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष बब्लू झा ने और जानकारी देते हुए बताया कि संबधित सड़क की प्रस्तावित लंबाई महज 300 मीटर हैं और यह घोर आश्चर्य का विषय हैं कि जिस जुस्को की क्षमता रातों रात कई किलोमीटर सड़क बना देने की हैं, उससे यह 300 मीटर की सड़क पिछले तीन सालों में नहीं बन पाई। बब्लू झा ने आगे बताया कि आधी सड़क से ही दोनों तरफ की ट्रैफिक के संचालन की वजह से स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। बारिश के दिनों में ट्रैफिक जाम के अलावा एमटीएमसी की बाऊंड्री के अंदर से पानी का तेज बहाव सीधे मुख्य सड़क पर निकलता हैं और सड़क पर ही जल-जमाव की स्थिति पैदा हो जाती हैं। आयें दिन इन कारणों से छोटी-मोटी दुर्घटनायें होती रहती हैं। उन्होंने कहा जुस्को एवं एमटीएमसी इस स्थिति का संज्ञान लेकर सही कदम यथाशीघ्र नहीं उठाती तो जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर इससे अवगत कराया जायेगा एवं जरुरत पड़ने पर स्थानीय बस्तीवासियों के संग जनहित याचिका दायर की जायेगी।

# क्षेत्रीय ही करे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व : डा अमर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के ए एन प्लस 2 उच्च विद्यालय पिलीद परिसर में समाज की दिशा व दशा पर चिंतन सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता योगेन्द्र नाथ महतो ने किया। वहीं सभा में मुख्य अतिथि के रूप में रांची यूनिवर्सिटी के पूर्व रजिस्टर अमर कुमार चौधरी उपस्थित हुए। सभा का संचालन समाजसेवी बृन्दावन प्रसाद महतो ने किया। कहा गया कि क्षेत्र में जनसंख्या बहुलता के आधार पर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों द्वारा टिकट नहीं दिए जाने के विषय पर चर्चा किया गया। रांची लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक पार्टियों द्वारा स्थानीय नेताओं को टिकट से दरकिनार करने का मामला पर भी जोरदार चर्चा किया गया। वहीं जाती बहुल के हिसाब से कुर्मी समाज को राजनीतिक पार्टियों द्वारा भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाए जाने को लेकर रणनीति बनाई गई। चिंतन सभा में लोकसभा चुनाव में सभी राजनीतिक पार्टियों पर स्थानीय उम्मीदवार देने के लिए पार्टीयों पर दबाव बनाने पर विचार किया गया। मौके पर शिक्षक संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नेहरू महतो, पूर्व शिक्षक रेनुका महतो, गुरूचरण महतो, कमला कांत महतो, परशुराम महतो, आदि थे।

# केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के विरुद्ध श्रम संगठनों का संयुक्त कार्यक्रम का आह्वान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** केंद्र सरकार की जनविरोधी राष्ट्रविरोधी नीतियों के खिलाफ मजदूर वर्ग के राष्ट्व्यापी अभियान के क्रम में राष्टीय एवं राज्य स्तरीय कन्वेंशन के बाद आज टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन गोलमुरी सभागार में श्रम संगठनों का कोल्हान स्तरीय संयुक्त कन्वेंशन का आयोजन किया गया, जिसमें इंटक, एटक, सीटू, ऐक्टू, एचएमएस, एआईयूटीयूसी आदि केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साथ - साथ अराजपत्रित कर्मचारी, बैंक, बीमा, डाक, बीएसएनएल, सेल्स प्रमोशन, डीवीसी और रेलवे कर्मचारियों के फेडरेशनों एवं झारखंड वर्कर्स यूनियन के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया । राकेश्वर पांडे, के के त्रिपाठी एवं कॉमरेड बी एन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कन्वेंशन में घोषणा पत्र में बताया गया कि, देश की स्थिति चिंताजनक ही नहीं बल्कि संकटग्रस्त बना हुआ है और इसके लिए केंद्र सरकार की मौजूदा नीतियां ही जिम्मेदार है। ये नीतियां न केवल हमारी राष्टीय अर्थव्यवस्था बल्कि, हमारे देश की एकता और अखंडता के लिए भी विनाशकारी साबित हुई है। घोषणापत्र का समर्थन में, वक्ताओं ने गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि अभूतपूर्व बेरोजगारी के साथ- साथ रोजगार की स्थिति और गुणवत्ता में लगातार गिरावट, महंगाई पर काबू पाने में विफलता, मौजूदा श्रम कानूनों का घोर उल्लंघन, कॉरपोरेट हित में नया कानून बनाने की प्रक्रिया , सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में लगातार कटौती आदि के कारण आम जनजीवन गहरे संकट में है। कन्वेंशन में विनाशकारी नीतियों को उजागर करने तथा इससे देश और जनता को बचाने के लिए वैकल्पिक नीतियों की मांगों के संबंध में संयुक्त प्रचार और कार्रवाई की रूपरेखा तय की गई , जिसके तहत जुलाई माह में सघन जनसंपर्क कार्यक्रम किया जायेगा तथा 9 अगस्त को जिला एवं प्रखंड स्तरीय प्रदर्शन के उपरांत 10 अगस्त को रांची में राजभवन के समक्ष राज्य स्तरीय महापड़ाव का आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन का उद्घाटन राकेश्वर पांडे द्वारा किया गया , कार्यवाही का संचालन, परबिंदर सिंह सोहल, विश्वजीत देब और हीरा अरक ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन मीरा तिवारी द्वारा किया गया।




# आदिवासी कुड़मी समाज ने कार्यक्रम गाछ रोपा होमदुमि के तहत किया वृक्षारोपण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविवार को आदिवासी कुड़मी समाज केंद्रीय समिति द्वारा कार्यक्रम गाछ रोपा होमदुमि- 3 (25 जून से 16 जुलाई) के तहत जमशेदपुर के लुआबासा गांव के जाहिराथान में आकुस ग्राम अध्यक्ष रंजीत महतो के अगुवाई में दलदली पंचायत स्थित सुकलाड़ा गांव के जाहिराथान में आकुस ग्राम अध्यक्ष आनंद महतो के अगुवाई में और बेलाजुड़ि पंचायत स्थित सालबोनी गाँव के जाहिराथान में समाजसेवी नरहरि महतो के अगुवाई में साल एवं महुआ के पौधे लगाये गये। मौके पर उपस्थित केंद्रीय अध्यक्ष प्रसेनजीत महतो ने बताया कि आस्था के साथ इसका संबंध पर्यावरण संरक्षण के साथ भी जुड़ा हुआ है। इस अवसर पर मुख्य रुप से आकुस प्रदेश सदस्य निबारन महतो, जिला सचिव प्रकाश महतो, उत्तम महतो, लाइआ बिनोद सिंह (सुकलाड़ा), ग्राम प्रधान प्रभाकर महतो (सुकलाड़ा), लाइआ किसनअ चंद्र महतो (सालबोनी), रांगा महतो, सुभाष महतो, जगदीश महतो, पियुष महतो, घनेश्याम महतो, सुबोध महतो, रिंकु महतो, रामकृष्ण महतो, मिठुन महतो, बिजय महतो, हराधन महतो, देवाशीष महतो रंजीत महतो, सूरज महतो, प्रशांत महतो, रिंकु महतो, पवन महतो, मोहित महतो, संतोष महतो, नीलकंठ महतो, पंकज महतो, पप्पू महतो आदि मौजूद थे।



# असहाय महिला की खरीदी जमीन पर बस्तिवासियों ने बनाया मंदिर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के सतवाहिनी, धीराजगंज में सरकारी जमीन खरीद मामले में जुलुमटांड की महिला सीमा देवी के विरोध में रविवार को बस्तीवासी मंदिर निर्माण के समर्थन में थाना पहुंच कर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व पार्षद अनिल प्रसाद और भाजपा नेता अशोक सिंह कर रहे थे। इस दौरान बस्तीवासियों ने बताया कि महिला सीमा देवी ने वर्ष 2014 में जमीन खरीदी जबकि बस्ती के लोगों ने उक्त जमीन पर वर्ष 2013 में ही मंदिर की नींव डाली थी। उक्त जमीन की चहारदीवारी के साथ करीब 15 फीट का पीलर खड़ा हो चुका है। इस कारण बस्तीवासी मंदिर निर्माण नहीं रोकना चाहते हैं। गौरतलब है कि जुलुमटांड निवासी महिला सीमा देवी ने टीएमसी नेता उत्तम पात्रो से वर्ष 2014 में 2.60 लाख रुपए में दो कट्ठा सरकारी जमीन खरीदी थी, जो उसे महंगा पड़ रहा है। पीड़ित महिला ने जब पैसे होंगे तब घर बनाने की बात सोची थी। लेकिन पति के बीमार पड़ जाने से वह घर नहीं बना सकी। अब जमीन पर बस्ती के दबंग लोगों द्वारा मंदिर बनाने की शुरुआत कर दी गई है। विगत दिनों पीड़ित महिला इंसाफ मांगने आदित्यपुर थाना पहुंची थी। महिला ने बताया कि उसके पति को लकवा मार दिया है जिसके इलाज में सारे पैसे खर्च हो रहे हैं। इस कारण उसके पास घर बनाने के लिए पैसा नहीं बच पा रहा है। थाना प्रभारी राजन कुमार ने महिला को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया था।



# निबंधित फार्मासिस्ट द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा औषधी विक्रय अनुज्ञप्ति उपलब्ध कराई जाए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग के विभागीय संकल्प संख्या -2070(डी) 21/10/2021 के आदेश पर राज्य के प्रत्येक जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत के सुदूर ग्राम में कम से कम एक औषधी विक्रय संस्थान की स्थापना के संबंध में पत्र जारी किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक पंचायत के सुदूर ग्रामों में औषधि विक्रय हेतु अनुज्ञप्ति निर्गत की जाएगी, जिसके लिए फार्मासिस्ट का उपस्थिति अनिवार्य नहीं है। बिना फार्मासिस्ट के ग्रामीण क्षेत्र में दवा दुकान खोले जाने पर एसोसिएशन के द्वारा नाराजगी जाहिर की गई है। फार्मेसी एक्ट 1948 के अनुसार दवा का वितरण और भंडारण सिर्फ और सिर्फ रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट के उपस्थिति में ही होना है । अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद के द्वारा कहा गया कि किसी भी बीमारी के इलाज हेतु औषधियों की उपलब्धता महत्वपूर्ण है, लेकिन एक अप्रशिक्षित व्यक्ति जिसे औषधि के बारे कुछ जानकारी नहीं है, अगर उसके द्वारा दिए गए दवाई से एक भी मरीज को कुछ नुकसान होगा तो उसका जिम्मेदार कौन होगा ? उन्होने झारखंड सरकार से मांग की फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन 2015 भारत सरकार द्वारा गजट के माध्यम से पारित कर दिया गया है जिसे पड़ोसी राज्य बिहार एवं अन्य राज्यों में लागू किया गया हैं झारखंड सरकार से भी फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन 2015 लागू करने की मांग करते हैं। कोल्हान कमेटी अध्यक्ष शत्रुघ्न राय के द्वारा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार से मांग की है कि (योग्य फार्मासिस्ट) झारखंड स्टेट फार्मेसी काउंसिल से निबंधित फार्मासिस्ट द्वारा ही अनिवार्य रूप से झारखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में खुदरा औषधी विक्रय अनुज्ञप्ति उपलब्ध कराई जाए, जिससे झारखंड के आम जनता को सही दवाई उपलब्ध हो और फार्मासिस्ट की बेरोजगारी कम होगी, संवाददाता सम्मेलन में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के एग्जीक्यूटिव मेंबर धर्मेंद्र सिंह , कोल्हान प्रभारी पीयूष चटर्जी, महासचिव मानस मुखर्जी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवकांत कुमार, राजेश पाल ,उमेश लाल आदि थे।



## जोड़सा में तीन गांवों के ग्रामीणों ने की आषाढ़ी पूजा, मन्नतें पूरी होने पर चढ़ाई बलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के पश्चिम बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित जोड़सा गांव के जाहेरथान में रविवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुख समृद्धि व अच्छी बारिश के लिए तीन गांवों के ग्रामीणों ने आषाढ़ी पूजा की। मन्नतें पूरी होने पर ग्रामीणों ने भेड़, बकरा व मुर्गियों की बलि चढ़ाई। पुजारी कांचन सिंह व सहयोगियों के रूप में आनंद सिंह, जंटेल सिंह, जयराम सिंह व शरत सिंह ने विधिवत रूप से पूजा संपन्न कराई। वार्ड सदस्य देवेंद्र कुंभकार ने बताया कि जोड़सा सोलोआना के तत्वावधान में की गई आषाढ़ी पूजा में बिरखाम व पश्चिम बंगाल के सिरका से भी दर्जनों श्रद्धालुओं ने जाहेरथान में मत्था टेककर सुख समृद्धि की कामना की। पूजा को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से श्यामपद सिंह, देवेंद्र कुंभकार, अक्षय कुंभकार, पंचानन दास, प्रवीर कुंभकार, आदि थे।

## संपादकीय

# घातक मलबे का उपचार

**विकास** का मलबा जब घूरने लगा तो यह कानूनी तौर पर एक बड़ा मसला बनता हुआ नजर आ रहा है। किरतपुर से नेरचौक तक बढ़ती हुई फोरलेन ने सदियों के मुकाम खोज डाले हैं, लेकिन ऐसी कनेक्टिविटी के आर्थिक अर्थों के साथ-साथ कुछ भौगोलिक शर्तें भी नत्थी हैं और इन्हीं की व्याख्या करते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने संबंधित विभाग से पूछा है कि आखिर मलबे को लेकर उसके इंतजाम क्या हैं। एनएचएआई ने वन विभाग की शिकायत पर जंगल में मलबा फेंकने के एवज में जुर्माना भरा था, लेकिन अदालत इस मसले को जुर्माने की हकीकत से ऊपर देख कर पूछ रही है कि असली उत्तर तो मलबे को स्थायी रूप से ठिकाने लगाने से ही मिलेगा। बेशक अदालत के पास एक फोरलेन के मलबे को लेकर मामला आया है, लेकिन यह पूरे प्रदेश में चल रहे विकास से जुड़ा अहम प्रश्न है। कमोबेश हर सडक़, विद्युत परियोजना, शहरीकरण, आवासीय निर्माण तथा राज्य की गतिविधियों के कारण हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियां इतना मलबा पैदा कर रही हैं कि हमें इसके वैज्ञानिक निपटारे के साथ-साथ इसकी डंपिंग की योजना बनानी होगी। जिस राज्य में कूड़े-कचरे के निपटारे का प्रबंधन भी आफत बना हो, वहां हर निर्माण से जुड़ा मलबा और भी घातक हो सकता है। काफी वर्ष पहले चंबा की विभिन्न विद्युत परियोजनाओं के कारण रावी का बहाव परेशानी पैदा कर गया था। कुछ इसी तरह बरसाती मलबे के कारण जल निकासी भयंकर शक्ल अख्तियार करने लगी है। बड़े-बड़े बांध और छोटी-छोटी वाटरशेड परियोजनाएं अपने भीतर इतनी गाद या मलबा समाहित कर चुकी हैं कि इसके कारण जल भंडारण या जल रिसाव के प्राकृतिक रास्ते पूरी तरह अवरुद्ध हो चुके हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में सडक़ों के किनारे जल शक्ति, विद्युत तथा स्वयं पीडब्ल्यूडी के कारण हर तरह के विकास का मलबा खड़ा हो जाता है। वन विभाग भले ही वन महोत्सव की परंपरा में पर्यावरणीय संदेशों की गर्दन ऊंची कर दे, लेकिन मानव बस्तियों तक उसके मलबे का उत्पात भी कम कसूरवार नहीं। ऐसे में वन विभाग के सहयोग से ही हिमाचल का नवनिर्माण सुव्यवस्थित होगा। कहना न होगा कि शहरी विकास को सुव्यवस्थित करने की अधिकतम परियोजनाएं वनापत्तियों में फंसी हैं। सबसे खतरनाक पहलू यह भी है कि वन विभाग की अड़चनों के कारण शहरों का कूड़ा कचरा प्रबंधन निश्चित शक्ल अख्तियार नहीं कर रहा। इस संबंध में कूड़ा निष्पादन की कई परियोजनाएं अगर वन विभाग के अड़ियल व फिजूल की प्रक्रिया में फंसी रहेंगी, तो विनाश तय है। प्रदेश में विकास की सार्वजनिक व निजी गतिविधियों के ग्रामीण एवं शहरी विकास योजनाओं का तालमेल कुछ इस तरह से होना चाहिए कि हम अगली सदी की चुनौतियों का समाधान कर सकें। अगर निर्माण के हर पहलू से फैलते मलबे का बारीकी से अध्ययन करें, तो वर्तमान जीवनशैली की भौगोलिक जरूरतों का दबाव कहीं अपने अंधेरों से ही उलझा हुआ प्रतीत होता है। कायदे से हर शहर और हर गांव तक को भविष्य में डंपिंग एरिया तय करने होंगे। ये एरिया सामान्य भूमि से नहीं, बल्कि वन भूमि से ही हासिल होंगे। यानी कहीं फोरलेन या विद्युत परियोजना बन रही है, तो इसी के अनुरूप वन विभाग की जमीन से डंपिंग ग्राउंड को भूमि उपलब्ध करानी पड़ेगी। हर शहर अगर भविष्य की निगरानी में डंपिंग ग्राउंड तैयार करे, तो आगामी वर्षों में यह स्थल सार्वजनिक जरूरतों के विकल्प में इस्तेमाल हो सकते हैं। जाहिर है जिस वन विभाग की चेतना से फोरलेन का शैतान मलबा सामने आया, उसी की योजना व उदारता से ही इसका वैज्ञानिक निपटारा भी होगा। हिमाचल के भविष्य, मानवीय गतिविधियों और विकास के आकार में राज्य की निर्भरता वन भूमि पर बढ़ती जाएगी, बेहतर होगा हिमाचल के ऐसे भौगोलिक, सामाजिक व अस्तित्व के प्रश्न पर वनों से इतनी भूमि तो वापस मांगी जाए ताकि विकास अंधा न हो जाए।

एनएचएआई ने वन विभाग की शिकायत पर जंगल में मलबा फेंकने के एवज में जुर्माना भरा था, लेकिन अदालत इस मसले को जुर्माने की हकीकत से ऊपर देख कर पूछ रही है कि असली उत्तर तो मलबे को स्थायी रूप से ठिकाने लगाने से ही मिलेगा। बेशक अदालत के पास एक फोरलेन के मलबे को लेकर मामला आया है, लेकिन यह पूरे प्रदेश में चल रहे विकास से जुड़ा अहम प्रश्न है। कमोबेश हर सडक़, विद्युत परियोजना, शहरीकरण, आवासीय निर्माण तथा राज्य की गतिविधियों के कारण हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियां इतना मलबा पैदा कर रही हैं कि हमें इसके वैज्ञानिक निपटारे के साथ-साथ इसकी डंपिंग की योजना बनानी होगी।

## कुछ अलग

# राज्यपाल का असंवैधानिक निर्णय

**पहली** बार संविधान की हदें पार की गई हैं कि तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन.रवि ने, मुख्यमंत्री स्टालिन की सलाह के बिना ही, कथित भ्रष्ट मंत्री वी. सेंथिल बालाजी को बर्खास्त कर दिया है। भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से दागदार मंत्री न्यायिक हिरासत में है। प्रवर्तन निदेशालय की जांच के बाद मंत्री को गिरफ्तार किया गया, लेकिन जेल की बजाय वह एक निजी अस्पताल में हैं। कहा जा रहा है कि उनके दिल का ऑपरेशन किया गया है। राज्यपाल के सामने जांच के जो तथ्य रखे गए, उनमें भ्रष्टाचार के आरोप, नौकरी के बदले नोट, धन शोधन और अन्य घोटालों को गंभीर पाया गया। मंत्री जांच की प्रक्रिया, साक्ष्यों और न्यायिक कार्रवाई को प्रभावित कर सकते हैं, लिहाजा राज्यपाल ने अपना 'प्रसाद', 'प्रसन्नता' और 'कृपा' (प्लेजर) वापस ले ली और मंत्री को बर्खास्त कर दिया। बेशक संविधान के अनुच्छेद 164 में उल्लेख है कि मंत्री राज्यपाल के 'प्रसादपर्यन्त' ही अपने पद पर रह सकता है। राज्यपाल ने उसी संवैधानिक भावना को शाब्दिक तौर पर ग्रहण किया और मंत्री को बर्खास्त करने का निर्णय लिया। सर्वोच्च अदालत और उच्च न्यायालय ने कई बार संविधान के विवेच्य अनुच्छेद की व्याख्या कर राज्यपाल की भूमिका और उनकी संवैधानिक शक्तियों को स्पष्ट किया है। दरअसल खुद राज्यपाल न तो किसी को मंत्री बना सकता है और बर्खास्त करना तो बिल्कुल 'असंवैधानिक' है। वह सिर्फ मुख्यमंत्री और कैबिनेट की 'सलाह' और 'सिफारिश' पर ही काम कर सकते हैं। इसका उल्लेख भी अनुच्छेद 164 में है। संविधान ने राज्यपाल को कोई भी कार्यकारी शक्ति नहीं दी है। हालांकि गणतांत्रिक और स्वतंत्र भारत में ऐसे कई उदाहरण हैं, जब राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को ही बर्खास्त किया था, लेकिन 1994 के एसआर बोम्मई केस और 2020 के शिवराज सिंह चौहान प्रकरण में सर्वोच्च अदालत की ऐतिहासिक स्थापना सामने आई कि बहुमत का फैसला सदन में ही किया जाएगा। उसी के आधार पर मुख्यमंत्री और सरकार का स्थायित्व तय होगा। राज्यपाल अपने आधार पर ही मुख्यमंत्री या मंत्री को बर्खास्त नहीं कर सकते। बहरहाल इन न्यायिक निर्णयों के बाद यह घोर असंवैधानिक परंपरा समाप्त हुई। अब तमिलनाडु के राज्यपाल ने संविधान और उसकी भाषा के साथ खिलवाड़ करते हुए मंत्री को बर्खास्त किया है। हालांकि गुरुवार देर रात 'राजभवन' ने मुख्यमंत्री स्टालिन को पत्र लिख कर सूचित किया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के आग्रह पर एडवोकेट जनरल तथा अन्य संविधान विशेषज्ञों की सलाह ली जाएगी, लिहाजा फैसले को फिलहाल रोक लिया गया है। यह कैसा मजाक है! राज्यपाल एक बार असंवैधानिक, क्रूर और अभूतपूर्व फैसला ले चुके हैं। अब वह उसे रोक लें अथवा अदालत उसे खारिज कर दे, सवाल यह है कि राज्यपाल सरीखे संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति 'पूर्वाग्रह' के तहत फैसले कैसे ले सकता है? तमिलनाडु में राज्यपाल रवि और मुख्यमंत्री स्टालिन के बीच, लंबे अंतराल से, तनावपूर्ण संबंध रहे हैं, क्योंकि राज्यपाल जानबूझ कर, विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर, कुंडली मार कर बैठे रहे हैं। राज्यपाल-मुख्यमंत्री संबंध तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, केरल, पंजाब आदि राज्यों में भी बेहद तनावपूर्ण हैं। ऐसे संबंध केंद्र-राज्य के रिश्तों और देश के संघीय ढांचे को सवालिया बनाते हैं। सभी जानते हैं कि राज्यपाल भारत सरकार का प्रतिनिधि होता है और राज्य में विपक्षी दल की सरकार हो सकती है। यहां जिन राज्यों का हमने जिक्र किया है, उन राज्यों में विपक्ष के ऐसे दलों की सरकारें हैं, जो बुनियादी तौर पर भाजपा-विरोधी हैं। ऐसे में खुन्नस की भावना से काम किया जाएगा, तो वह देशहित में नहीं होगा। संविधान की गरिमा और प्रतिष्ठा के अनुकूल नहीं होगा और आम नागरिक को सहज न्याय प्राप्त नहीं होगा। दागदार मंत्री कानून के कठघरे में है। मुख्यमंत्री उन्हें बिना विभाग का मंत्री रखना चाहते हैं, तो यह मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल का हालिया उदाहरण हमारे सामने है, जिन्होंने सत्येन्द्र जैन को कई माह तक मंत्री बनाए रखा, हालांकि वह जेल में कैद थे।

## अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री का व्हाइट हाउस में जैसा भव्य स्वागत हुआ

# मोदी का सफल अमेरिकी दौरा चीन और पाकिस्तान को बुरी तरह बेचैन कर गया है

ललित गर्ग

भारत की अमेरिका यात्रा से चीन की नींद उड़ गयी है वहीं पाकिस्तान भी बौखलाया है। भारत के दोनों दुश्मन राष्ट्रों की तिलमिलाहट से जाहिर हो रहा है कि भारत अब एक बड़ी ताकत बन रहा है। चीन बेचैन है भारत के प्रधानमंत्री की इस ऐतिहासिक, निर्णायक एवं श्रेयस्कर अमेरिका यात्रा से। भारत एवं अमेरिका के बीच हुए समझौते यह भी दर्शाते हैं कि आज भारत को जितनी आवश्यकता अमेरिका की है, उससे कहीं अधिक उसे भारत की है। इसका एक कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका का कम होता प्रभाव और भारत का बढ़ता हुआ कद है। अमेरिका यह जान रहा है कि चीन के तानाशाही भरे रवैये से निपटने के लिए भारत का साथ आवश्यक है।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की अमेरीका की राजकीय यात्रा अनेक दृष्टियों से नई उम्मीदों को पंख लगाने के साथ भारत को शक्तिशाली बनाने वाली साबित होगी। अमेरीका की यात्रा के दौरान हुए विभिन्न समझौते भारत की तकनीकी एवं सामरिक जरूरतों को पूरा करने में अहम कदम साबित होंगे। व्यापार व उद्योग के साथ-साथ प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अमेरिका के साथ द्विपक्षीय सहयोग ने नई उम्मीदें जगाई हैं। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने जो प्रयास किए वे मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भरता के प्रयास, नये भारत-सशक्त भारत एवं सतत विकास की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होंगे। भारत की अमेरिका यात्रा से चीन की नींद उड़ गयी है वहीं पाकिस्तान भी बौखलाया है। भारत के दोनों दुश्मन राष्ट्रों की तिलमिलाहट से जाहिर हो रहा है कि भारत अब एक बड़ी ताकत बन रहा है। चीन बेचैन है भारत के प्रधानमंत्री की इस ऐतिहासिक, निर्णायक एवं श्रेयस्कर अमेरिका यात्रा से। भारत एवं अमेरिका के बीच हुए समझौते यह भी दर्शाते हैं कि आज भारत को जितनी आवश्यकता अमेरिका की है, उससे कहीं अधिक उसे भारत की है। इसका एक कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका का कम होता प्रभाव और भारत का बढ़ता हुआ कद है। अमेरिका यह जान रहा है कि चीन के तानाशाही भरे रवैये से निपटने के लिए भारत का साथ आवश्यक है। वास्तव में इस आवश्यकता ने भी अमेरिका में भारत की अहमियत बढ़ाने का काम किया है। यह अहमियत यही बता रही है कि अब भारत का समय आ गया है। भारत एवं अमेरिका की दोस्ती प्रधानमंत्री की यात्रा से प्रगाढ़ हुई है, जो दोनों देशों के लिये शुभता का सूचक है। मोदी की इस यात्रा से भारत-अमेरिका संबंधों की एक नई इबारत लिखी गयी है और नये संकल्पों की गौरवशाली यात्रा शुरू हो गई है। दुनिया के दो महान लोकतंत्र देश दुनिया को बेहतर बनाने के लिए अपने बंधन को मजबूत कर रहे हैं। भारत लोकतंत्र की जननी है और अमेरिका आधुनिक लोकतंत्र का चैंपियन है। दुनिया में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को मजबूती देने में दोनों के साझा प्रयत्नों के सुपरिणाम सामने आयेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वदेश लौटकर भारत-अमेरिका संबंधों के बारे में कहा, 'हम साथ मिलकर सिर्फ नीतियां और समझौते ही नहीं बना रहे हैं। हम जीवन, सपनों और नियति को भी आकार दे रहे हैं।' वास्तव में आज अमेरिका ही नहीं, विश्व का हर प्रमुख देश भारत को अपने साथ रखना आवश्यक समझ रहा है। कहना न होगा कि वैश्विक मंच पर योग का विषय हो, या अहिंसा का या फिर आतंकवाद से निपटने का, जलवायु परिवर्तन का मसला हो या फिर जी-20 देशों की अध्यक्षता की बात, भारत, दुनिया को नई



दिशा दे रहा है, नई उम्मीदें जगा रहा है। स्वयं, समाज एवं राष्ट्र के विकास से आगे बढ़ने की सोच देने वाला भारत अब दुनिया का विकास चाहता है, यही वसुधैव कुटुम्बकम का मंत्र आज दुनिया को भा रहा है और इसी कारण हर कोई भारत की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहा है, चाहे वो शक्तिशाली राष्ट्र ही क्यों न हो। निगाहें केवल चीन और पाकिस्तान की ही नहीं, बल्कि भारतीय प्रधानमंत्री के अमेरीकी दौरे पर दुनिया भर के देशों की थीं। यह अच्छा हुआ कि भारतीय प्रधानमंत्री और अमेरीकी राष्ट्रपति के बीच शिखर वार्ता के बाद जो संयुक्त बयान जारी हुआ, उसमें पाकिस्तान के साथ चीन पर भी निशाना साधा गया। ऐसा करना इसलिए आवश्यक था, क्योंकि पाकिस्तान जहां आतंकवाद को सहयोग-समर्थन और संरक्षण देने से बाज नहीं आ रहा है, वहीं चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के चलते एशिया ही नहीं, पूरे विश्व के लिए खतरा बन गया है। आज दुनिया आतंकमुक्ति संसार की संरचना चाहती है। अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री का व्हाइट हाउस में जैसा भव्य स्वागत हुआ और अमेरिकी संसद में उनके संबोधन को जिस तरह सराहा गया, उससे यदि कुछ स्पष्ट हो रहा है तो यही कि दोनों देशों के संबंध एक नए युग में पहुंच रहे हैं। वैसे तो दोनों देशों के संबंध एक लंबे समय से प्रगाढ़ हो रहे हैं, लेकिन इसके पहले किसी भारतीय प्रधानमंत्री को अमेरिका में शायद ही इतनी महत्ता मिली हो। इस महत्ता को रेखांकित कर रहे हैं रक्षा, तकनीक, उद्योग आदि क्षेत्र में हुए वे अनेक महत्वपूर्ण समझौते, जो भारत और अमेरिका के बीच हुए। इनमें कुछ समझौते ऐसे हैं, जिनके लिए भारत दशकों से प्रयासरत था, जैसे कि जीई एयरोस्पेस और हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड के बीच युद्धक विमानों के इंजन एफ 414 को मिलकर भारत में बनाने का समझौता। इस तरह के समझौते दोनों देशों की निकटता को भी रेखांकित कर रहे हैं और एक-दूसरे के प्रति भरोसे को भी। अमेरिका का भारत पर बढ़ता भरोसा इस बात का परिचायक है कि भारत विश्व की एक महाबड़ी शक्ति बनने की राह पर अग्रसर है और भारत के बिना चीन को करारा जवाब देना नामुमकिन है। इन नये बनते परिदृश्यों में चीनी विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका की कोशिश भारत को चीन से मुकाबले के लिए तैयार करने की है, जबकि दूसरी ओर वह चीन की आर्थिक प्रगति में अवरुद्ध करना चाहता है। कुछ विश्लेषकों के मुताबिक, 'भारत के साथ आर्थिक व व्यापार सहयोग मजबूत करने के अमेरिका के पुरजोर प्रयास का मुख्य उद्देश्य चीन का आर्थिक विकास धीमा करना है।' इन दावों से इतर एक तथ्य यह है कि भारत के लिए अमेरिका के साथ व्यापार करना फायदे का सौदा रहा है। भारत को अमेरिका के साथ व्यापार करके अधिक आय होती है, जबकि चीन के साथ व्यापार के कारण बीते कुछ वर्षों से देश को सालाना औसतन 60 अरब डॉलर का नुकसान हो रहा था। एडवांस्ड एप्लाइड मटीरियल्स के गैरी डिकर्सन ने मोदी से मुलाकात के बाद एक इंजीनियरिंग केंद्र स्थापित करने के लिए 400 मिलियन डॉलर के निवेश की घोषणा भी की है जिससे कई व्यावसायिक अवसर सृजित होंगे। बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पढ़ने जाते हैं। कुशल श्रमिकों, विद्यार्थियों आदि के आदान-प्रदान के नियमों को सरल बनाने से न केवल वीजा प्रक्रिया रफ्तार पकड़ेगी बल्कि वीजा की संख्या में वृद्धि युवाओं को नए मौके देगी। अहमदाबाद और बेंगलूरु में अमेरिका के दो नए वाणिज्य दूतावास खोलने व भारत द्वारा अमेरिका के सिएटल में और इसके बाद दो अन्य स्थानों पर वाणिज्य दूतावास खोलने की सहमति को भी उम्मीद भरे अवसरों की इसी दृष्टि से देखा जा सकता है। अमेरिका एवं भारत के बीच बढ़ती प्रगाढ़ता से चीन पर भारत की निर्भरता न्यूनतम हो जायेगी। चीन की दादागिरी उसके लिये कितनी नुकसानदेह साबित हो रही है कि एक बड़ा बाजार चीन के हाथ से निकल रहा है। बात भारत एवं अमेरिका की ही नहीं है, बल्कि दुनिया के अनेक देश चीन की नीति एवं नीयत से परेशान हैं। बात खनिज क्षेत्र की करें तो अमेरिका के साथ बनी 'खनिज सुरक्षा साझेदारी' के तहत धातुओं के क्षेत्र में बनी सहमति से चीन पर निर्भरता खत्म हो सकेगी। खासतौर से ईवी बैटरियों के निर्माण में आत्मनिर्भरता तो मिलेगी ही, ड्रोन, सोलर पैनल आदि निर्माणों को भी गति मिलेगी। सब जानते हैं कि अमेरिका और इजरायल के द्वारा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में साझेदारी ने दोनों देशों की अर्थव्यवस्था के विकास और स्थिरता के उद्देश्यों को प्राप्त करने में बड़ा योगदान दिया है। इसी तारतम्य में भारत का अमेरिका के साथ सामरिक संबंध भी महत्त्वपूर्ण है।

# प्लास्टिक और कागज की प्लेटों का विकल्प

दूसरी समस्या यह है कि पत्तों की पत्तल को एक-दो सप्ताह से ज्यादा रखना संभव नहीं होता है, इसमें फंगस लग जाती है। इसके लिए हाथ से संचालित छोटी मशीनें आ गई हैं जो गर्म डाई से प्रेस करके पत्तल को सुखा भी देती हैं और प्लास्टिक या कागज की प्लेटों की तरह थाली का आकार भी दे देती हैं। इससे पत्तों की पत्तल को ज्यादा समय तक रखना संभव होगा और दूर तक भेजना भी। शहरी इलाकों तक भी पत्तों की पत्तल को प्रचारित किया जा सकेगा, जिससे वनवासी निर्धन समुदायों को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। इसमें एक ही सावधानी रखना जरूरी है कि ये मशीनें हस्तचालित ही लगाने की इजाजत हो और जो लोग इस समय पत्तलें बनाने का काम कर रहे हैं, उन्हें ही पहले दी जाए। मांग पूरी न होने की सूरत में नए लाभार्थी भी निर्धन वर्ग से चुने जाएं। यानी यह व्यवसाय वनवासी निर्धन वर्ग के हाथ से समर्थवान वर्ग के हाथ में न चला जाए।

**भारतवर्ष** सामाजिक उत्सवों का देश है। यहां शादी, जन्मदिन, श्राद्ध, जगराते आदि सामाजिक तौर पर मनाए जाते हैं और सामाजिक सहभोजन उसका एक आवश्यक अंग है। भोजन के लिए थाली और दूसरे चीनी आदि की प्लेटों को बार-बार साफ करने के झंझट से बचने के लिए पुराने समय से ही पत्तों की बनी पत्तलों का चलन रहा है। दक्षिण में केले के पत्तों पर भोजन का चलन है। अन्य प्रदेशों में अपने अपने क्षेत्रों में होने वाले पेड़ों के पत्तों से पत्तलें बनाई जाती हैं। बंगाल में साल के पत्तों से, कहीं सागवान के पत्तों से, कहीं पलाश की पत्तलों का चलन है। हिमाचल और उत्तराखंड में टोर के पत्तों से पत्तलें बनाई जाती हैं। उत्तराखंड में इसे मालू या मालधन कहा जाता है। देश में एक हजार की आबादी पर साल में औसत 3 शादियां होती हैं। इसके साथ अन्य सामाजिक उत्सव भी होते रहते हैं। मान लें कि अन्य उत्सव एक हजार आबादी पर पांच होते हैं, तो कुल 8 उत्सव हुए। हिमाचल जैसे छोटे राज्य के उदाहरण से इसके आर्थिक विस्तार को समझते हैं। हिमाचल की कुल आबादी केवल 70 लाख है। एक हजार पर 8 उत्सव प्रतिवर्ष के हिसाब से करीब 56 हजार उत्सव हुए। एक उत्सव में औसत आठ सौ लोग भोजन करें तो चार करोड़ पचास लाख पत्तलों की खपत साल में हुई। एक पत्तल डेढ़ रुपए के हिसाब से बिक रही है तो कुल 6 करोड़ 60 लाख रुपए की अर्थव्यवस्था पत्तल कारोबार से जुडी है। यह पैसा गांव के अति निर्धन लोगों की जेब में जाता था जो जंगल से पत्ता लाकर खास तरह की तीलियों से इन पत्तों को सिल कर पत्तल और दोने बनाते थे। किंतु आज परिस्थिति तेजी से बदल रही है। बाजार में प्लास्टिक की पत्तल आ गई है। जब प्लास्टिक की पत्तल पर हिमाचल सरकार ने स्वास्थ्य कारणों और कचरे की बहुतायत के चलते प्रतिबंध लगा दिया तो कागज की पत्तलें बाजार में आ गईं। कागज की पत्तलें भले ही प्लास्टिक की पत्तलों से कम हानिकारक हों किन्तु पूर्ण निरापद नहीं हैं। इन पर हाईड्रो फोबिक फिल्म चढ़ाई जाती है ताकि तरल पदार्थ पत्तल में टिका रहे। गर्म भोजन के संपर्क में आने से 15 मिनट में 25 हजार सूक्ष्म कण भोजन में मिल जाते हैं। इस तरह पत्तल का कारोबार उद्योगों के हाथ चले जाने से स्वास्थ्य के लिए खतरे के अलावा गरीब की रोटी छिन जाने का पक्ष भी विचारणीय है। पत्तों से बनी पत्तलें पर्यावरण की दृष्टि से और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी निरापद हैं। इनसे कचरे की समस्या भी नहीं है। आसानी से सड़-गल कर इससे अच्छी खाद बन जाती है। किन्तु पत्तों की पत्तल को सब जगह पहुंचा कर एक पर्यावरण मित्र विकल्प प्रस्तुत करके और गांव के सबसे निर्धन लोगों को इज्जत की रोजी प्रदान करने के रास्ते में कुछ समस्याएं उभर रही हैं। एक तो अंग्रेजी शासन के डेढ़ सदी के वन प्रबन्धन ने इन स्थानीय लोगों की रोजी और जरूरतों को पूरा करने वाली वनस्पति प्रजातियों की अनदेखी की और व्यापारिक प्रजातियों चीड़, सफेदा आदि का इस तरह प्रचार-प्रसार किया कि अच्छा पत्ता देने वाली प्रजातियों की कमी आ गई। हिमाचल में भी चिपको आन्दोलन के दौर में टोर (मालू) के संरक्षण के प्रयास किये गए थे और इस प्रजाति को काट कर चीड़ लगाने का विरोध किया गया था और हिमाचल में इस तरह की स्थानीय जरूरतों और पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण प्रजातियों को संरक्षित करने के लिए आदेश जारी करवाए थे। इन जन उपयोगी प्रजातियों का कटान तो बंद हुआ किन्तु इनका रोपण शुरू नहीं हो सका है। यदि बड़े पैमाने पर टोर का रोपण किया जाए तो पूरे प्रदेश की पत्तल-दोने की जरूरत पूरा करने योग्य पत्तों का उत्पादन सुनिश्चित किया जा सकता है। इसके साथ-साथ पलाश के वृक्षों का रोपण भी किया जाए तो पत्तल बनाने के लिए एक और प्रजाति उपलब्ध हो जाएगी। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी योगदान मिलेगा और सबसे जरूरतमंद लोगों को स्वरोजगार उपलब्ध हो सकेगा। दूसरी समस्या यह है कि पत्तों की पत्तल को एक-दो सप्ताह से ज्यादा रखना संभव नहीं होता है, इसमें फंगस लग जाती है। इसके लिए हाथ से संचालित छोटी मशीनें आ गई हैं जो गर्म डाई से प्रेस करके पत्तल को सुखा भी देती हैं और प्लास्टिक या कागज की प्लेटों की तरह थाली का आकार भी दे देती हैं। इससे पत्तों की पत्तल को ज्यादा समय तक रखना संभव होगा और दूर तक भेजना भी। शहरी इलाकों तक भी पत्तों की पत्तल को प्रचारित किया जा सकेगा, जिससे वनवासी निर्धन समुदायों को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। इसमें एक ही सावधानी रखना जरूरी है कि ये मशीनें हस्तचालित ही लगाने की इजाजत हो और जो लोग इस समय पत्तलें बनाने का काम कर रहे हैं, उन्हें ही पहले दी जाए। मांग पूरी न होने की सूरत में नए लाभार्थी भी निर्धन वर्ग से चुने जाएं। यानी यह व्यवसाय वनवासी निर्धन वर्ग के हाथ से मशीनों के बल पर समर्थवान वर्ग के हाथ में न चला जाए, इस बात का ध्यान रखना होगा। पत्तलें बनाने के लिए काम आने वाले पत्तों के पेड़ों को बड़े पैमाने में रोपा जाना चाहिए।



## नागरिक बोध

# बरसात निपटाने के लिए बैठक

**बारिशों** के मौसम से निपटने के लिए महत्वपूर्ण बैठक हर साल करना ज़रूरी होती है। वैसे पता होता है कि मानसून हमेशा की तरह इस साल भी सून नहीं आएगा, इसलिए यह बरसाती बैठक देर से होती है। इस संबंध में सबसे पहले प्रेस विज्ञप्ति बनाई जाती है। परोसे जाने वाली प्रेस रिलीज़ पकाने में ज़्यादा दिक्कत नहीं होती, तारीख और नाम बदलकर पिछले साल वाली ही चिपका दी जाती है। मज़ेदार यह है कि बारिशें देर से भी हों तब भी बढ़िया प्रबन्धों की पोल हर बरस खूब खुलती है। कमबख्त मानसून किसी साल गलती से ठीक समय पर नहीं, पहले आ जाए तो बैठक भी रह जाती है। खैर, इतनी महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिकारी ही कर सकते हैं। इस बार उनके देर से आने के कारण बैठक लेट होती गई और कैंटीन में चाय समोसे ठंडे। परम्परागत लेटलतीफों को फायदा रहा, वे अपने निजी काम करते करते देर से पहुंचे जिसका दोष बिना बताए आने वाली बारिश को ही जाना था, गया। अध्यक्ष गाड़ी में आए लेकिन सडक़ पर पानी भरे गड्ढे, कीचड़ व नालियों में फंसे कचरे की तरफ उन्होंने देखा तक नहीं। अध्यक्ष ने कहा, सभी सडक़ों, गलियों की सफाई सही तरीके से होनी चाहिए। जहां बाढ़ आ सकती है वहां से स्थायी अतिक्रमण हटवाएं। सख्त निर्देश दिए कि नदी किनारे रहने वालों को बरसात शुरू होने से पहले, कहीं भी जाने को कहें। सूचना तंत्र अच्छी तरह से व्यवस्थित हो, नहीं तो लोग बह जाते हैं, फिर झूठ बोलना पड़ता है। उन्होंने फिर समझाया कि पिछले साल भी संवेदनशील सडक़ों, जलापूर्ति योजनाओं, बिजली की तारों, बाढ़ व भूस्खलन संभावित क्षेत्रों की पहचान करनी रह गई थी। यहां तक कि जेसीबी चालक के फोन नंबर नोट करने भी रह गए थे इस बार कर ही लें। यह निर्देश अधिकांश लोगों ने सिर्फ नोट करने के लिए नोट किए। बैठक में जबर्दस्ती भेजे कर्मचारियों ने कुछ नोट नहीं किया। स्वास्थ्य विभाग, जल विभाग व खाद्य विभाग को दवाएं, राशन व अन्य खाद्य सामग्री वगैरा की उचित व्यवस्था करने बारे कहा। इस बारे संबंधित अधिकारियों ने उचित ढंग से नोट किया क्योंकि इसमें उनका बहुत फायदा था। संबंधित विभाग वालों ने पिछले साल से बढ़िया समाज सेवा करने का संकल्प लिया। बरसात से निपटने के लिए उचित कार्य योजना बनाने का आग्रह किया। मानव जीवन, सम्पति नुक्सान की नियमित रिपोर्ट, रंगीन फोटो, बढ़िया प्रभावशाली वीडियो तुरंत साझा करने को कहा। अध्यक्ष को पता था पिछले साल भी यही भाषण दिया था, लेकिन उसका असर नहीं हुआ था। बैठक में यह वार्षिक ख्याल भी आया कि जो बच्चे नदी नाले पार कर स्कूल जाते हैं उनके बारे विस्तृत रिपोर्ट बनाने और कारगर कदम उठाए जाने ज़रूरी हैं। बैठक में बैठे बैठे लगने लगा कि आधा दर्जन छोटे पुल बनने वाले हैं। कैंटीन वाले ने बड़े आकार के साहबों को कप प्लेट में ताज़ी चाय पेश की, बाकियों को गर्म कर, बासी परोस दी गई।

## देश दुनीया से

# भ्रष्टाचार को लेकर मौन हैं विपक्षी दल

**पटना** में हुई महागठबंधन की बैठक बगैर किसी मसौदे के पूरी हो गई। संयुक्त विपक्ष के समक्ष भ्रष्टाचार सहित देश के अन्य बड़े मुद्दे एजेंडे में नहीं आए। विपक्षी दलों की बैठक में भ्रष्टाचार पर एक भी शब्द नहीं बोलने से भाजपा को हमला करने का मौका मिल गया। यही वजह है कि प्रधानमंत्री और भाजपा इस गठबंधन के प्रयासों की खिल्ली उड़ा रहे हैं। पीएम मोदी ने एक सभा में विपक्षी दलों की एकता के प्रयासों पर जमकर चुटकियां ली। उन्होंने कहा कि इनके घोटाले की लिस्ट इतनी लंबी है कि कोर्ट भी थक गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार को लेकर कहा कि कुछ लोग सिर्फ अपने ही दल के लिए जीते हैं, दल का ही भला करना चाहते हैं और वो ये सब इसलिए करते हैं क्योंकि उन्हें भ्रष्टाचार का, कमीशन का और कट मनी का हिस्सा मिलता है। उन्होंने जो रास्ता चुना है, उसमें ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती। विपक्षी दलों की पटना में हुई बैठक को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि आजकल बार-बार एक शब्द आता है- गारंटी। ये सारे विपक्षी दल भ्रष्टाचार की गारंटी हैं। ये गारंटी हैं लाखों-करोड़ रुपयों के घोटालों की। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले इनका एक फोटो शॉप कार्यक्रम हुआ। उस फोटो में जो लोग हैं उन सब का मिल कर टोटल करेंगे तो ये सारे मिल कर कम से कम 20 लाख करोड़ रुपये के घोटाले की गारंटी हैं। मोदी ने बगैर किसी ठोस कार्यक्रम के समाप्त हुई विपक्षी दलों की बैठक पर प्रहार करते हुए कहा कि अकेले कांग्रेस का ही लाखों करोड़ों का घोटाला है। इन पार्टियों के पास घोटालों का ही अनुभव है और इसीलिए इनकी अगर कोई गारंटी है तो वो है- घोटालों की गारंटी। अगर उनकी घोटाले की गारंटी है, तो मोदी की भी एक गारंटी है, हर घोटालेबाज पर कार्रवाई की गारंटी। आश्चर्य की बात यह है कि केंद्र सरकार के खिलाफ ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप लगाने वाले विपक्षी दलों में से किसी ने भी प्रधानमंत्री के आरोपों का खंडन तक नहीं किया। विपक्षी दल ईडी की कार्रवाई के विरोध में सुप्रीम कोर्ट से पहले ही मात खा चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की कार्रवाई के मामले में दखल देने से इंकार कर दिया था। प्रधानमंत्री मोदी के विपक्ष पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोपों को बल इस बात से मिलता है कि विपक्षी नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के ज्यादातर मामलों में अदालत ने कोई राहत नहीं दी है। इसी कड़ी में एक मामला तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी का भी शामिल हो गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नौकरी के बदले नकदी मामले में मंत्री बालाजी को 14 जून को गिरफ्तार किया था। चेन्नई सत्र न्यायालय ने न्यायिक हिरासत 12 जुलाई तक बढ़ाने का आदेश दिया है। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गयी थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के फैसले में दखल देने से मना कर दिया। गौरतलब है कि बालाजी पर रिश्वत लेकर परिवहन विभाग में नौकरी देने का आरोप है। विपक्ष के लिए बेशक भ्रष्टाचार मिटाने का मुद्दा प्रमुख न हो, पर इस मामले में भारत की स्थिति भयावह है। करप्शन परसेप्शन इंडेक्स 2022 की 180 देशों की सूची में भारत को 40 अंकों के साथ 85वें पायदान पर रखा गया। दुनिया भर के देशों में करप्शन के स्तर को मापने वाला यह इंडेक्स हर साल संगठन ट्रान्सपैरेंसी इंटरनेशनल द्वारा जारी किया जाता है। निश्चित तौर पर राज्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण ही भारत की यह स्थिति बनी है। विशेषकर विपक्षी दलों की सत्ता वाले राज्यों में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। यह विपक्षी दलों के लिए कभी भी चिंता का विषय नहीं बना। इंडियन करप्शन सर्वे 2019 की रिपोर्ट के मुताबिक सबसे भ्रष्ट राज्यों की सूची में राजस्थान नंबर एक पर रहा। भ्रष्टाचार की इस लिस्ट में बिहार दूसरे नंबर पर रहा। बिहार के सर्वे में 75 फीसदी लोगों ने कहा कि उन्हें काम करवाने के लिए रिश्वत देनी पड़ी। 50 फीसदी लोगों ने कहा कि उन्हें अधिकारियों को कई बार पैसे देने पड़े। तकरीबन 25 फीसदी लोगों ने कहा कि केवल उन्हें एक या दो बार घूस देनी पड़ी।

पीएम मोदी ने एक सभा में विपक्षी दलों की एकता के प्रयासों पर जमकर चुटकियां ली। उन्होंने कहा कि इनके घोटाले की लिस्ट इतनी लंबी है कि कोर्ट भी थक गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार को लेकर कहा कि कुछ लोग सिर्फ अपने ही दल के लिए जीते हैं, दल का ही भला करना चाहते हैं और वो ये सब इसलिए करते हैं क्योंकि उन्हें भ्रष्टाचार का, कमीशन का और कट मनी का हिस्सा मिलता है। उन्होंने जो रास्ता चुना है, उसमें ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती। विपक्षी दलों की पटना में हुई बैठक को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि आजकल बार-बार एक शब्द आता है- गारंटी। ये सारे विपक्षी दल भ्रष्टाचार की गारंटी हैं।

# तालाब जिर्णोद्धार में खानापूर्ति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड में पिछले कई वर्षों से अलावा इसके आजादी के अमृत सरोवर अभियान के तहत साथ ही इन दिनों भूमि संरक्षण विभाग से दर्जनों तालाब का जिर्णोद्धार करोड़ों रुपए की लागत से हुआ और हो रहा है । जहां विभागीय अभियंता द्वारा तालाब जिर्णोद्धार के लिए जिस तरह प्राक्कलन तैयार किया जाता है उसके अनुरूप अबतक किसी भी तालाब का जिर्णोद्धार कार्य नहीं किया गया है साथ ही योजना चयन को लेकर फर्जी ग्रामसभा ही हुआ है। वहीं कार्य स्थल का मुआयना किया जाए तो जिर्णोद्धार के नाम सिर्फ और सिर्फ खानापूर्ति ही देखा जा रहा है। इस संबंध में जानकारी के अनुसार प्रत्येक तालाब जिर्णोद्धार में तालाब के किनारे की मिट्टी उठाकर बांध पर नाम मात्र बिछा दिया जाता है और बांध का ड्रेसिंग कर चमका दिया जाता है ताकि देखने में नया निर्माण और भव्य दिखाई दे। जहां योजना स्थल पर काम के हिसाब से ग्रामीणों के साथ सुत्र बताते हैं कि जिर्णोद्धार कार्य में अधिकतम दो लाख से चार लाख रुपए खर्च किए जाते हैं जबकि जिर्णोद्धार का प्राक्कलन 11 लाख से 18 लाख का होता है। वहीं योजना स्थल पर शिलापट्ट भी नहीं देखा जाता है जिससे लाभार्थियों के साथ ग्रामीणों को पता भी नहीं चलता कि योजना की राशि कितनी है इसके अध्यक्ष और सचिव कौन हैं।खबर संकलन के दौरान देखा गया कि मोरवाईकला पंचायत के तालाब जिर्णोद्धार में अनियमितता बरती जा रही है वहीं सरकारी राशि से बने छठ घाट को बांध में मिला दिया गया। जहां तालाब के बांध में स्टेप बनाने का प्रारुप क्या है क्या तालाब से मिट्टी निकालकर बांध में लपेट कर स्टेप बना दिया जाना है अगर ऐसा है तो कई तालाब के बांध में ऐसे ही स्टेप बनाए जा रहे हैं ,जो बारिश होते ही मिट जाएंगे। वहीं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के संबंध में अधिकारिक सूत्रों की माने तो जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव ने कड़ी नजर रखी है और ऐसी सख्ती की जरूरत है क्योंकि किसानों के फसल सिंचाई का मामला है।

# टोरी फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण की शिलापट्ट का सतैसा पूजा तीन को




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** टोरी फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण की शिलापट्ट का सतैसा पूजा कार्यक्रम 03 जुलाई सोमवार समय 10 बजे आयोजित की गई है।इस आशय की जानकारी पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर दी है।उन्होंने बताया कि दिनांक 03 अप्रैल 2021 को फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया था। लेकिन 27 महिना हो गया फिर भी इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। ब्रिज का निर्माण शुरू नहीं होने से ग्रामीण शिलापट्ट का सतैसा पूजा कार्यक्रम पुरे विधि विधान से करेंगे। उन्होंने आगे कहा की निर्माण कार्य शुरू होने में जिस तरह 27 माह विलंब हो गया है। इससे शंका है,कि किसी की बुरी नजर फ्लाई ओवर ब्रिज के शिलापट्ट और इस परियोजना पर लग गई है।इस लिए निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। सतैसा कार्यक्रम कर शिलापट्ट से बुरी नजर को भगाया जाएगा ताकि बुरी नजर के कारण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है, तो कार्य शुरू हो सके।

## सांसद के सौजन्य से लगा 63 केवी का ट्रांसफार्मर ग्रामीणों में हर्ष



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखणड के अंतर्गत द्वारी ग्राम पंचायत के कुंभराना स्थान पास सांसद सुनील कुमार सिंह के सौजन्य से 25 केवी ट्रांसफॉर्मर के जगह पर 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया। ट्रांसफार्मर का उद्घाटन सांसद के दूरसंचार जिला सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद यादव के द्वारा फीता काटकर किया गया। जिनको ग्रामीणों ने सराहा। उपस्थित ग्रामीणों ने सांसद महोदय के प्रति आभार जताते हुए अपनी अपनी खुशी उजागर किया है।इस उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल राजकुमार प्रजापति भुनेश्वर प्रजापति हीरा यादव भजन यादव सुरेश ठाकुर रामदेव प्रजापति मोती यादव सुनील यादव शंभू कुमार राणा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# कारवाई नहीं हुई तो अंचल कार्यालय में तालाबंदी कर देंगे धरना : अमित पांडेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आजसू पार्टी जिला कार्यालय लातेहार में दिन रविवार आम जनों के साथ बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित पांडे ने की।संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पे है। कोई सुनने वाला नही है।चतरा लोकसभा के इतिहास में कोई क्षेत्रीय संसद नही होना बहुत बड़ा दुर्भाग्य है,जनता इतनी त्रस्त है। फिर भी कोई कुछ बोलने को तैयार नही है, हम लोकसभा स्तर पर अभियान चलाके जनता जनार्दन से आग्रह करेंगे कि जिन्हें भी चतरा लोकसभा से अपना प्रतिनिधि चुने वो क्षेत्रीय हो ताकि उन्हें क्षेत्र की जनता कि समस्या समझ में आये,और जनता उन तक अपनी बात पहुंचा सके। बैठक में ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रमुख रूप से 5 जुलाई को उपायुक्त से सभी लोग मिलेंगे और विस्तृत रूप से बातों को बताएंगे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 15 दिनों के अंदर सारे आवेदनों पर कार्रवाई नहीं हुई तो अंचल कार्यालय में तालाबंदी कर धरना शुरू किया जाएगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान, विकाश साहू, संजय तिवारी, नब्बू भुईयां, जुबेर अंसारी, अनुज प्रसाद, डोमन यादव, बुटन भुईयां, ताज मोहम्मद मुराद खान, प्रमोद भुईयां, शोभा देवी, रामगति प्रसाद, आदि लोग शामिल थे।

# सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थानां क्षेत्र अंतर्गत संचालित मगध कोल परियोजना में सीसीएल प्रबंधन द्वारा अधिकारियो की तबादला किये जाने पर मगध कार्यालय में समान सह बिदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमे जारी आदेश के अनुसार मगध संघमित्रा क्षेत्र से राकेश कुमार को स्थानांतरित करते हुवे उन्हें नई प्रमोसन के साथ अरगड्डा सिरका परियोजना में क्षेत्र मैनेजर के पद पर प्रमोसन किया गया इस अवसर पर जीएम निपेन्द्र नाथ ने कहा कि ट्रांसफर पोस्टिंग बिभाग की एक प्रकिर्या है जिसे हर कोई को आज यहाँ तो कल वहाँ जाना तय है राकेस कुमार काफी सुलझे हुवे व्यक्ति है माइनिंग इंचार्ज के रूप में कार्यरत रहते हुवे उन्होंने अपनी जिम्मेदारी का सम्पूर्ण निर्वहन किया हमें आशा है कि जिस तरह से मगध कोल परियोजना में इन्होंने पूरी निष्ठा के साथ काम किया है उसी प्रकार से वहाँ भी लग्न और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे वही विदाई समारोह में कई अधिकारियों ने उनके प्रमोसन होने पर बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है मौके पर सिविल ऑफिसर सुनील मनोहर भास्कर, खान प्रबंधक मोहम्मद अकरम, विक्रय पदाधिकारी दया शंकर ओझा, माइन इंचार्ज संजय कुमार बेहेरा, सेफ्टी ऑफिसर सत्य नारायण प्रसाद, परियोजन अभियंता (असैनिक) पंकज सरकार, उप प्रबंधक (कार्मिक) असीम प्रकाश, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), आकाश वरुण कुल्लु, सहायक प्रबंधक(सर्वेक्षक) छोटेलाल भगत, विद्युत और यांत्रिक विभाग से अजय कुमार सिन्हा, राजेश कुमार, अनिल हेम्ब्रोम, देबब्रता सरकार एवं वी0पी0आर जीएम श्रीनिवास रेड्डी भी उपस्थित थे।

## दो मोटरसाइकिल के आमने सामने टक्कर में दो घायल

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ मुरपा मोड़ में दो मोटरसाइकिल की हुई टक्कर में लक्ष्मण पूर्ति 35 वर्ष पिता ढहा पूर्ति ग्राम चेरो बो दा थाना चंदवा एवं सोमा पूर्ति 22 वर्ष पिता विष्णु पूर्ति ग्राम चीची केरा जिला रांची गंभीर रूप से घायल हो गया। बालूमाथ के समाजसेवी शैलेश सिंह एवं राजू कुमार के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां चिकित्सक डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार द्वारा प्राथमिकी इलाज की गई। मिली जानकारी के अनुसार दोनों एक मोटरसाइकिल में सवार होकर चेरो बोदा से लावा लोंग चतरा रिश्तेदार के यहां जा रहा था। इसी बीच मुरपा मोड़ के समीप बालूमाथ तेली टोला निवासी त्रिवेणी साहू की मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। जिससे लक्ष्मण पूर्ति एवं। सोमा पूर्ति दोनों गिरकर घायल हो गए।

## पति-पत्नी के विवाद में मारपीट में पति घायल

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के पिंडारकोम ग्राम में पति-पत्नी के हुए विवाद में मारपीट में पति घायल हो गया घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुलदीप यादव 32 वर्ष पिता स्व0 कौली यादव का अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच में मारपीट हो गई ।घटना में पति के सर में चोट लग गई। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से कुलदीप यादव को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उसका प्राथमिक इलाज किया गया।

## भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनाए गए रामनिवास पाठक

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामनिवास पाठक जी को बनायें जाने पर उन्हें बधाई देने वालो का लगा तांता वह बधाई देने वालो में कुटमू निवासी पूर्व मुखिया संजय सिंह, जय प्रकाश बैठा, उमेश कुमार बैठा,विक्रम राम, कमलेश यादव, अख्तर हुसैन, जमुना सिंह, दरोगा सिंह, राघवशरण सिंह, बेतला मुखिया मंजू देवी, प्रमोद रजक,उप मुखिया बसंती देवी, अकरम अंसारी समेत काफी संख्या में उन्हें बधाई दी है।

## कन्या सोशल वेलफेयर फाउण्डेशन ट्रस्ट ने की मदद

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कन्या सोशल वेलफेयर फाउण्डेशन ट्रस्ट की ओर से कुटमू निवासी उमाशंकर प्रसाद गुप्ता की दिव्यांग पुत्री की शादी के विदाई के समय फर्नीचर सामग्री प्रदान की गई जिसमें गोदरेज, पलंग, बर्तन,उपहार के रूप दी गई। मौके पर उपस्थित बेतला मुखिया मंजू देवी, संस्था की मनोज मेहता, रेशमी देवी,अनुप तिवारी, अवधेश कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## जिला मुख्यालय चतरा में रोजगार मेला का आयोजन तीन जुलाई को

**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा जिला के सभी प्रखंडों के बेरोजगार युवक एवम् युवतियों को श्रम नियोजन एवं कौशल विकास विभाग की ओर से रोजगार के लिए सुनहरा मौका प्रदान किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए टंडवा बीडीओ रंथु महतो ने कहा कि दिनांक तीन जुलाई (सोमवार) को (ह्यष छात्रावास) चतरा सदर प्रखंड मैदान में विभिन्न कंपनियों के द्वारा रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें रोजगार के लिए इच्छुक प्रखंड क्षेत्र के युवक/ युवतियों से ससमय अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ पहुंचकर भाग लेने की अपील श्री महतो ने किया है।

## बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को किया पत्राचार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, लातेहार द्वारा प्राप्त आवेदन के आलोक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को पत्राचार किया है।किए गए पत्राचार मे कहा गया है की सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत परसही के मुखिया एवं अन्य ग्रामीण जनता का लिखित आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि ग्राम मतनाग से आंगनबाड़ी केन्द्र पतकी की दूरी 4 किलोमीटर है।जिससे मतनाग के बच्चें को आंगनबाड़ी केन्द्र का लाभ प्राप्त करने हेतु रांची रोड पार कर जंगल के रास्ते 4 किलोमीटर दूरी तय कर आंगनबाड़ी केन्द्र पतकी जाना पड़ता है, जिस कारण बच्चें लाभ से वंचित रहते हैं। वहीं सड़क पार करते हुए गाड़ी एवं जंगल कि रास्ते में जानवरों से खतरों कि शंकाएं हमेशा बनी रहती है।उक्त परिपेक्ष्य में ग्राम परसही के मुखिया एवं ग्रामीण जनता के द्वारा नया आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने हेतु अनुरोध किया गया है।

# भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा के प्रदेश स्तरीय कोर कमेटी की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेतला :** बेतला के न्यू टूरिस्ट काम्प्लेक्स सभागार में भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की प्रदेश स्तरीय कोर कमेटी की बैठक बेतला में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से सत्येंद्र तिवारी पूर्व प्रशासनिक पदाधिकारी झारखंड सरकार, नितिन पांडे अधिवक्ता, संजय पांडे अधिवक्ता सह वरिष्ठ पत्रकार, समेत कई टीम के लोग मौजूद थे। बैठक के उपरांत रामनिवास पाठक को लातेहार जिला अध्यक्ष एवं अश्विनी त्रिपाठी को पलामू जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया,मनोनीत पत्र देकर एवं माला पहना कर कोर कमेटी के टीम के द्वारा स्वागत किया गया। नवनियुक्त लातेहार जिला अध्यक्ष रामनिवास पाठक ने कहा कि भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा एक नई क्रांति है। जो लोगों के बीच में जाकर जागरूकता करती है एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी संगठन के दिशा निर्देश के आलोक में आवाज उठाती है। जिला अध्यक्ष अश्विनी त्रिपाठी ने कहा कि पलामू में भ्रष्टाचार को कम करने के उद्देश्य से कई जागरूकता कार्यक्रम चलाई जाएगी। एवं लोगों को इस संगठन में सदस्यता अभियान चलाकर जोड़ने का भी प्रयास किया जाएगा।वही प्रदेश कोर कमेटी के दिशा निर्देश के आलोक में शीघ्र ही पलामू एव लातेहार जिले में जिला स्तरीय कमेटी की गठन किया जाएगा, मौके पर दीपक राज, अख्तर अंसारी, राम प्रकाश तिवारी, सुरेंद्र कुमार,प्रमोद रजक, रवि कुमार गुप्ता,धीरेंद्र पाठक,चंदन कुमार राय, अवध किशोर राय, सोनू अंसारी, अकरम अंसारी समेत कई पलामू एवं लातेहार व पलामू जिले के अधिवक्ता एवं पत्रकार समेत कई गणमान्य लोग तथा समाजसेवी मौजूद थे।

## लायंस क्लब के सदस्यों ने हेरुआ शिव मंदिर प्रांगण में किया फलदार व औषधीय पौधों का रोपण, गरीब बच्चों को कराया गया भोजन



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के स्थानीय हेरुआ शिव मंदिर प्रांगण में क्लब के नव निर्वाचित अध्यक्ष सह प्रसिद्ध आयुष चिकित्सक लायन डॉ हर्षदेव गुप्ता के नेतृत्व में लगातार तीसरे सप्ताह निःशुल्क रक्तचाप (बी पी) एवं मधुमेह जाँच सह परामर्श शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिप उपाध्यक्ष श्री बिरजू तिवारी, अशोक कुमार आदि सहित कुल 50 मरीजों की जाँच की गयी। लायंस क्लब इंटरनेशनल के आह्वान पर डिस्ट्रिक्ट 322 के द्वारा संचालित ÷वन डिस्ट्रिक्ट, वन एक्टिविटी÷ नामक खास पर्यावरण रक्षा सम्बन्धी कार्यक्रम के साथ 1 जुलाई 2023 से लायंस क्लब ऑफ़ चतरा यूनाइटेड ने अपने नए लिओनीस्टिक वर्ष 2023-24 का शुभारम्भ हेरुआ मंदिर प्रांगण में उम्दा किस्म के काजू, कचनार, नीम, आँवला, आम जैसे औषधीय व फलदार पौधों के रोपण के साथ किया जिसका नेतृत्व क्लब के नए अध्यक्ष लायन डॉ हर्षदेव गुप्ता, प्रथम उपाध्यक्ष लायन चंद्रशेखर गुप्ता व द्वितीय उपाध्यक्ष लायन बसंत दांगी जी ने किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सह क्लब के निदेशक जिप उपाध्यक्ष लायन श्री बिरजू तिवारी जी ने मंदिर प्रांगण में काजू का पौधा रोपण किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि वृक्ष हमारी जीवन रेखा हैं। पर्यावरण की रक्षा हर मानव का सर्वोच्च नैतिक दायित्व है व लायंस क्लब इसके लिए कृतसंकल्प है। मौके पर उपस्थित कबाड़ चुननेवाले दर्ज़न भर से अधिक गरीब बच्चों को मार्केटिंग चेयरपर्सन लायन प्रहलाद यादव व लायन (डॉ) संध्या रानी ने भोजन कराया व फल, चॉकलेट आदि भी दिए।

# पुर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन द्वारा सेवानिवृत जवान को किया गया भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** रविवार को चतरा में आर्मी से सेवानिवृत जवान लीलधारी साव को पुर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड द्वारा स्वागत किया गया।इन्हे बुके देकर चतरा केशरी चौक मे स्वागत किया गया, साथ ही केशरी चौक से बाइक रैली की मदद से सीआरपीएफ कैंप तक देशभक्ति की गीतों व बंदे मातरम की जयकारे के साथ लाया गया। तत्काल सभी गाड़ियों की मदद से इनके गांव सिमराडीह पहुंचे, वहां ग्रामीणों की मदद से साहु समाज अध्यक्ष जीवलाल साहु, कान्हाचट्टी प्रखंड अध्यक्ष निर्मल साहु, बजरंगदल अध्यक्ष व मुखिया घनश्याम पासी ने इनका भव्य स्वागत किया,चतरा जिला अध्यक्ष मोहन कुमार साहा द्वारा ट्रस्ट के उद्देश्यों के बारे मे बताए साथ ही लीलधारी साव जी का संक्षिप्त परिचय कराकर,देश मे सेना के योगदान के बारे में बताए और युवाओं को सेना मे आने का संदेश दिया,पुर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा इन्हे अंगवस्त्र व मुवमेंटो देकर सम्मानित किया गया,इस प्रोग्राम में पुर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, मुख्य रूप से चतरा जिला अध्यक्ष मोहन कुमार साहा, सलाहकर अनिल पाठक, सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष किसुन राम, हंटरगंज प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश उपाध्याय, महेश बंदों, सुरेश मिंज, सुजीत कुमार, सूरज कुमार, अखलेश कुमार, बिनय कुमार, बजरंगी राम व सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे, गांव वालों ने पुर्व सैनिक संगठन की सराहना किए, मंच का संचालन मोहन कुमार साहा ने किया।

## हल्की बारिस में बने कब्रिस्तान गार्डवाल हुआ धाराशाही

➲ आखरी मंजिल में भी जम कर किया गया है लूट का छूट

➲ कल्याण विभाग योजना का इस तरह किया जा रहा है कल्याण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के केंदू गाँव में लाखों रूपये से बनाये जा रहे कब्रिस्तान के गार्डवाल निर्माण इन दिनों हल्की बारिष में धाराशाही हो चुका है। जबकि यह गार्डवाल निर्माण कल्याण विभाग के द्वारा किया जा रहा है। ग्राडवाल निर्माण में इस कदर लूट की गयी की देखने वाला भी खुद शर्मिंदा हो जाएगा। गार्डवाल निर्माण तो किया गया है किंतु पत्थर को सजा कर बॉउंड्री के तरह गार्डवाल बना दिया गया किन्तु एक तरफ 14 बालू और एक सीमेंट का मात्रा से केवल एक तरफ लीपापोती कर दिया गया है ।वहीं दुशरी छोर में सीमेंट लगाने छोड़ केवल मिट्टी से दीवाल को छुपा दिया गया है। जबकि कुछ दूरी अभी भी जैसा का तैसा सजाया हुआ पत्थर दिख रहा है। यही कारण है कि हल्की वर्षा के कारण ज्योहीं नदी में बाढ़ आई तो जैसे तैसे बने गार्डवाल बाढ़ के सामने दम तोड़ते हुए धाराशाही हो गया है। इस तरह घटिया निर्माण में आखिर कौन सा इंजीनियर शामिल है या वगैर इंजीनियर का इतना बड़ा झारखण्ड सरकार का महत्व कांक्षी योजना को जैसे तैसे पूर्ण कर रूपये का बंदरबांट कर लिया जाता है यह एक बड़ी सवाल है। एक तरफ अल्पसंख्यकों को उत्थान के लिए उनके कब्रिस्तान का घेरा बंदी के लिए झारखण्ड सरकार ने लाखों या करोड़ो रूपये लगा रहा है वहीं कुछ छूट भैये ने योजना को तार तार कर अपनी जेब भरने में लगे है। आखिर इस तरह मुसलमानों का उत्थान कैसे होगा यह एक बड़ी सवाल है। दुशरी ओर अब आखरी मंजिल यानी कब्रिस्तान हो या शमशान घाट इसमें भी लोग लूट का छूट बना रखा है। वहीं पत्रकारों द्वारा जब मामले को उजागर किया गया तो सवेंदक इलियास द्वारा मोबाईल नम्बर 8409958912 से गाली गलौज व देख लेने तक की धमकी दी जा रही है। किन्तु ऐसे धमकी से हम डरने वाले नहीं हैं सच्चाई को सामने लाने का हरसम्भव पत्रकारों को प्रयास रही है और रहेगा।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने विभागवार विधायक प्रतिनिधि किया मनोनीत

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला ने विभाग बार विधायक प्रतिनिधि मनोनित किया किया है। जिसका एक पत्र अनुमंडल पदाधिकारी बरही को भेजा गया। विधायक उमाशंकर अकेला ने बताया कि बरही प्रखंड के विकास कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न कराने, विभाग के पदाधिकारियों से संपर्क कर जनता की समस्याओं का समाधान करने, मेरे अनुपस्थिति में विभागों की बैठक में भाग लेने के लिए विभागवार विधायक प्रतिनिधि मनोनीत कर रहा हूं। मुझे आशा है कि सभी प्रतिनिधि पूरी ईमानदारी पूर्वक से अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे। जिसमें अनुमंडल कार्यालय के लिए कारीमाटी के वासुदेव यादव व गुड़ियों के दशरथ यादव, प्रखंड कार्यालय के लिए केदारुत के देवचंद यादव, कोनरा के मो. वारिस अंसारी, अंचल कार्यालय के लिए खोंडाहर के छोटे लाल यादव, पंचमाधव के वीरेंद्र यादव, बरही थाना के लिए बरही के मनान वारसी, धनबाद रोड बरही के अमित जयसवाल, महिला थाना के लिए कोनरा मुखिया यासमीन तबस्सुम, स्वास्थ्य विभाग के लिए कौनरा दरगाह मोहल्ला के मो. रिजवान, बरहीडीह के प्रमोद सिंह, शिक्षा विभाग के लिए लाठिया के गाजो यादव, खाद आपूर्ति विभाग के लिए बरहीडीह के अशोक सिंह, मो. असलम, विद्युत विभाग के लिए कारीमाटी के राजू राणा, हजारीबाग रोड के उदय केसरी, आदिवासी कल्याण विभाग के लिए कुंडवा के बीना उराव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के लिए शिंहपुर के मनोज कुमार, वन एवं पर्यावरण विभाग के लिए छोटकी बरही के मो. तौकीर रजा, कृषि एवं पशुपालन विभाग के लिए धोबियाटांड के महेश यादव, गोरियाकरमा के अर्जुन यादव, मत्स्य विभाग के लिए बरही के रंजीत निषाद, अल्पसंख्यक विभाग के लिए रसोइया धमना के मो. तैयब अंसारी, बाल विकास विभाग के लिए जरहिया के मनोहर यादव, अनुसूचित जाति विभाग के लिए करियातपुर के रामकुमार रविदास का चयन किया गया।

## झारखण्ड के एक कलाकार ने उत्कृष्ट अभिनय के दम पर बॉलिवुड में मचाया धमाल

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड-बंगाल के बॉर्डर पर स्थित बोकारो जिला अंतर्गत चंदनकियारी जैसे पिछड़े और छोटे गांव की गलियों में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के दौरान स्टेजों में अपनी कलाकारी का बेहतर प्रदर्शन कर लोगों का मनोरंजन करने वाले कलाकार जनार्दन झा उर्फ़ जेजे ने अपनी दृढ़-इच्छाशक्ति के साथ मेहनत और लगन के बदौलत अपने विलक्षण अभिनय प्रतिभा को न सिर्फ़ पहचाना बल्कि गांव की गलियों के स्टेज शो में मिले लोगों के प्यार और दुलार को अपनी ताकत बनाकर आगे बढ़े और आज माया नगरी मुंबई में रहकर बॉलीवुड में धमाल मचा रहे हैं। यूं तो बॉलीवुड में इनकी पहचान एक हास्य कलाकार के रूप में है लेकिन किसी भी किरदार को बड़े ही जीवंत तरीके से करने का इनका का तरीका अनोखा है । झारखंड के बोकारो जिला अंतर्गत चंदनकियारी निवासी स्व.सुनील कुमार झा के पुत्र जनार्दन झा एक मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखते हैं। बचपन से ही कला के क्षेत्र में इनकी विशेष रुझान रही है। इन्होंने अपनी स्कूलिंग शिक्षा चंदनकियारी +2 हाई स्कूल से किया है। कॉलेज की पढ़ाई राम लखन कॉलेज, रांची से इन्होंने किया। स्कूल के दिनों से ही पढ़ाई से अधिक कला के क्षेत्र में इनका रुझान रहता था। जनार्दन झा के अनुसार स्कूल के छोटे-छोटे कार्यक्रमों में अपने अभिनय कला का प्रदर्शन कर सहपाठियों और शिक्षकों का दिल जीतना और फिर गांव गलियों के धार्मिक आयोजनों जैसे काली पूजा- दुर्गा पूजा- लक्ष्मी पूजा में स्टेज परफॉर्मेंस के जरिए दर्शकों का प्यार पाना जीवन का मकसद बन गया। फिर कॉलेज के दिनों में यूथ फेस्टिवल में भाग लेना और राजधानी रांची में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के दौरान अपने कला का प्रदर्शन कर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करना अपनी दिनचर्या में शुमार हो गई । जनार्दन झा राजधानी रांची में ही थिएटर से जुड़ गए और एक कॉमेडी कलाकार के रूप में काम करने लगे। इसी बीच साल 2015 में जब झारखंड की धरती के लाल भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रहे महेंद्र सिंह धोनी के जीवनी पर नीरज पांडेय ग्रुप द्वारा बॉलीवुड फिल्म एम एस धोनी बनाया गया तो इसमें जनार्दन झा का चयन हुआ। यहीं से शुरू हुई जनार्दन झा के बॉलीवुड के सफर की शुरुआत। फिल्म एम एस धोनी में जनार्दन झा ने ट्रेवल एजेंट के गैराज मालिक का किरदार अदा किया। उनके इस किरदार को लोगों ने खूब पसंद किया और फिर जनार्दन झा ने ठान लिया कि बॉलीवुड में अपनी एक पहचान बनानी है। फिर रांची से मायानगरी मुंबई में उन्होंने दस्तक दिया। लगातार ऑडिशन और मेहनत के साथ संघर्षरत रहे। जिसका प्रतिफल हुआ कि धर्मा प्रोडक्शन से करण जोहार ने आयुष्मान खुराना के साथ ऐड फिल्म में इन्हें लीड रोल दिया जो सुपर- डुपर हिट रहा। इसके बाद लगातर कई बॉलीवुड फिल्म, वेब सीरीज, टीवी सीरियल और एड में कई महान हस्तियों के साथ काम करके इन्होंने अपने अभिनय का लोहा मायानगरी मुंबई में भी मनवाया। हाल ही में इन्होंने शताब्दी के महानायक अमिताभ बच्चन के साथ काम किया। झारखंड के इस लाल के एक्टिंग को देख अमिताभ बच्चन भी इनके कायल हो गए और इनके अभिनय की स्वतंत्र कंठ से प्रशंसा की । जनार्दन झा को बॉलीवुड में लोग जेजे के नाम से पुकारते हैं। जेजे ने नीरज पांडेय की फिल्म एम एस धोनी के अलावे टी- सीरीज की एंड एक्शन हीरो, महेश भट्ट और विक्रम भट्ट की फिल्म जुदा होके भी, अशोक नंदा की वन डे, प्रकाश झा की परीक्षा, ऑस्कर, माया का बदला, तीनों बहन का एक सपना, त्रिभुवन मिश्रा सीए टॉपर, सेक्टर 36 सीरिज के अलावे कई वेब सीरीज में काम किया जो नेटफ्लिक्स, जी- 5 और अमेज़न प्राइम में छाए रहा। जनार्दन झा ने टीवी सीरियल कुमकुम भाग्य, कुंडली भाग्य, मैडम सर, यह है चाहते, नागिन, तारक मेहता का उल्टा चश्मा, मेरी सांस भी बहुत है, परिणीति, ये बंधन टूटे ना, इमली, क्राइम पेट्रोल, सावधान इंडिया सहित कई अन्य टीवी ऐड में बॉलीवुड के बड़े-बड़े हस्तियों के साथ कार्य किया । हर इंसान के अंदर विलक्षण प्रतिभा विद्यमान है बस हमें उसे पहचानने की जरूरत है कि हम किस क्षेत्र में बेहतर कर सकते हैं। कई बार लोग हमें लेकर मजाक उड़ाते हैं लेकिन लोगों की बातों को नजरअंदाज कर हमें अपने कर्तव्यपथ पर निष्ठापूर्वक अग्रसर रहना चाहिए, तो एक दिन पहचान के साथ सफलता भी अवश्य मिलती है।

# जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए अच्छा वातावरण उपलब्ध कराने को जिला प्रशासन प्रतिबद्ध : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शिक्षा ग्रहण करने हेतु विद्यार्थियों को शांत एवं प्रभावशाली वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रामगढ़ शहर अंतर्गत रामगढ़ प्रखंड कार्यालय के समीप जिला पुस्तकालय संचालित है। पुस्तकालय का निर्माण डीएमएफटी के तहत कराया गया है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा 29 फरवरी 2020 को जिला पुस्तकालय का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया था जिसके उपरांत कोरोना व अन्य कारणों से जिला पुस्तकालय का संचालन शुरू नहीं हो पाया था। रामगढ़ जिले में उपायुक्त के पद पर पदभार ग्रहण करने के उपरांत रामगढ़ शहर के दौरे के क्रम में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने जिले के अन्य अधिकारियों के साथ जिला पुस्तकालय का निरीक्षण किया जिसके उपरांत उन्होंने बच्चों के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराते



हुए जिला पुस्तकालय का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा लगातार समीक्षा एवं निरीक्षण के कारण अप्रैल 2022 से जिला पुस्तकालय का संचालन शुरू हुआ वर्तमान में पुस्तकालय में 5000 से भी अधिक किताबें विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है वही 250 से अधिक बच्चों ने पुस्तकालय में अपना निबंधन कराया है। पुस्तकालय में विद्यार्थियों के लिए मिनरल वाटर, शौचालय, सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध है वही विद्युत सेवा बाधित होने की स्थिति में बच्चों के लिए इनवर्टर द्वारा विद्युत सप्लाई की सेवा भी उपलब्ध है। इस संबंध में बात करते हुए उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने कहा कि रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे मेधावी एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए अच्छा वातावरण उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा पुस्तकालय का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है वही हाल ही में बच्चों के उज्जवल भविष्य व राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों में उनके प्रवेश हेतु मेडिकल व इंजीनियरिंग कोचिंग सेवा भी निशुल्क रूप से डीएमएफटी के तहत संचालित की जा रही है। साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी कार्य किए जा रहे है। पुस्तकालय का लाभ ले रहे विद्यार्थियों ने उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं जिला प्रशासन रामगढ़ का धन्यवाद करते हुए कहा कि पुस्तकालय में न केवल उन्हें शांत वातावरण उपलब्ध हो रहा है बल्कि सामूहिक रूप से पढ़ाई कर रहे बच्चों के साथ पढ़ाई करने के क्रम में उनकी कई दुविधाएं भी दूर हो रही है वही उन्हें अन्य विद्यार्थियों की मेहनत देखकर जीवन में बड़ा लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा भी मिलती है। पुस्तकालय का लाभ ले रहे विद्यार्थियों ने कहा कि पुस्तकालय में कई ऐसे विद्यार्थी भी आते हैं जो कि जीवन यापन के लिए विभिन्न रोजगार से जुड़े हैं ऐसे में अगर लाइब्रेरी के संचालन के समय में बढ़ोतरी की जाए तो उन्हें काफी फायदा होगा साथ ही उन्होंने पुस्तकालय में वाईफाई सेवा एवं अन्य किताबें उपलब्ध कराने का आग्रह भी उपायुक्त से किया है।

## विधायक अंबा प्रसाद के आवास पर टेट पास सहायक अध्यापकों ने दिया धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंड राज्य टेट सहायक अध्यापक समन्वय समिति के द्वारा दो जुलाई को विधायक अंबा प्रसाद के हजारीबाग हुडहुडू स्थित आवास में सैंकड़ों टेट पास सहायक अध्यापक ने एक दिवसीय धरना दिया। सभा की अध्यक्षता उत्तरी छोटानागपुर के प्रमंडलीय अध्यक्ष अनीता महतो एवं सभा का संचालन कैलाश मेहता एवं चंदन ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। इस सभा में मुख्य अतिथि के रूप में टेट पास संघर्ष मोर्चा के प्रदेश महासचिव सह प्रदेश समन्वय समिति के वरिष्ठ सदस्य संजय मेहता उपस्थित हुए। सभी शिक्षक नया बस स्टैंड से रैली के शक्ल में मुख्यमंत्री महोदय वादा पूरा करो, टेट सहायक अध्यापक को वेतनमान देना होगा, का नारा लगाते हुए विधायक अंबा प्रसाद के आवास पर पहुंचे और धरना पर बैठ गए। सत्ता दल के सभी विधायक एवं मंत्री मुख्यमंत्री को चुनाव के समय किया हुआ वादा को पूरा करने का भाषण चलता रहा। विधायक अंबा प्रसाद पतरातू में जरूरी मीटिंग होने के कारण नहीं पहुंच पाई परंतु



टेलीफोन के माध्यम से उन्होंने बताया कि मंगलवार को आप लोग आइए बैठकर अपने बातों को रखिए। अध्यापकों का एक ही मांग है सभी टेट पास शिक्षकों को वेतनमान मिले। इस धरना में मुख्य रूप से मनीष ठाकुर, प्रह्लाद कुमार, गिरधारी प्रसाद, आशा कुमारी, विमलेश महतो, सिलोन भारती, जय शंकर प्रजापति, कालेश्वर प्रसाद ,कैलाश भुइयां, दिगंबर कुमार, अलाउद्दीन अंसारी, अजीत वर्मा, कृष्ण देव राम, सुभाष मेहता, अशोक पासवान, संजय कुमार, बच्चन कुमार ,बालेश्वर प्रसाद, कमल गुप्ता सहित सैकड़ों सहायक अध्यापक शामिल हुए।

## हेसला महेश्वर धाम में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** हेसला के ग्रामीण भक्तों के द्वारा रविवार को महेश्वर धाम शिव मंदिर के प्रांगण में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का शुभारंभ भक्ति भाव के साथ किया गया। अवसर पर महिला, पुरुष, बच्चे, युवा शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ के 24 घंटों के अखंड हरी कीर्तन में शामिल होकर जयकारे लगाए। पहले दिन महादेव के शिवलिंग पर रुद्राभिषेक, विधिवत पूजन, आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। वार्षिकोत्सव को लेकर गांव के सभी काफी उत्साहित और भक्ति में सरोवर दिखे। बाबा के मंदिर को



सुंदर फूलों की सजावट और आकर्षक विद्युत लाइटों से सजाया संवारा गया हैं। आगामी सोमवार को भव्य भंडारे के साथ वार्षिकोत्सव का समापन किया जाएगा। इधर हरे राम हरे कृष्णा, हर हर महादेव के नारों से पूरा गांव भक्तिमय बन उठा हैं। मौके पर महेश ठाकुर, युगेश बेदिया, दिलीप भुईयां, प्रदीप ठाकुर, रवि ठाकुर, विशेश्वर ठाकुर, जगनारायण बेदिया, महेश प्रजापति, शंकर ठाकुर, आलोक ठाकुर, छोटन मुंडा समेत दर्जनों भक्त उपस्थित थे।

## कोयलांचल में लोगों की पहुंच से दूर हुई सब्जियां

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** कोयलांचल मेंआसमान छूने लगे सब्जियों के दाम 100 रुपये प्रतिकिलो बिक रहा टमाटर बाजार में सब्जी बेचने वालों की संख्या पहले। की तुलना में काफी कम हो गयी है। मॉनसून आते ही सब्जी की कीमतों में. उछाल आ गयी है. हर सब्जी की कीमत बढ़ गयी है. बारिश के साथ महंगे बिक रहा है. टमाटर की कीमत 100 रुपये प्रतिकिलो है. 40 रुपये प्रतिकिलो बिकने वाला शिमला मिर्च 80 रुपये प्रतिकिलो बिक रहा है. बरसात में किसान धान की खेती में जुट जाते हैं, ऐसे में सब्जी की खेती कम होती है. बरसात में सब्जियां भी नष्ट होती हैं. इससे बरसात आते साग -सब्जी की कीमत बढ़ जाती है.



किसानों ने कहा कि पैदावार कम होने से सब्जी के दाम बढ़ जाते हैं सब्जियों के दाम बढ़ने के साथ गरीब वर्ग की थाली से हरी सब्जियां गायब हो गयी हैं, सब्जियों के दाम बढ़ने व मंडी में कम मिलने के कारण यह परेशानी हो रही है सब्जी बेचने वालों की संख्या पहले की तुलना में काफी कम हो गयी है. इससे हर वक्त गुलजार रहने वाली सब्जी मंडी सुनसान दिख रही है. रसोई पर सीधा असर पड़ता है- सब्जी सब्जी विक्रेता संजय कुमार ने कहा कि चार-पाँच दिन में सब्जियों की कीमत में काफी वृद्धि हुई है, मंडी में सब्जियां बहुत ही मुश्किल से मिल रही हैं. अगर ऐसा ही चलता रहा, तो कुछ दिनों के लिए दुकान बंद करनी पड़ेगी. जब सब्जी नहीं मिलेगी, तो हम क्या बेचेंगे महंगी सब्जी के लिए पूंजी भी अधिक लगानी पड़ती है और बिक्री भी कम होती है । गृहिणी निखत परवीन ने कहा कि सब्जियों के दाम में वृद्धि होने से घर का बजट बिगड़ जाता है. आम तौर पर घर चलाने की जिम्मेदारी महिलाओं पर होती है. राशन के साथ सब्जियों के दाम बढ़ने से महीने में लगभग 1500 खर्च बढ़ जाता है।

## मांडू के मंझला चुम्बा में मनरेगा के तहत चल रहे योजनाओं में अनियमितता का आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** मांडू प्रखंड के मंझला चुम्बा ग्राम पंचायत के रामप्रवेश कुमार सिंह ने रामगढ़ डीडीसी में बीते शनिवार को आवेदन सौपा हैं। पत्र में कहां है कि मांडू प्रखंड में चालू वित्तीय वर्ष के अंतर्गत मनरेगा से हो रहे योजना कूप निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है। कूप की गहराई कम है। ईट को जुड़ाई मिट्टी से की गई है। कुछ कूप ऐसे हैं, जिनकी खुदाई भी नहीं की गई हैं, धरातल पर नहीं है। बीते 28 जून 2023 को इन सभी अपूर्ण कुपो का सामग्री का पैसा का निकासी कर ली गई है। पत्र में इसकी जांच करने तथा दोषी लोगों पर करवाई करने की मांग की है। लाभुको में प्रेम कुमार, साकिर अंसारी, बिगु रविदास, अनुज साव, सुभाष सिंह, दिनेश्वर राम, निसार अंसारी, अरुण प्रसाद, तारा देवी आदि के नाम शामिल हैं।

## श्री श्री नाथ धाम मंदिर सौदागर न्यू कॉलोनी की दो मंजिला गुंबद की ढलाई कार्य का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री श्री नाथ धाम मंदिर सौदागर न्यू कॉलोनी की दो मंजिला से 50 फीट गुंबद की ढलाई का कार्य शुभारंभ किया गया। जिसमें विधिवत पूजा का शुभारंभ से ढलाई का कार्य की शुरुआत की गई । ढलाई के कार्यक्रम में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेश वर्मा सचिव राजेश ठाकुर ने ढलाई का कार्य पहला कढ़ाई सीमेंट की डालकर शुरुआत किया गया । इस ढलाई कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र वर्मा पूर्व सचिव राजू रजक समाजसेवी नीलू रजक विपिन साहू कोषाध्यक्ष अनिल रजक रामदेव पांडे राजेश मुंडा रवि रजक राजू गुप्ता पूर्व कोषाध्यक्ष अशोक रजक सुधीर अग्रवाल प्रकाश कुमार मनोज सोनी किशोर जैस्वाल कृष्णा पांडे छोटू सिंह गणेश महतो परकाश मुंडा यजमान श्री नंदलाल पांडे मिस्टीरि नवीन कुमार पुजारी श्रीकांत पांडे ने किया।

## बरकाकाना क्षेत्र गांवों में शिक्षा जागरूकता अभियान चलाएगा बुद्धिजीवी मंच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुद्धिजीवी मंच बरकाकाना क्षेत्र की एक विस्तारित बैठक राजेंद्र क्लब, नया नगर बरकाकाना में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष प्रदीप करमाली ने किया और संचालन सचिव प्रो शाहनवाज खान के द्वारा किया गया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष अधिवक्ता उमेश महतो ने किया। बैठक में मंच के पिछले कार्यों और आय व्यय की समीक्षा की गई और आगामी कार्य योजना बनाया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बरकाकाना क्षेत्र के सभी गांव में शिक्षा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली ने कहा कि जन मुद्दों को जनता खुद हल करने की कोशिश करें इसके जीत को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि अभी हमारे पास एक बड़ी समस्या यह है कि गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चे शिक्षा से दूर हो रहे हैं या तो नामांकन नहीं कराते





हैं या नामांकन करा भी लिए तो नियमित विद्यालय नहीं जाते हैं जिसके कारण वह सही ढंग से शिक्षित नहीं हो पाते हैं और उनका केरियर अधूरा रह जाता है। मंच एक कार्यक्रम के तहत सभी गांव में नुक्कड़ सभा और डोर टू डोर अभिभावकों को समझाने का काम करेगा। मंच के सचिव प्रोफेसर शाहनवाज खान ने कहा कि हमें सरकार से मांग करने के साथ सरकार के कार्यों में भी सहयोग करना चाहिए तब हम एक खुशहाल समाज, राज्य और देश का कल्पना कर सकते हैं। वर्तमान में सरकार का भी ÷बैक टू स्कूल (रुआर )÷ नामक कार्यक्रम इसी मकसद को पूरा करने का है अगर हम इस अभियान को चलाएंगे तो सरकार के इस कार्यक्रम में भी सहयोग होगा। मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली, संयोजक रविंद्र मुंडा, प्रवक्ता सुशील कुमार, उपाध्यक्ष सोनी महतो, संगठन सचिव रियासत हुसैन, कोषाध्यक्ष मो सलीम, उप-कोषाध्यक्ष देवकी बेदिया, अमल घोषाल, शिल्पी घोषाल, महादेव ठाकुर, रामशिवम सिंह, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, तृतीयाल बेदिया, मोहित मुंडा, ब्रह्मदेव महतो, मदन दांगी, मंटू कुमार बेदिया, शिल्पी कुमारी, घनश्याम महतो, राजकुमार रवि, दिनेश करमाली, मो इमरान, मोहम्मद अली,अनजन कुमार, प्रमोद महतो, किरण पटेल, रेशमा देवी, सुमन कुमारी, पारवती कुमारी, गोकुल महतो, मंटू कुमार बेदिया, राजेंद्र बेदिया, गिरीशंकर महतो, सुभाष बेदिया, श्यामलाल करमाली, मीना राय, मो हातिम आदि उपस्थित थे।

# हजारीबाग व रामगढ़ में विराट स्तर पर चलाया गया महाजनसंपर्क अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के ऐतिहासिक 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा देश भर में जून माह में महाजनसंपर्क अभियान चलाया गया। हज़ारीबाग लोकसभा में भी विराट स्तर पर महा जनसम्पर्क अभियान चलाया गया, जिसमें सांसद हज़ारीबाग सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा के नेतृत्व में हज़ारों कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।इस अभियान के तहत हज़ारीबाग संसदीय क्षेत्र के कोने-कोने में मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया



गया। विकास तीर्थ, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स मीट, लाभार्थी सम्मेलन, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ टिफ़िन पर भोजन व परिचर्चा, डोर टू डोर जनसम्पर्क, विशाल जनसभा, योग दिवस, संयुक्त मोर्चा सम्मलेन व व्यापारी सम्मलेन समेत विभिन्न कार्यक्रम क्षेत्र भर में आयोजित किये गए। इन कार्यक्रमों में भाजपा, झारखण्ड के अनेक वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए। जयंत सिन्हा ने हज़ारीबाग व रामगढ़ में कई दिनों तक डोर टू डोर जनसम्पर्क किया। उन्होंने लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धियों व विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। मोदी जी के नेतृत्व में पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक विकासशील योजनाओं का लाभ पहुँच रहा है। हज़ारीबाग लोकसभा के सुदूरवर्ती इलाकों तक लोग बुनियादी सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं।जयंत सिन्हा ने अपने दौरों के दौरान हज़ारीबाग व रामगढ़ में क्रियान्वित योजनाओं का निरीक्षण कर समीक्षा की। हज़ारीबाग मेडिकल कॉलेज व अस्पताल, हज़ारीबाग व रामगढ़ सदर अस्पताल, अक्षयपात्र रसोईघर, पतरातू सुपर थर्मल पावर प्लांट, सेण्टर फॉर ट्राइबल स्टडीज, छठ घाटों व तालाबों का सौंदर्यीकरण समेत कई विकास कार्यों की प्रगति को गति देने के लिए अधिकारीयों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने रामगढ़ सदर अस्पताल में लगभग 100 ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर भी वितरित किये। हज़ारीबाग व रामगढ़ में जयंत सिन्हा व भाजपा कार्यकर्ताओं को जनता का भरपूर स्नेह व आशीर्वाद मिला। लोग मोदी सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों से बेहद खुश व संतुष्ट हैं। भाजपा द्वारा हज़ारीबाग में आयोजित विशाल जनसभा में 7000 से अधिक लोग शामिल हुए। सभी ने एकस्वर में मोदी जी के प्रति अपना समर्थन जताया। यह सब गरीब व जनकल्याण के कारण ही संभव हो पाया है।जयंत सिन्हा हज़ारीबाग लोकसभा का बहुमुखी विकास कर रहे हैं। उनके प्रयासों के कारण ही हज़ारों करोड़ की परियोजनाएं क्षेत्र में धरातल पर उतरी हैं। उनके प्रयासों का सुफल क्षेत्र को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के रूप में मिला है। मोदी जी ने हज़ारीबाग व झारखण्ड को यह सौगात दी है। अब पटना से रांची का सफर सिर्फ 6 घंटे में पूरा होगा। इससे लाखों यात्री सीधा लाभान्वित होंगे। हज़ारीबाग से अन्य लम्बी दूरी की ट्रेन भी जल्द शुरू की जाएँगी। जयंत सिन्हा ने जनसम्पर्क अभियान के दौरान हज़ारों लोगों को सीधा मोदी जी के साथ जोड़ा। भाजपा द्वारा चलाये गए कार्यक्रम के तहत उन्होंने क्षेत्रवासियों से 9090902024 पर मिस्ड कॉल करवाई और उन्हें जनसम्पर्क से जनसमर्थन अभियान का हिस्सा बनाया। जून माह भर चला यह महा जनसम्पर्क बेहद सफल व ऐतिहासिक रहा। जनता द्वारा भाजपा को दिया जा रहा स्नेह 2024 का परिणाम बता रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में पुनः मोदी सरकार प्रचंड बहुमत के साथ विजयी होने जा रही है। जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है। मोदी सरकार ने गरीब कल्याण के साथ हर क्षेत्र की प्रगति को बढ़ावा दिया है। आज भारत विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। मोदी सरकार ने 9 वर्षों में विकास व जनसेवा के जो कार्य किए हैं, वो अतुलनीय हैं। इन कार्यों को हम अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रहे हैं।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# चार अपराधियों को हथियार समेत पुलिस ने किया गिरफ्तार

## पांच जिंदा गोली, चार मोबाइल फोन, एक पल्सर बाइक और एक स्कूटी बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बीते जून महीने में अपराधियों द्वारा दहशत फैलाने के उद्देश्य से धनबाद के व्यापारियों पर फायरिंग किए जाने के मामले में धनबाद पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने इन घटनाओं में शामिल चार अपराधकर्मियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस इन अपराधियों को मदद पहुंचाने वालों की भी पहचान कर उनकी गिरफ्तारी में जुट गई है।धनबाद एसएसपी ने रविवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि बीते 5 जून को ठाकुर मोटर्स, 27 जून को राशिद महाजन और 29 जून को अप्सरा ड्रेसेस के यहाँ फायरिंग किए जाने के मामले में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। इन्होंने कहा कि सिटी एसपी, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर की देख रेख मे बनाई गई टीम जो ऑर्गनाइज गैंग के ऊपर लगातार काम कर रही थी उसी दौरान टीम को यह सफलता हाथ लगी है।उन्होंने बताया कि इस अपराध में शामिल ये अपराधकर्मी रुपये लेकर काम कर रहे थे। इन्हें चंद रुपयों का लालच देकर इनसे ऐसा काम कराया जा रहा था। उन्होंने बताया कि इनकी मदद करने वालो की भी पहचान कर ली गई है। उनके खिलाफ भी पुलिस जल्द ही कार्रवाई करेगी।पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए अपराधकर्मियों में आसिफ आलम (20), फरार चल रहा वासेपुर का मोस्टवांटेड क्रिमिनल प्रिंस खान का फुफेरा साला मो.अदनान ईमाम उर्फ अंडा (19), मो.अजहरुद्दीन उर्फ इमरान (21) और बंटी कुमार रवानी (21) शामिल है। इनमे आसिफ आलम और मो.अजहरुद्दीन उर्फ इमरान पहले भी आपराधिक घटनाओं में शामिल रहे है।पुलिस ने इन अपराधों के पास से घटना को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल किया गया एक पिस्टल भी बरामद किया है। इसके अलावा पुलिस ने इनके पास से 5 जिंदा गोली, चार मोबाइल फोन, एक पल्सर बाइक और एक स्कूटी बरामद किया है।

## अरगड्डा मोड़ में झमाझम हुई बारिश लोगों में वर्षा को लेकर बढ़ी संभावना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** कोयलांचल अरगड्डा बिरसा मोड़ समेत आस-पास के क्षेत्रों में रविवार दोपहर 3-40 के करीब काले बादलों ने झमाझम बारिश किया। बारिश का सिलसिला 15 से 20 मिनट तक चला। सड़क पर चलने वाले राहगीर व वाहन चालकों को भीगने से बचने के लिए दुकानों, शेडो में शरण लेनी पड़ी। लोगों ने बताया कि बीते 2 दिनों के बाद झमाझम बारिश हुई हैं। इससे पूर्व 3 दिन केवल आसमान में काला अंधेरा और बारिश के नाम पर फुआरे गिरते रहे. जो गर्मी से निजात दिलाने और किसानों की खेती के लिए नाकाफी हैं। ग्रामीणों ने झमाझम बारिश को लेकर आशा व्यक्त की है कि आने वाले दिनों में वर्षा होगी जिससे वे खेतो रोपाई के लिए बिहन तैयार कर पाएंगे। बारिश से कहीं भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं प्राप्त हुई हैं।

## 92 वर्षीय व्यक्ति ने वृद्धा आश्रम में मनाया अपनी शादी की सालगिरह

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम अपना घर में बियाडा के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी विजय झा ने अपना 43 वां शादी की सालगिरह वृद्धजनों के संग मनाया। और साथ ही 92 वर्षीय तीरथ नाथ झा ने भी अपनी शादी का सालगिरह आश्रम में ही मनाया। इस मौके पर उनकी पत्नी उनके पुत्र और पूरे परिवार ने वृद्धजनों की सेवा की। आश्रम में सभी ने पूरे वृद्धजनों से ढेर सारी बातें की, उनका हालचाल जाना, सभी को सांत्वना दिए। विजय झा ने कहा इसी तरह का अनुष्ठान यहां मनाने से, वृद्ध माताओं पिताओं चेहरे में प्रसन्नता खिल उठती है जिससे बहुत ही आंतरिक खुशी और आनंद की अनुभूति होती है। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने कहा जब भी कोई अतिथि आश्रम में आते हैं वृद्धजनों की सेवा करते हैं तो वृद्धजनों को काफी सुकून और राहत मिलता है। विजय झा का आश्रम के प्रति खास ख्याल एवं 92 वर्षीय तीरथ नाथ मिश्रा का अपना शादी की सालगिरह आश्रम में मनाने के लिए, आश्रम के प्रति निस्वार्थ सेवा कार्यो के लिए आश्रम अध्यक्ष नौशाद गद्दी एवं समाजसेवी ओंकार मिश्रा ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर आश्रम में अधिवक्ता सब आनंद झा, अनिल कुमार झा, सोनी समाज कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष गौतम मंडल, राजेश सिंह, सपन ओझा, लक्ष्मण हांसदा समेत अन्य सेवाकर्ता मौजूद थे।

## श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, एक की मौत, तीन गंभीर



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चौपारण जीटी रोड के पिपरा के पास रविवार को बिहार के जहानाबाद से श्रद्धालुओं को लेकर रजरप्पा मंदिर जा रही थी बस पलट गई, जिसमें एक की मौत हो गई जबकि 14 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत गंभीर है। बस में 30 श्रद्धालु सवार थे।बताया गया है कि जहानाबाद जिले के घोसी थाना क्षेत्र अंतर्गत धामकपुर गांव से सभी श्रद्धालु बस (बीआर 25 पीए 1455) में सवार रजरप्पा मंदिर में पूजा करने जा रहे थे। हादसे में 20 वर्षीय सिकंदर कुमार की मौत हो गई। घायलों में संजू देवी, जीतू कुमार, आयुष कुमार, यशोमती देवी, शुभम कुमार, वर्षा कुमारी, गांगो देवी, लीला देवी, रूबी देवी, लालागोप, विंदेश्वर गोप हैं। सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल बरही में भर्ती कराया गया। प्राथमिक इलाज के बाद कुछ को रेफर किया गया है।

# झारखण्डी खतियानी भाषा संघर्ष समिति की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया प्रखंड के सिंगदाह गौशाला मैदान में झारखण्डी खतियानी भाषा संघर्ष समिति के बैनर ताले ग्रमीणों की जुटान किया गया जिसकी अध्यक्षता धर्मपाल महतो एवम संचालन शशि ठाकुर ने किया वहीं मुख्य अतिथि के रूप में मोतिलाल महतो उपस्थित थे इन्होने अपने सम्बोधन में कहा की आज 23 वर्ष हो गए फिर झारखंडी की पहचान सरकार ने नही कर पाई सभी पार्टियों को मौका मिला सारे ने अपनी झोली भरने की काम किया,वही धर्मपाल महतो ने बोला कि वर्तमान के नेता विधायक सिर्फ और सिर्फ रॉड,नाली,गली के नाम पर वोट लिया और यहां के युवओं को ठकने का काम किये हैं आज झारखंड में सबसे ज्यादा बेरोजगार युवकों का पलायन बगोदर विधानसभा से देश के दूसरे राज्यो के साथ विदेशों में हो रहा हैं इसका जिमेवार यहां के नेता हैं।आज भी गरीबो के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ाते हैं वही विधायक, संसद का बेटा,बेटी को विदेशों में पढ़ाई करने भेजते हैं।अब समय आ गया हैं हम सब जाग चुके हैं और जो लोग शोए हैं उन्हें जगाने के लिए आज संकल्प लेने का दिन हैं अपने गांव,पंचायत प्रखंड के बीच स्थानीयता,नियोजन नीति की बात से लोगो को जगरूप करने की बात की ,मोके पर स्थानीय मुखिया हेमंती देवी, दोनंदलो मुखिया तुलसी तलवार, कारण भंडारी, चंदन पासवान,आदि थे ।

# गोन्दलपुरा कॉल ब्लॉक लोगों को प्रताड़ित करना बंद करें : भुनेश्वर मेहता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाकपा के वरिष्ठ नेता कॉमरेड भुनेश्वर प्रसाद मेहता पूर्व सांसद हजारीबाग ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि बड़कागांव में गोन्दलपुरा कॉल ब्लॉक रद्द करने के लिए 12 अप्रैल से गोन्दलपुरा पांच गांव के लोग कर्म बदध धरना दे रहे हैं। गोन्दलपुरा को कॉल ब्लॉक के आवंटन को लेकर कई बार ग्राम सभा हुई लेकिन एक भी सफल नहीं हुआ। भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 में स्पष्ट लिखा हुआ है, कि भूमि अधिग्रहण के पहले ग्रामसभा करना है जिसमें निजी क्षेत्र को 80त्न और सर्वजनिक क्षेत्र के लिए 70त्न लोगों की सहमति आवश्यकता है। बिना सहमति के भूमि अधिग्रहण नहीं होगा इसके बावजूद भी पुलिस के साथ रोज अडानी के पदाधिकारी क्षेत्र में जाकर लोगों में फूट डालने का काम करती है। ग्रामीणों पर पहले 107 किया गया जिसमें एक सौ से अधिक हैं सरोज महतो एक किसान हैं उसे जिला निकाला का नोटिस दिया गया है, 50 से अधिक लोग पर 107 किया गया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एवं झारखंड राज्य स्थापित संघर्ष मोर्चा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर मांग किया है की गोन्दलपुरा कॉल ब्लॉक में पढ़ रहे गांव के लोगों को पुलिस और प्रशासन प्रताड़ित करना बंद करें एवं गोन्दलपुरा कॉल ब्लॉक के आवंटन को रद्द करें। अगर ऐसा नहीं हुआ तो पूरे राज्य में जन आंदोलन मोर्चा वामदल सहित तमाम संगठन जो विस्थापन के विरोध आंदोलनरत है अडानी के आवंटन को रद्द करने हेतु आंदोलन चलाएं । विस्थापन को लेकर चतरा जिले के सिंहपुर कठोतिया रेलवे लाइन एवं भारत माला रोड में मुआवजा और पुर्नवास को लेकर धरना एवं आंदोलन चल रहे हैं । प्रेस वार्ता में चांद खान जिला सचिव भाकपा हजारीबाग पार्टी के वरिष्ठ नेता निजाम अंसारी , महेंद्र राम , शंभू कुमार एडवोकेट , अनिरुद्ध कुमार एडवोकेट , शौकत अनवर उर्फ राजू उपस्थित थे।

## रामगढ़ में पल्स पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाई गई



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सदर प्रखंड रामगढ़ के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह के द्वारा पल्स पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाई गई । मौके पर रोटरी क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष डॉ आलोक रतन चौधरी ,अमित साहू ,अनिल गर्ग, जेपी सिंह ,संजीव सिंह संजू, पदम जैन एवं अन्य मौजूद थे।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मृत्युंजय सिंह ने बताया कि पोलियो का इलाज नहीं है । बचाओ ही एकमात्र उपाय हैं। ऐसे में सभी से अपील है कि 0 से 5 साल के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद खुराक अवश्य पिलावे। इससे पहले आज प्रातः बेला में स्वास्थ्य विभाग रोटरी क्लब रामगढ़ एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से सुभाष चौक से पैदल पुराने सदर अस्पताल के कैंपस तक एक जागरूकता रैली निकाली।जिसमें नारे दिए दो बूंद जिंदगी के, एक भी बच्चा छूटे ना बोलिए से सुरक्षा का चक्र टूटे ना, दो बूंद हर बार पोलियो पर जीत रहे बरकरार।

## जिसकी रोटी वन वन रोए, फकीरवा ठोक ठोक खाएः विप्रसं मोर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातु :** कटिया सरना स्थित काली मन्दीर में बिस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा की हुई। जिसकी अध्यक्षता आदित्य नारायण प्रसाद ने की बैठक में सभी विस्थापित प्रभावितों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि लगातार आवाज उठाने के बावजूद पीवीयूएन विस्थापित प्रभावितों को नजरअंदाज कर रही हैं। और बाहर से आदमी लाकर काम में रख रही है।अभी हाल ही में बिना सूचना प्रकाशित किए यूपीएल में गुपचुप तरीके से पुनऱ्बाहरियों की बहाली का षडयंत्र चल जा रहा है। बैठक मैं एक स्वर में सभी ने इसका विरोध किया और कहा कि जिसकी रोटी वन-वन रोयें,फकीरवा ठोक ठोक ।आगे बैठक मैं कहा गया पीवियूएन में नए सीईवो का ज्वाइन किए काफी दिन हो गए। मोर्चा के द्वारा लिखित पत्र प्रेषित करने के बावजूद भी आज तक उनके द्वारा समय नहीं दिया गया जो बहुत ही दुखद और चिंताजनक है।आगे कहा गया कि उक्त मुद्दे पर शीघ्र प्रबंधन सकारात्मक कार्रवाई करे।अन्यथा विप्रसं मोर्चा आंदोलनात्मक करने को विवश हो जायगा। बैठक में राजा राम प्रसाद, अब्दुल क्यूम अंसारी, अशोक महतो, प्रिय नाथ मुखर्जी, नन्दकिशोर महतो, छोटू करमाली, बिजय मुन्डा, उपस्थित थे।

## विधायक ने जाना ओकनी स्थित बंगाली कॉलोनी का हाल समस्या के समाधान के लिए दिया सकारात्मक आश्वासन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर विधायक मनीष जायसवाल शहर के वार्ड संख्या 18 स्थित ओकनी, बंगाली कॉलोनी का निरीक्षण कर जायजा लिया और स्थानीय समस्याओं से रूबरू हुए। यहां निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने विधायक मनीष जायसवाल को बताया कि नाली की समस्या यहां की सबसे गंभीर समस्या है। इसके अलावे बिजली और पानी की समस्या पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। विधायक मनीष जायसवाल ने जल्दी विधायक निधि से नाली निर्माण कराने और बिजली विभाग से वार्ता कर बिजली की समस्या का निदान कराने का भरोसा जताया वहीं नल से जल योजना के तहत इस मोहल्ले को पूर्ण कवर्ड करने का भी आश्वासन लोगों को दिया ।मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग का कोई भी क्षेत्र विकास से अछूता ना रहे और जरूरी समस्याओं का समय निदान हो सके इसलिए वह हमेशा प्रयासरत रहते हैं । उक्त अवसर पर पर विशेष रुप से स्थानीय उमेश कुमार सिन्हा, अविनाश कुमार सिंह, विशाल वर्मा, दिव्यनारायण सिंह, पंकज कुमार, नागेंद्र कुमार, सुबोध कुमार, अरुण कुमार, सरदार अनूप सिंह, सदर विधायक मिडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## 13 सूत्री मांगों को लेकर पूर्व विधायक के नेतृत्व में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा(हजारीबाग):** प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल के निकट डिग्री कॉलेज सूर्यकुंड के प्रांगण में एकदिवसीय पठन-पाठन एवं तेरह सूत्री मांगों को लेकर हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव,जिप प्रतिनिधि सह समाजसेवी सी.के पाण्डेय,प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष इन्द्रदेव प्रसाद,पंचायत शीलाडीह मुखिया निजाम अंसारी,पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव,संतोष कुमार देव उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिप सदस्य प्रतिनिधि सी. के पांडेय ने कहा इस डिग्री कॉलेज में जल्द पढ़ाई शुरू नहीं हुई तो जनता के साथ आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम में सुखदेव यादव, गुड्डी देवी, कुमार अंशु ,दुर्गा चौधरी राजकुमार नायक,अर्जुन राणा, सुरेश कुमार पाण्डेय,शेर मोहम्मद, केदार यादव,कुंजलाल महतो, संजय साव, ललन यादव, किशोरी पाण्डेय, दशरथ यादव, मनोहर चौधरी, सुरेश नायक,किसुन राम, महेंद्र प्रसाद, सतीश सिंह, राजकुमार चौधरी, दामोदर यादव, प्रमोद पासवान सुखु मांझी, चिंता देवी समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## अबुआ झारखंड पार्टी का जिला सम्मेलन 4 जुलाई को खूंटी में

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के थाना चौक पर रविवार को फ्रेंकलीन धान कि अध्यक्षता पर 4 जुलाई को खूंटी में आयोजित अबुआ झारखंड पार्टी जिला सम्मेलन सह समिति का गठन को सफल बनाने को लेकर कर्रा में विशेष बैठक का आयोजन किया गया. बैठक पर मुख्य रूप से तोरपा प्रखंड प्रमुख रोहित सुरीन एवं एडवोकेट जुनूल होरो मौजूद रहे. तोरपा प्रमुख रोहित सुरीन ने कहा कि अबूआ झारखंड पार्टी के तहत खूंटी जिला के छह प्रखंड में विशेष जनसमपर्क अभियान चलाकर युवाओं को अधिक से अधिक संख्या जुड़ाव किया जाएगा ।

# एक दिवसीय मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** परफेक्ट डिफेंस एकेडमी द्वारा हृदयस्थली झील में एक दिवसीय मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी राकेश गुप्ता, पुलिस अधिकारी रामप्रवेश कुमार, शिव लखन पांडे तथा हजारीबाग पुलिस एसोसिएशन के मंत्री उपेंद्र मिश्रा शामिल हुए। मैराथन दौड़ में छात्र एवं छात्राएं का अगल-अलग समुहों में प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें कुल 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्रा समुह में प्रथम स्थान रानी कुमारी, द्वितीय स्थान शिवानी कुमारी एवं तृतीय स्थान जसिदा सोरेन हुई। जबकि छात्र समुह में प्रथम स्थान राजकुमार, द्वितीय स्थान पर चंदन कुमार एवं तृतीय स्थान अजीत कुमार रहे। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को संस्थान की ओर से टी-शर्ट गिफ्ट स्वरूप दिया गया। जबकि प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को समाजसेवी राकेश गुप्ता ने अपने हाथों से संस्थान की ओर से स्पोर्ट्स शूज, टी-शर्ट, ट्राउजर, तथा स्मृति चिन्ह् भेंटकर सम्मानित किया एवं प्रतिभागियों की उज्जवल भविष्य की कामना किया। मैराथन दौड़ प्रतियोगिता आयोजन को लेकर निदेशक एके भारद्वाज को ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं दी। निदेशक एके भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वस्थ की भावना को जागृत करना है। आने वाली राज्य तथा केंद्र के सुरक्षा बलो की परीक्षा में खुद का मूल्यांकन करना है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को छः महीने का फिजिकल ट्रेनिंग, ग्रुप डिस्कशन तथा मॉक टेस्ट फ्री में विद्यार्थियों को दिया जा रहा है। इससे शैक्षणिक एवं फिजिकल मजबूत होगा। कई छात्र-छात्राएं सुरक्षा बल की परीक्षा में पास होकर संस्थान एवं अपने माता- पिता का नाम रौशन करेंगे। मुख्य अतिथि समाजसेवी राकेश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि संस्थान की इस नेक सोच से सुरक्षा बल की परिक्षा में शैक्षणिक एवं फिजिकल स्तर पर तैयार हो रहें हैं। इससे संस्थान का शतप्रतिशत रिजल्ट होगा। सुरक्षा बल की परिक्षाओं में अधिक से अधिक प्रतिभागी देश सेवा में लगेंगे। जिससे संस्थान का भी नाम रौशन होगा एवं अपने माता-पिता व अपने क्षेत्र का नाम रौशन करेंगे।

# पतरातू के पलानी में लगा विधायक अंबा प्रसाद का जनसंवाद कार्यक्रम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** दिन रविवार को प्रखंड क्षेत्र के पलानी में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में मुख्य रुप से विधायक अंबा प्रसाद मौके पर मौजूद रही। चौपाल के माध्यम से आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में मौजूद ग्रामीण अपनी समस्या बारी बारी से विधायक के समक्ष रखा। इस दौरान जो भी मूलभूत समस्या जनता ने रखी उसे विधायक में सूचीबद्ध कर आश्वस्त किया कि बहुत जल्द सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। वहीं तत्काल समाधान होने वाले समस्याओं के समाधान हेतु विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,सदर तबारक अंसारी, सचिव इरफान अंसारी, पंचायत अध्यक्ष सहमत अंसारी, मिनहाज अंसारी, इशरत खातून, तबस्सुम खातून, एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## 26 वीं वाहिनी एसएसबी हूंट के द्वारा वृक्षारोपण कर ग्रामीणों को किया गया जागरूक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** 26 वीं वाहिनी एस एस बी के कमान्डेंट एस डी शेरखाने के दिशा निर्देश और उनके नेतृत्व मे 26वी वाहिनी एस एस बी के एफ कंपनी हूंट के सहायक कमांडेंट अजीत कुमार उपाध्याय और जवानो ने हूंट और खूंटी तमाड़ पथ के किनारे व आस पास के इलाकों में लगभग 450 बालवृक्ष लगाए । इस जुलाई माह में एस एस बी हूंट के कार्य क्षेत्र में लगभग 2500 पेड़ लगाने का लक्ष्य है साथ ही ग्रामीणों को पेड़ ना काटने और बड़े पैमाने पर पौधे लगाने के लिए कहा गया ताकि इलाके में पर्यावरण और शुद्ध वातावरण लोगों को मिलता रहे।

## जीतपुर कोलियरी सुरक्षा प्रहरी का मामला पकड़ रहा है तूल

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेल के जीतपुर कोलियरी के सुरक्षा प्रहरी विकाश कुमार का चोरी का मामला तूल पकड़ रहा है। जनता मजदूर संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह जीतपुर चासनाला कोलियरी के प्रभारी के.एन. सिंह ने इडी को लिखत आवेदन दे कर कारवाई की मांग की है।



उन्होने कहा है की गार्ड कमांडर देवेन्द्र प्रसाद सिंह के द्वारा लिखित शिकायत के बाद भी उस पर अभी तक कोई करवाई नहीं होना एवं उसका स्थानातरण ना होना ये दर्शता है की उच्च अधिकारी की मिली भगत है। जल्द से जल्द जाँच कोमटी बैठा कर उसे जीतपुर कोलियरी से स्थानातरण की जाए ताकि इस तरह की घटना दोबारा ना हो। सिंह ने कहा है की राष्ट्रीय सम्पत्ति का लगातार चोरी होना और कोलियरी के ही कर्मचारी पर इलज़ाम लगने से लोगो मे गलत संदेश जा रहा है। सुरक्षा प्रहरी पर अगर कार्यवाई नहीं हुई तो आंदोलन करने पर बाध्य होंगे जिसकी पूरी जिमेवारी जीतपुर कोलियरी के प्रबंधक की होगी।

## मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को दी गई विदाई

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को इंपीरियल पब्लिक स्कूल बरहमसिया मोड़ के प्रांगण में इंपीरियल एजुकेशनल सोसायटी की ओर से दसवीं पास छात्र-छात्राओ तथा इंपीरियल कोचिंग संस्थान से नवोदय विद्यालय के लिए चयनित छात्रा दिव्या कुमारी के लिए विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिरनी



अंचल अधिकारी अशोक राम , विशेष अतिथि बिरनी थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह , पूर्व मुखिया बरमसिया पंचायत सा सांसद खाद आपूर्ति प्रतिनिधि प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा विद्यालय के संस्थापक नागेश्वर प्रसाद , चंद्रशेखर प्रसाद वर्मा प्रधानाध्यापक रोहित कुमार , उप प्रधान अध्यापक शंकर कुमार वर्मा, विपिन कुमार गुप्ता, सिकंदर शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया संस्था की ओर से 7 छात्राओं जिन्होंने जिला में अपना स्थान लाए पुतुल कुमारी ,प्रीति कुमारी ,रोशनी रॉय , काजल कुमारी ,मनीषा रॉय ,शाहीन परवीन ,कली कुमारी को मुख्य अतिथि के द्वारा प्रस्तुति प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया वही विज्ञान प्रदर्शनी विजेता कृष्ण कुमार जिन्होंने जेसीबी मशीन का मॉडल बनाया है उससे भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया एंव बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई एव द्वितीय व तृतीय पुरस्कार विजेता क्रमशः पीयूष कुमार एवआनंदिता मोदी को भी सम्मानित किया गया कार्यक्रम में विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय तारीखार के तीन विद्यार्थियों ने जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा में लहराया परचम

**गावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गावां प्रखंड अंतर्गत पिहरा पश्चिमी पंचायत के तारीखार गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के 3 छात्रों ने जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा 2023 में सफलता प्राप्त किए। सुप्रिया कुमारी पिता सुनील कुमार ,सत्यम कुमार पिता अनिल साहू, निशांत कुमार पिता प्रदीप यादव सफल हुए जिससे क्षेत्र में हर्ष उल्लास का माहौल देखने को मिला तीनों विद्यार्थियों से बात करने पर उन्होंने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया विद्यालय परिवार के शिक्षकों के द्वारा एवं क्षेत्र के समाजसेवी



जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी सफल विद्यार्थी को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया गया। वहीं पश्चिमी पंचायत के मुखिया अमित कुमार ने भी तीनों विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्र-छात्राओं को संदेश दिया की हर संभव सभी विद्यार्थी लग्न एवं मेहनत से पढ़ाई करें मेहनत करने वाले की हार नहीं होती सफलता वक्त मानता है और मेहनत करने वाले छात्र-छात्रा एक दिन जरुर सफल होते हैं। अगर विद्यालय के किसी भी विद्यार्थियों को शिक्षा संबंधित किसी भी तरह की परेशानी होती है तो हमसे आकर बेशक मिल सकते हैं।

## झारखंड कोलियरी श्रमिक यूनियन के आगामी महाधिवेशन को लेकर बैठक

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को झारखंड कोलियरी श्रमिक यूनियन की बैठक लाल बंग्ला, महुदा में आयोजित की गई। जिसमें यूनियन के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जलेश्वर महतो एवं कार्यकारी अध्यक्ष राहुल कुमार महतो उपस्थित थे। बैठक में यह निर्णय लिया गया की आगामी 9 जुलाई को बलियापुर विनोद धाम में केंद्रीय कार्यकारी



समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक होगी उक्त बैठक में यूनियन का महाधिवेशन की तिथि एवं स्थल पर चर्चा व अन्य मुद्दे पर भी चर्चाएं होंगी। बैठक में उमेश गोस्वामी, बीसीसीएल ज़ोन अध्यक्ष एवं यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने पौधा व प्रशस्ति पत्र देकर किया डॉक्टर्स को सम्मानित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन धनबाद द्वारा नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर धनबाद जिले के सुप्रसिद डॉक्टर्स को पौधा और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित किए गए डॉक्टर्स में डॉ. संजय मुखर्जी, ओम प्रकाश अग्रवाल, संजय चौधरी, अरविन्द सिंह, निर्मल ड्रोलिया, निखिल ड्रोलिया, जी चटर्जी, बी के पांडेय, संजय कुमार, आर एन माहापात्रा, ऐ के पांडेय, सुरेंद्र भगानिया, एस के सिन्हा थे। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, सचिव धीरज दास, कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, संयुक्त सचिव प्रकाश अग्रवाल, सदस्य अजय सिन्हा, मनोज अग्रवाल, संजय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राजीव गोयल, मीडिया प्रभारी तरुण अग्रवाल आदि इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## बंगिया संगीत परिषद की वार्षिक चित्रांकन परीक्षा का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बंगिया संगीत परिषद कोलकाता से मान्यता प्राप्त संस्था तूलिका आर्ट एकेडमी लायकडीह की वार्षिक परीक्षा का आयोजन नगर परिषद चिरकुंडा की प्राथमिक विद्यालय तांतीकनाली वार्ड नं. 17 में आयोजित किया गया जिसमें बंगिया संगीत परिषद के पर्यवेक्षक सह हॉबी सेंटर के डायरेक्टर, प्रख्यात आर्टिस्ट शिव शंकर धर ने ड्राइंग कंपटीशन का जजमेंट किया एवं बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई शानदार चित्रकारी की काफी तारीफ की। चित्रांकन परीक्षा में तूलिका आर्ट एकेडमी के संस्थापक नीलांगशु भट्टाचार्य उपस्थित थे। तूलिका आर्ट अकादमी के टीचर रंजीत बावरी के 220 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया। इस वार्षिक चित्रांकन परीक्षा में बच्चों को ड्राइंग के लिए फेस्टिवल्स सिन, फिशिंग, फरूट बास्केट, काईट फ्लाइंग एवं अन्य विभिन्न थीम दिए गए थे। जिससे बच्चों ने बहुत ही उत्कृष्ट, दर्शनीय एवं प्रशंसनीय चित्रकारी उकेरी।

## मारवाड़ी महिला समिति ने दो दिवसीय आनंद मेला को लेकर की बैठक

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी महिला समिति धनबाद शाखा 8 एवं 9 जुलाई को होटल सिद्धिविनायक में राष्ट्रीय स्तर पर दो दिवसीय आनंद मेला का आयोजन करने जा रही है जिसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए मटकुरिया स्थित सखीकुंज में विशेष बैठक रखी गई। शाखा अध्यक्ष संजू डालमिया के अनुसार सभी बहनें पूरे उत्साह के साथ इस बड़े आयोजन की तैयारी में जुट गई हैं। बॉम्बे, दिल्ली, बनारस, बैंगलोर, कोलकाता, जयपुर, रायपुर, राँची, रानीगंज, धनबाद, आसनसोल एवं अन्य जिलों मे स्टॉल लगेंगे। मेले के स्टॉल्स में सभी प्रकार के सामानों का अपार संग्रह रहेगा। बैठक में सचिव प्रीति अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रीति अग्रवाल, निर्मला तुलस्यान, उर्मिला गुटगुटिया, अरुणा भगानीया, अनीता मिश्रा, विमला बंसल, अंजू गुप्ता, मैना भोजगड़िया, सिनी गुप्ता, सुषमा ऋद्धि शर्मा, सुनीता झुनझुनवाला, बबीता चौधरी, मोनिका अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, ममता गुप्ता, मितु चंदा किरण उपस्थित थीं।

# प्रेस क्लब में मंडल प्रभारी की समीक्षा बैठक, होगा सम्मान समारोह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की एक बैठक रविवार 2 जुलाई को प्रेस क्लब झरिया में बोकारो जोन के मंडल प्रभारी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि जल्द ही सिंदरी में एक स्थान का चयन किया जायेगा जहां कम से कम 200 पत्रकार साथियों के समारोह में शामिल होने की क्षमता होगी। जो साथी दूर-दराज के जिले से समारोह में आयेंगे और उसी दिन वापस नहीं लौट सकेंगे,



उनके रहने की भी व्यवस्था की जायेगी। शहरी जिला अध्यक्ष योगेश सोनी ने कहा कि यह हमारे जिले के लिए सौभाग्य की बात है कि राज्य के अन्य जिलों के अतिथि पत्रकारों को धनबाद से ही प्रमाण पत्र वितरित किया जायेगा। बैठक के दौरान धनबाद जिला शहरी एवं ग्रामीण कमेटी का पूर्ण गठन किया गया। मौके पर ग्रामीण महासचिव नेपाल चंद्र महतो, उपाध्यक्ष योगेन्द्र कुमार, नरेन्द्र भाई जोशी, शहरी जिला महासचिव सत्येन्द्र चौहान, सचिव मनोज शर्मा, प्रवक्ता बबन झा, अभिमन्यु कुमार, अवधेश राय सहित अन्य पत्रकार उपस्थित थे।

## टुंडी विधायक एवं जिला सांसद प्रतिनिधि की संयुक्त उपस्थिति में तीन सड़कों का शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के लोधरिया स्थित1. लोधरिया मोड़ से कोल टोला,पथ निर्माण कार्य लंबाई 900 एवं 2 तिलयघुटु से कोलाहीर पथ निर्माण कार्य लंबाई 1.00 किलोमीटर 3.लोधरिया मोड़ से बाउरी टोला पथ निर्माण कार्य लंबाई 8.50 मीटर का शिलान्यास टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं जिला सांसद प्रतिनिधि राम प्रसाद महतो की गरिमामय उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर एवं नारियल फोड़कर किया गया। बताया जाता है कि यह तीनों सड़कों का निर्माण डी एम एफ टी फंड से किया जाना है। शिलान्यास समारोह के दौरान टुंडी विधायक ने कहा कि टुंडी का सभी कच्चे सड़कों को पक्कीकरण मेरे विधायक काल में ही सम्पन्न कराया जाएगा जहां लोग पैदल चलने में कई बार सोचते थे वहां अभी चार पहिया वाहनों से लोग गुजरते हैं। बताया जाता है कि टुंडी विधायक के शासनकाल में टुंडी में सड़कों का जाल सा बिछ गया है एवं अधूरा पड़े सभी सड़कों का कायाकल्प कर दिया जाएगा।

## भाकपा माले नगर पंचायत कमिटी सम्मलेन संपन्न, जिम्मी चौरसिया पुनः बने सचिव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया/गिरिडीह :** रविवार को सरिया के अरीना में भाकपा माले नगर पंचायत लोकल कमेटी का दूसरा सम्मेलन हुआ संपन्न । सम्मेलन की शुरुआत झंडोत्तोलन कर तमाम शहीदो को 1मिनट का मौन धारण कर प्रारंभ की गई। इस सम्मेलन में मुख्य रूप से बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह व भाकपा माले के प्रखंड सचिव भोला मंडल, परीक्षक सुदामा राम उपस्थित थे वही सम्मेलन का संचालन सुरेश पाण्डेय ने किया।इस सम्मेलन में नगर पंचायत के मजबूती करण व सदस्यता जैसे सवालों पर चर्चा हुई। साथ ही साथ



नगर पंचायत लोकल कमिटी का गठन किया गया।जिसमें 17 सदस्यों की कमिटी बनाई गई।जिसमें सर्व सहमति से जिम्मी चौरसिया को पुनः एक बार नगर पंचायत लोकल कमिटी नगर सचिव बनाया गया।इस दौरान जिम्मी चौरसिया ने धन्यवाद देते हुए कहा कि पूर्व की भांति नगर पंचायत के किसी भी सवालों चाहे अंचल मे व्याप्त भ्रष्टाचार, थाना का मामला जैसे मामलों पर मजबूती से जनता के सवालों को लेकर लड़ाई को तेज करेंगे । नगर पंचायत लोकल कमेटी जनता के सवालों को लेकर किसी भी प्रकार की खामियों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

## डॉक्टर डे पर असफी हॉस्पीटल ने किया डॉक्टरों को सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** डॉक्टर डे के शुभ अवसर पर असर्फी हॉस्पीटल ने धनबाद और उसके आस-पास के जिलों के विशेषज्ञ डॉक्टरों को असर्फी कैंसर संस्थान में सम्मानित किया। असर्फी हॉस्पीटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री हरेन्द्र सिंह ने सभी डॉक्टरों को डॉक्टर डे की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि असर्फी कैंसर संस्थान सितम्बर 2023 से सुचारू रूप से कार्य करने लगेगा। इस कैंसर हॉस्पीटल में सभी तरह का कैंसर संबंधी गंभीर बीमारी का उपचार होगा। कैंसर के विशेषज्ञ डॉक्टर और उनकी टीम फूल टाईम काम कर रही है। यहाँ मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी और रेडियशन ऑन्कोलॉजी की सूविधा उपलब्ध रहेगा। बहुत जल्द ही असर्फी हॉस्पीटल का लिस्टिंग मुम्बई स्टॉक एक्चेंज में होने जा रहा है। हमारा पुरा प्रयास रहेगा कि असर्फी हॉस्पीटल के संसाधान और क्षमता वर्धन में सतत निवेश करते रहेगें।असर्फी हॉस्पीटल द्वारा डॉक्टरों के लिए रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस आयोजन के मुख्य अतिथि धनबाद के सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा, आई.एम.ए. के स्टेट प्रेसिडेंट डॉ. ए. के. सिंह, डॉ. बी. के. सिंह, धनबाद रेलवे के पुर्व सीएमएस डॉ. बी. के. सिंह, तत्तकालीन सीएमएस डॉ. डी.एल.चौरासिया, एशियन जलान के सीएमओ डॉ. ए.एम. रॉय, निचितपुर क्लिनिक के सीएमओ डॉ. उमा शंकर, डॉ. बी. के. पाण्डेय, डॉ. जी.एन.सिंह, डॉ. पी.एन. पाण्डे, डॉ. डी.पी. भदानी, डॉ. एन.एन. सिंह, डॉ. एस. के. दास, डॉ. वी.के. सिंह, डॉ. शलेन्द्र सिंह को शाल व गुलदस्ता देकर सम्मान दिया गया।

## मुरलीडीह में वन विभाग ने किया अवैध खनन की भराई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत भाटडीह ओपी क्षेत्र के मुरलीडीह के जंगल में कोयला तस्करों द्वारा चलाये जा रहे अवैध उत्खनन को वन विभाग ने भराई कर दिया। वनरक्षी नारायण महतो के नेतृत्व में जेसीबी मंगवाकर अवैध खदानो की भराई किया गया। नारायण महतो ने बताया कि गुप्त सुचना मिला था कि जंगल में कोयला तस्करों द्वारा अवैध उत्खनन किया जा रहा है। कोयला तस्करों द्वारा कोयला निकासी के लिए घने जंगल में अवैध मुहाना खोल दिया गया है। आगे भी ऐसी सुचना मिलती है तो उसका भराई कर दिया जायेगा। मौके पर वन विभाग के पुलिस बल भी तैनात किए गए थे।

## टुंडी में बिजली की करंट लगने से पिता पुत्र की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पूर्वी टुंडी :** धनबाद जिला के टुंडी थाना क्षेत्र में रामपुर पंचायत के डोरवाडीह में बिजली की करंट लगने से पिता पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई।बताया जाता हैं की घर में तार झूल रहा जिसमें किसी प्रकार लीकेज होने होने के कारण से लीकेज तार के चपेट में आने पर रसिक रजक उम्र 70 वर्ष हाथ में तार सटने बिजली का करंट ने पकड़ लिया । उसी बीच में पिता को बचाने गए पुत्र कृष्णा रजक जिनका उम्र 45 वर्ष भी करंट का चपेट में आ गया, आनन फानन में घर के सदस्य निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना पर कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोकारो :** सहयोगिनी कार्यालय बहादुरपुर में जिला उद्योग केंद्र बोकारो द्वारा प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना पर कार्यशाला का आयोजन आज किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बारु पंचायत के मुख्य अवध रजवार ने कहा कि बेरोजगारी दूर करने के लिए केंद्र सरकार की महती इस योजना से हमारे इलाके का विकास संभव है। खाद्य प्रसंकरण संबंधी कुटीर उद्योग से गावों का विकास किया जा सकता है। इसके लिए सभी सरकारी गैर सरकारी संस्था एवम जनप्रतिनिधियों को मिलकर कार्य करना होगा। इस दौरान पोंडा पंचायत के मुखिया हारु रजवार ने कहा कि इस योजना के तहत आचार, चिप्स, जूस ,मिठाई ,तेल मिल, मूढ़ी उत्पादन, नूडल्स निर्माण , मशरूम उत्पादन जैसे उद्योग सहित हल्दी मसाला, गुड निर्माण, आटा चक्की जैसी योजनाओं से लोग जुड़ सकते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला उद्योग केंद्र के डीआरपी सुभाष कुमार सिंह ने कहा कि कोई भी ग्रामीण जो इस तरह का उद्योग स्थापित करना चाहता है ऑनलाइन में फॉर्म भर सकते हैं । साथ ही ऑफलाइन की भी सुविधा उपलब्ध है।

## कला के धनी कृष्ण वर्मा, थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह के हाथों हुआ सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के बरहमसिया चौक में स्थित इंपीरियल पब्लिक स्कूल के परिसर में आयोजित प्रतिभा सम्मान सह विदाई समारोह कार्यक्रम में अपनी कला को बेहतरीन ढंग से प्रस्तुत करने वाले कृष्णा वर्मा को रविवार को बिरनी थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह एवं बिरनी प्रखंड अंचलाधिकारी अशोक राम के द्वारा पुरुष्कृत किया गया। आपको बता दें की इसी प्रखंड के एक छोटे से गांव चरगो के रहने वाले सुनील कुमार वर्मा का 12 वर्षीय पुत्र कृष्णा वर्मा जो इंपीरियल पब्लिक स्कूल बरहमसिया में आठवी कक्षा का छात्र है। जिसने घर के कबाड़ से जेसीबी मशीन का एक



छोटा सा मॉडल बनाया है जो जेसीबी मशीन की तरह हीं काम करता है, जिसका प्रदर्शन उन्होंने अपने विद्यालय में किया जहां विद्यालय के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों ने बड़े ही उत्सुकतावश उसके कला को देखा और उसके छोटे से दिमाग की सराहना किया। इतना हीं नहीं इस कच्ची उम्र में हीं वह पढ़ाई के साथ साथ तरह तरह की चीजें बना बना कर लोगों को आश्चर्य में डाल देता है। इस बीच छात्र कृष्णा ने बताया कि बड़ा हो कर वह साइंस एवं टेक्नोलॉजी की पढ़ाई कर देश के विकास में योगदान देना चाहता है।

**लायंस क्लब आफ गिरिडीह एलिट ने वृक्षारोपण किया**

## प्रत्येक व्यक्ति को अपने विशेष दिन पर कम से कम एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए : धर्मप्रकाश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** रविवार को लायंस क्लब आफ गिरिडीह एलिट के द्वारा सुभाष पब्लिक स्कूल कोलडीहा गिरिडीह में वृक्षारोपण किया गया । कार्यक्रम की जानकारी देते हुए क्लब अध्यक्ष लायन धर्म प्रकाश ने कहा कि पूरा विश्व पर्यावरण असंतुलन के कारण ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रहा है।लायंस क्लब इंटरनेशनल ने तय किया है कि पर्यावरण असंतुलन को देखते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाय। हम सभी जानते हैं कि वृक्षारोपण पर्यावरण असंतुलन को दूर करने का सबसे कारगर उपाय है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने विशेष दिन जैसे जन्मदिन




,वैवाहिक वर्षगांठ आदि पर कम से कम एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए। रीजन चेयरपर्सन लायन राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट 322 ए के द्वारा वृक्षारोपण पर फोकस किया जा रहा है ताकि हम सभी अनावृष्टि-अतिवृष्टि से प्रभावित ना हो। क्लब सचिव दशरथ प्रसाद ने कहा कि आज हमारे क्लब के द्वारा 25 से अधिक पेड़ लगाया गया। हमने इससे पहले 27 जून को गिरिडीह समाहरणालय में वृक्षारोपण का कार्य किया है तथा आगे भी हमारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम जारी रहेगा।कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष धर्म प्रकाश, क्लब सचिव लायन दशरथ प्रसाद, कोषाध्यक्ष लायन राहुल कुमार , रीजन चेयरपर्सन लायन राजेश कुमार गुप्ता, निदेशक लायन संजय कुमार सिंह, लायन राहुल बर्मन, लायन विकास गुप्ता, लायन अमरनाथ मंडल, लायन सुदीप गुप्ता, लायन राहुल प्रसाद सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## झरिया विधायक से मिले उपभोक्ता मंच के प्रतिनिधि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जोरापोखर :** झरिया विधानसभा क्षेत्र में पानी से जुड़ी समस्याओं पर पानी-बिजली उपभोक्ता मंच की ओर से झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह से मिलकर निदान की मांग की गई। मंच के किशोर कुमार व शुभाशीष रॉय ने विधायक से कहा कि जलापूर्ति की जिम्मेवारी संभालने वाली एजेंसी झमाडा महीने में पंद्रह दिन भी ठीक से पानी नहीं देती लेकिन बिल पूरा महीने का भेजती है।दूसरी ओर, झमाडा दो वर्षों से नहीं भेजे गए बिल को एक साथ जोड़कर भेजते हुए उपभोक्ताओं पर बोझ डाल दिया है। गरीब उपभोक्ता 10 से 25 हजार की बिल एक साथ जमा करने में असमर्थ है। इसके साथ ही बिजली की तरह पानी के बिल में भी सब्सिडी देने, ब्याज माफ करने, बिल भुगतान की ऑनलाइन सेवा प्रारंभ करने तथा बनियाहिर स्थित नगर निगम कार्यालय में विशेष जल-कर वसूली कैम्प लगाने की मांग की।

# पदयात्रा कर जन समस्याओं से अवगत हो रहे हैं संतोष सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा भारत रत्न राजीव गांधी को अपना आदर्श मानते हुए पंचायती राज के जरिए एक साथ दो काम किया। गांवों को अपने विकाश का अधिकार और महिलाओं को एक तिहाई हिस्सेदारी उनके पद चिन्हों पर चल कर कांग्रेस पार्टी लगातार जिले के हर गांव गांव में उनके समस्याओं से अवगत हो रही है और आवाज बन रही है। आज के पदयात्रा निरसा प्रखंड के काशीटाड, चारकोनिया, मिना बजार, रतनपुर, बेलडागां आदी गांव का मे बुथ स्तर तक



जनसंपर्क अभियान चलाकर संगठन सशक्तीकरण पर विस्तृत रूप से ग्रामीणो के विभिन्न समस्याओ को सुनकर यथासंभव सहयोग करने का भरोसा दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष डीएन यादव, निरसा विधान सभा प्रभारी वकील बाउरी, जियाउल हुसैन, संतोष कुमार राय, मंजूर आलम उर्फ सोनू, रेखा साव, कपिल देव प्रसाद, शयामल भंडारी, दीपक बाउरी, मंगल बाउरी, मुजाहीद शेख, बिकोधर चक्रवर्ती, नकुल बाउरी, मिथुन बाउरी, सलाहुद्दीन अंसारी, उमा बाऊरी, एजाज अंसारी, बहादुर बाउरी, सुरेश बाउरी, मिथुन बाउरी, बबलू बाउरी सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित हुए।

## नि:शुल्क जांच शिविर में 42 लोग हुए लाभान्वित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रविवार को अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच, कोल सिटी शाखा, धनबाद द्वारा डॉक्टर दिवस के अवसर पर हरि रेसीडेंसी अपार्टमेंट, बैंक मोड़, धनबाद के परिसर में फोर्टिस हॉस्पिटल के सहयोग से एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में हॉस्पिटल के निर्मल सेन एवं उनकी टीम द्वारा रक्तचाप, मधुमेह व वजन की जांच की गई जिससे कुल 42 लोग लाभान्वित हुए। जिनमें अपार्टमेंट में रहने वाले निवासियों के अतिरिक्त आस-पास में सुबह भ्रमण करने वाले लोगों ने भी शिविर में पहुंच इसका लाभ उठाया। मौके पर उपस्थित समाज के गणमान्य लोगों ने शाखा के इस कार्य की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे शिविरों का आयोजन करने के लिए शुभकामनाएं ज्ञापित की।उपरोक्त कार्यक्रम दौरान विश्व सीए दिवस के अवसर पर देश की वित्तीय उत्कृष्टता को सशक्त बनाने में परस्पर भूमिका हेतू शाखा सदस्य चार्टर्ड अकाउंटेंट कन्हैया केजरीवाल को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# डॉ. रामेश्वर उरांव व धीरज प्रसाद साहू ने संयुक्त रूप से धूमकुड़िया भवन का किया शिलान्यास

## अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों का विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार एवं राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के करकमलों द्वारा संयुक्त रूप से 31 धुमकुड़िया भवन का शिलान्यास भंडरा प्रखंड मुख्यालय में किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई एवं सभी लाभुकों अध्यक्षों सचिवों को गमछा पहना कर सम्मानित किया गया। मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि धुमकुड़िया हमारी सामाजिक केंद्र, धार्मिक केंद्र और सांस्कृतिक केंद्र है क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोहरदगा जिले में धुमकुड़िया भवन, सांस्कृतिक केंद्र, अखड़ा,की कमियों को देखते हुए हमने संस्कृति एवं परम्परा को आधुनिक युग में कैसे महत्वपूर्ण बनाया जाए इस पर कार्य किया है फलस्वरूप आज 31 धुमकुड़िया भवनों का शिलान्यास किया गया। इसके साथ -साथ विधायक निधि से लोहरदगा जिले के हर एक गांव में आदिवासी परम्परा एवं त्योहारों को संरक्षित करने के लिए अखड़ा का निर्माण कर रहे हैं ताकि भावी पीढ़ी सांस्कृतिक परिवेश में जीवन व्यतीत करें और आधुनिक काल में हम अपने परंपरा एवं संस्कृति को न भूलें। और समय-समय पर सभी प्रखंडों में जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से जनता की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है एवं प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र के सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास कार्य को पहुंचाया जाएगा। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि गठबंधन की सरकार आदिवासी भाई बहनों के हितों के लिए कार्य करने में तत्पर है, कल्याण विभाग के माध्यम से जिले में धुमकुड़िया भवनों का निर्माण होना आदिवासी भाई बहनों के लिए गौरवपूर्ण बात है इससे सांस्कृतिक महत्व को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के प्रयास से लोहरदगा जिले में आदिवासी संस्कृति कला केंद्र का निर्माण किया जा रहा है,और जगह जगह आदिवासी मसना घेराव,एवं कब्रस्तान का भी घेराव कराया जा रहा है हमारा प्रयास है कि लोहरदगा जिले में विकास कार्य तेजी से हो और यहां की जनता खुशहाल रह सके। मौके पर रोहित उरांव,जिलाध्यक्ष सुखेर भगत, विधायक सह मंत्री प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, जिप सदस्य सुखदेव उरांव, जिप सदस्य राधा देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव, प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत, युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, हाजी सिकंदर अंसारी, चंद्रशेखर भगत,संभू प्रजापति, बबलू खान, देवनाथ उरांव, संजय नायक, तारिक खान, मुशर्रफ रजा, विजय उरांव, हरिदास भगत, काले उरांव, बिरसू भगत, असलम अंसारी, जफर इकबाल, मंसूर अंसारी, फगुआ उरांव, आदि उपस्थित थे।

## वनाधिकार कानून के तहत हुई सयुंक्त ग्राम सभा की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** गरजा पंचायत अंतर्गत जमादोहर राजस्व ग्राम में वनाधिकार कानून 2006 के तहत सयुंक्त ग्राम सभा की बैठक ग्राम प्रधान सिलास डुंगडुंग की अध्यक्षता में किया गया।इस बैठक में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन के केंद्रीय पदाधिकारी राजेश कुमार महतो,प्रखंड प्रभारी सह जिला स्तरीय ग्राम सभा मंच के मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार एवं केरसई प्रखंड प्रभारी अनूप लकड़ा को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर राजेश कुमार महतो ने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 जम्मू कश्मीर को छोड़कर सम्पूर्ण भारत देश में लागू है।सिमड़ेगा जिला सैकड़ों ग्राम सभा के लोगों द्वारा भौतिक सत्यापन एवं स्थल जांच कर अग्रेतर करवाई हेतु ग्राम सभा द्वारा अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति के समक्ष जमा किया गया है लेकिन अभी तक सिमड़ेगा जिला के विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न ग्राम सभा को सामुदायिक अधिकार का पट्टा एवं सामुदायिक वन संसाधनों के प्रबंधन का अधिकार दावा पट्टा नहीं मिल पाया।



इसको लेकर ग्राम सभा के लोगों में आक्रोश है। प्रखंड स्तरीय ग्राम सभा मंच के लोग पहला अपील करेंगे और नहीं मिलने पर चरणबद्ध आंदोलन करेंगे साथ ही साथ दीवाल लेखन करेंगें। वनाधिकार कानून 2006 के तहत पट्टा नहीं 2024 में वोट नहीं और कोई भी राजनीतिक दल के आदमी को दावित ग्राम सभा के वन ग्रामों में घुसने नहीं दिया जाएगा। इस बैठक में खुशीराम कुमार एवं अनूप लकड़ा ने भी अपने अपने विचार रखे।बैठक संचालन सिलास जी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सैहुंन केरकेट्टा ने किया। इस बैठक में अनिल डुंगडुंग, अपलुस एक्का, सुनील मिंज, अलेम डुंगडुंग, आलार डुंगडुंग, जुलयुस केरकेट्टा, जोन बरला, पावन दान कुल्लु, दुलार टेटे, राघो माँझी, रामकुमार सिंह, प्रभात बा, निस्तार सोरेंग, भवँरा माँझी, संजय एक्का, जीरेंन बघवार, सिलेना बघवार, कुसुम बघवार, पुनु सिंह, सिसिलिया बरला, अमरमणि बरला, अब्राहम टेटे, कृष्णा माँझी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# दक्षिणी प्रमंडलीय बैठक में लोहरदगा भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला लोहरदगा जिलाध्यक्ष मनीर उराँव के नेतृत्व में रांची बोरया स्थित आशीर्वाद वैंकट हॉल में भाजपा दक्षिणी प्रमंडलीय बैठक में भाजपा जिला लोहरदगा के अपेक्षित पदाधिकारी गण शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सांसद श्री सुदर्शन भगत व श्री संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह समरी लाल और कोचिंग मुंडा साथ ही भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर शामिल हुई। कार्यक्रम में कुल 5 जिले लोहरदगा गुमला सिमडेगा खूंटी रांची के कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं पूर्व विधायक भी शामिल हुए। बैठक में महा जनसंपर्क अभियान को आगामी 10 जुलाई तक चलाने की बात कही गई साथी विगत पिछले 1 महीने में निर्धारित कार्यक्रम में से बच एस एस कार्यक्रमों का निष्पादन करने की बात संगठन मंत्री के द्वारा कही गई। बैठक के बाद कल देर शाम भाजपा जिला संगठन जिला अध्यक्ष मनीर उरांव जी के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर की उपस्थिति में निर्देशित कार्यक्रमों के सफल निष्पादन हेतु रांची के आशीर्वाद वेंकट हॉल में ही किया गया जिसके दौरान बूथ की सशक्तिकरण, बूथों पर बने पदाधिकारियों की जिम्मेवारी,मोर्चो के पदाधिकारी की जिम्मेवारी ,सोशल मीडिया की जिम्मेवारी और भी सक्रिय करने की बात कहीं गई। गंगोत्री कुजूर ने कहा कि महा जनसंपर्क अभियान एक बहुत ही सकारात्मक एवं जन सहयोग से एक बड़ी सफलता दिखाई पड़ रही है मोदी जी को दोबारा लाने का मन जनता स्वयं बना चुकी है बस हमें उनके पास जाने की जरूरत है। जिला अध्यक्ष मनीष उराँव ने कहा कि कार्यक्रमों का निष्पादन सभी वर्तमान पूर्व सभी पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष के सहयोग से ही हो रहा है। और हमें आगामी निर्धारित सभी कार्यक्रमों का शफल आयोजन इसी प्रकार से करना है प्रत्येक निर्धारित कार्यक्रम में सभी लोगों का अलग-अलग जिम्मेवारी है जिसे दृढ़ संकल्पित होकर जिम्मेवारी को सफलतापूर्वक निभानी है।

# रामरेखा बाबा की पुण्य तिथि पर रामरेखा में होंगें कई कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** रामरेखा धाम में ब्रह्मलीन रामरेखा बाबा के पुण्य तिथि एवं गुरु पूर्णिमा के सफल आयोजन को लेकर रामरेखा धाम विकास समिति की बैठक मुख्य संरक्षक दुर्ग विजय सिंह देव की अध्यक्षता में ब्रह्मलीन रामरेखा बाबा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर राम नाम के मंत्रोचारण के साथ बैठक शुरू किया गया. बैठक के दौरान रामरेखा बाबा की 16वीं पुण्यतिथि के मौके पर 10 जुलाई सोमवार सेअधिवास, सत्संग, प्रवचन, एवं अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया जाएगा.अखंड हरि कीर्तन की समाप्ति 12 जुलाई को प्रातः 8 बजे होने के बाद हवन पूजन के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा.कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सचिव ओमप्रकाश साहू द्वारा सदस्यों को



कार्यक्रम के आयोजन को लेकर विस्तार से कार्यो की जिम्मेवारी सौंपी.राम रेखा बाबा की पुण्य तिथि पर हजारों की संख्या में भक्त लोग रामरेखा पहुंचते हैं.इसके लिए रामरेखा धाम समिति के उप संचालक रामशरण दास, उपाध्यक्ष तपेश्वर प्रसाद, ईश्वर साहू, कोषाध्यक्ष पवन मित्तल, दीपनारायण दास, सचिदानंद पंडा, लक्ष्मीनारायण सिंह, लक्ष्मी प्रसाद, उमेश जायसवाल, कृष्णकांत सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, संजीत प्रसाद, सुदर्शन सिंह, सत्यव्रत ठाकुर, के अलावे पहाड़ी क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र के शाखा समिति के सदस्य के अलावे पाकरटाड़, गुमला, रायडीह, केशलपुर, कुरडेग, केरसई, सिमडेगा, ठेठईटांगर, के लोग उपस्थित थे।

## आप मुझे सहयोग करें, मैं लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने का काम करूंगी : निरू शांति भगत



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला अंतर्गत भंडरा प्रखंड के नंदनी डैम के पास आजसू पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष रुप से संगठन के विस्तार पर चर्चा करते हुए 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी हेतु रणनीति बनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी की धर्मपत्नी लोहरदगा विधानसभा की प्रभारी निरू शांति भगत ने कहा कि आप मेरा सहयोग करें, मैं आपके सहयोग से स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी के सपनों को पूरा कर लोहरदगा विधानसभा में विकास की गंगा बहाने का कार्य करूंगी। उन्होंने कहा कि मैं हर समय लोहरदगा क्षेत्र की जनता के साथ रहकर उनके सुख-दुख की भागीदारी बनूंगी। सभा को केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल अरविंद यादव केंद्रीय सदस्य देवेंद्र साहू केंद्रीय महिला प्रवक्ता अंजू देवी जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश भारती जिला महासचिव बिलियन कुजूर, जिला प्रवक्ता रामचंद्र गिरि जिला महिला अध्यक्ष अनिता साहू अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष शाहिद अंसारी जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह प्रदीप ठाकुर आदि ने भी संबोधित करते हुए पार्टी संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष आकाश यादव एवं सफल संचालन प्रखंड प्रवक्ता मंजूर अंसारी ने की। इस अवसर पर मुख्य रूप से भंडरा प्रखंड के सभी पंचायतों के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# नशे के हालत में दूसरे के मकान में घुसने के आरोप पर युवक गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झखरा ग्राम में नशे के हालत में दूसरे के घर घुसने की सूचना पर पुलिस अग्रतर कारवाई करते युवक को लोहरदगा न्यायिक हिरासत में प्रस्तुत किया। सेन्हा थाना क्षेत्र के झखरा ग्राम में नशे के हालत में दूसरे के मकान में घुसने के आरोप पर झखरा निवासी सिदिक अंसारी का 31 वर्षीय पुत्र अमेरुल अंसारी को सेन्हा पुलिस गिरफ्तार कर आरोपी को अनुमंडल न्यायिक हिरासत में प्रस्तुत किया गया। पु आ नि गणेश यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि शराब के नशे में झखरा निवासी भरत जयसवाल का मकान में चार दिवारी फांद कर घर का दरवाजा खटखटा रहा था। जिसपर आसपास के ग्रामीणों का सहयोग लेते हुए थाना को सूचनार्थ किया गया था। सूचना के आलोक पर सेन्हा थाना पुलिस कारवाई करते हुए धारा 107/116



कॉलज 3 द प्र स के तहत अनुमंडल न्यायिक हिरासत में आरोपी को प्रस्तुत किया गया। जहां आरोपी के विरुद्ध अग्रतर कारवाई किया जाएगा।

## ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत केरेया गांव के पूर्वी मंडली में पहुंचे विधायक कोलेबिरा

# हमारी पैतृक संपत्ति का मालिकाना हक अपने वंशज के हाथों में ही रहे यही व्यवस्था हमारे प्रथागत कानून में सदियों से है : बिक्सल कोंगाड़ी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** ठेठईटांगर प्रखण्ड अंतर्गत केरेया गांव के पूर्वी मंडली में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी उपस्थित हुए। विधायक की उपस्तिथि देख मंडली वालो ने जोरदार स्वागत किया। साथ ही विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि परमेश्वर की वंदना और प्रार्थना करने से मनुष्य हमेशा सुखी रहता है। हमारी आध्यात्मिक ताकत में वृद्धि होती है। ईश्वर से हम जुड़ जाते हैं। मनुष्य में ईश्वर की तरह करुणा और दया के भाव आ जाते है। इससे जीवन में स्वतः सुधार आ जाता है। परिवार के बीच क्षमा और प्रेम को स्थापित करें। संघर्षपूर्ण जीवन में भी प्रभु यीशु के वचनों को याद करें। प्रभु के प्यार को अपने जीवन में धारण करें। हमारा जीवन ईश्वर की महिमा का जीवन है। प्रभु यीशु के प्यार को



कभी नहीं भूले। वे हमारे जीवन को हमेशा संवारने का काम करते है। साथ ही कहा कि साथियों आज हमारा देश निश्चित ही विकट परिस्थिति से गुजर रहा है,लोग भय में जीवनयापन कर रहे हैं, हमारे स्वतंत्रता को समाप्त करने का प्रयास देश में बैठी भाजपा की सरकार कर रही है। हमें भयभीत किया जा रहा है,वह भी बहुत मीठे से। बाबा भीमराव अम्बेडकर के संविधान को चकनाचूर कर दिया जा रहा है। कभी अल्पसंख्यक ईसाई आदिवासी समुदाय को चर्च धंसाने, सरना आदिवासी के साथ लड़वाने का षड्यंत्र रचा जाता है। भाईचारा प्रेम सौहार्द को छिन्न-भिन्न करने के लिए धार्मिक भावनाओं को उछाला जा रहा है। नतीजा लोग भय में जीने के लिए विवस हैं। जहां तक रही बात लोकतांत्रिक व्यवस्था की तो उसे विखंडित करने का खेल खेला जा रहा है। अभी कुछ दिन पहले की बात है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बयान आया है कि एक घर में एक ही कानून होना चाहिए। इसके लिए पुरे देश में सभी समुदाय, सभी धर्म और सभी वर्गों के लिए समान नागरिक संहिता कानून बना कर लागू करने की बात कही है। इस कानून से आदिवासी समाज काफी आहत हैं। इस कानून के कारण आदिवासी महिलाओं के गैर आदिवासियों से विवाह के रास्ते सारा जमीन और जंगल छीनने के सम्भावना बहुत अधिक बढ जाएंगी। ये खतरा आदिवासियों को सत्ता रही है हमारी पैतृक संपत्ति का मालिकाना हक अपने वंशज के हाथों में ही रहे यही व्यवस्थ हमारे प्रथागत कानून (कस्टमरि लॉ) में सदियों से है। इस प्रथागत कानून के खत्म होने से आने वाले समय में आदिवासी समुदायों के हाथों उनके अस्तित्व, पहचान और संस्कृति से जुड़े संसाधन को खत्म करने का सड़यंत्र है जिसे हम सबको एक होकर मिल कर बचाना है।

## बन्द मकान में चोरी करने के आरोप पर दो महिला गिरफ्तार भेजा गया जेल



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चोरी करने का प्रयास के आरोप पर सेन्हा थाना पुलिस बरही से गिरफ्तार कर दो आरोपी महिला को न्यायिक हिरासत लोहरदगा जेल भेजा। सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही में दो महिला बन्द मकान में घुस गोदरेज का लॉक खोल ज्वेरात एवं पैसा की चोरी करने का प्रयास कर रही थी। जिसकी सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस ने गिरिफ्तार किया। बताया जाता है कि बरही ग्राम निवासी सवीर अंसारी के पुत्र खलील अंसारी के घर में दिनदहाड़े दरवाजा के कुंडी खोल कर घर में दो महिला घुस गई थी। और गोदरेज का लॉक खोल कर गहना एवं पैसे की चोरी करने का प्रयास कर रही थी। तभी घर के सदस्य काम कर लौटा तो घर खुला देख चोर का हल्ला करने लगा तभी आसपास के महिला व पुरुष दोनों महिला को घेर लिया ।और थाना को घटना की सूचना दिया गया। चोरी घटना की सूचना पर पु अ नि गणेश कुमार यादव दलबल के साथ बरही ग्राम पहुंच दोनो महिला को पकड़ थाना लाया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार दोनो महिला अपना नाम पता बताते हुए कही कि डाल्टेनगंज चियांकी मोहसरी टोली निवासी मुना खेरवार के पुत्री संजना कुमारी और मनीष खेरवार के पत्नी कुसुम कुमारी है। चोरी के प्रयास मामले में सेन्हा थाना में कांड संख्या 91/23 दर्ज कर धारा 380,511 भादवी के तहत दोनों आरोपी महिला को लोहरदगा जेल भेज दिया गया। पु अ नि गणेश कुमार यादव ने कहा कि दो महिला को बरही स्थित मकान में चोरी करने के आरोप में जेल भेजा गया है।

# मातृभूमि की रक्षा के लिये अब्दुल हमिद की वीरता को हमेशा याद करेगा देश : अलीरजा अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद की वीरता की कहानी हिन्दुस्तानी नौजवानों में अपनी मातृभूमि के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रेरणा रग-रग में भर देती है।उनके अदम्य साहस, बहादुरी और दुश्मन के इरादे नेस्तनाबूद करने की शौर्य गाथा युगों-युगों तक सुनाई जाती रहेगी ये बातें आज वीर अब्दुल हमीद की 91 वीं जयंती पर कैरो प्रखंड मुख्यालय निवासी रा. उत्क्र. उच्च विद्यालय जिंगी के प्रभारी प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने आज एक प्रेस बयान जारी कर कहीं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के धामुपूर गांव में एक साधारण मोमिन परिवार में 1 जुलाई 1933 को जन्मे अब्दुल हमीद की माता का नाम सकीना बेगम और पिता मोहम्मद उस्मान थे। भारतीय सेना में 27 दिसम्बर 1954 को बहाल हुए अब्दुल हमीद को उनकी अद्भुत समर्पण और जज्बे के लिए सेवा काल में ही सैन्य सेवा मेडल,समर सेवा मेडल और रक्षा मेडल से सम्मानित



किया गया था। ऑपरेशन जिब्राल्टर के तहत पाकिस्तानी सेना के भारतीय सीमा में घुसपैठ करने और 8 सितम्बर 1965 की रात भारत पर आक्रमण करने के समय पंजाब के खेमकरण सेक्टर में तैनात थे। उस समय अमेरिकन पेंटन टैंक अपराजेय माने जाते थे जिसके साथ पाकिस्तान ने हमला किया था। भारत के शेर हवलदार अब्दुल हमीद के पास इन टैंको के सामने खिलौना समझी जा सकने वाली माउन्टेड जीप थी और था देश की एकता और अखंडता के लिए लहू का एक-एक बूंद कुर्बान करने का जज्बा। जब अपनी जीप पर बैठ कर वीर उन्होंने एक-एक कर पाकिस्तानी टैंको को उड़ाना शुरू किया तो दुश्मनों की फौज में भगदड़ मच गई।एक हिन्दुस्तानी फौजी में इतना हौसला और निडरता की उन्होंने सपने में भी कल्पना नहीं की थी।बहरहाल सात टैंक ध्वस्त करने के बाद वीर अब्दुल हमीद 9 सितम्बर को वीरगति को प्राप्त हो गए लेकिन इसकी आधिकारिक घोषणा10 सितम्बर को की गई।उनकी शहादत के एक सप्ताह के अंदर 16 सितम्बर 1965 को मरणोपरांत उन्हें सेना को सर्वोच्च सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। अनहोनी हो चुकी थी इसलिए अमेरिका को अपने टैंको की डिजाइन की समीक्षा करनी पड़ी लेकिन मां के लाल अब्दुल हमीद के देश के लिए जान कुर्बान करने के जज्बे की समीक्षा कौन करता। अलीरजा अंसारी ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अब्दुल हमीद के साहस की गाथा सुनकर आज भी हर देशवासी गौरवान्वित महसूस करता है। देश के लिए ऐसे त्याग और बलिदान का शौक रखने वाले युवा जबतक हिन्दुस्तान में रहेंगे,यहां की एकता,अखंडता और समरसता को किसी भी शत्रु की कुदृष्टि नहीं लग सकती है।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 41 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर हुए लाभान्वित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 55 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,प्रोफेसर परमानंद प्रसाद अग्रवाल व डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर इस शिविर का शुभारंभ किए। सभी ने भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि का नारा लगाते हुए नमन किया। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 41 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। प्रो0परमानंद प्रसाद ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाना बहुत ही सराहनीय कार्य हैं, मानव सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं और मैं इन सभी के कार्यों से बहुत प्रभावित हूं। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ व डॉ कुमुद



अग्रवाल ने कहा कि बदलते मौसम एवं बरसात में बच्चे एवं बुजुर्गो को स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है। घर के आसपास पानी का जमाव ना रहे उससे मच्छर का प्रकोप बढ़ता है जिससे की डेंगू आदि कई बीमारियां होने का डर बना रहता है,खाने पीने की चीजें को हर समय ढक कर रखें और समय-समय पर अपना स्वास्थ्य की जांच करवाते रहें है। सहसचिव संजय चौधरी एवं शशि भूषण सिंह ने कहा कि 1 जून 2022 से चल रहे इस प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में अब तक 1820 लोग अपना एवं अपने परिवार का चेकअप करा कर लाभान्वित हुए हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है। आज भी लोगों ने अपना स्वास्थ्य चेकअप करवाते हुए डॉ कुमुद अग्रवाल से, बुखार, सर्दी, खांसी, दर्द, आदि बीमारियों का इलाज करवाते हुए परामर्श भी लिए, प्रत्येक रविवार को यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर चलते रहेंगे। आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, संजय चौधरी, शशि भूषण सिंह, प्रो0परमानंद प्रसाद अग्रवाल, सुबोध प्रसाद महतो, गोपाल महतो, मनोज अग्रवाल, सविता कुमारी, शिमला देवी आदि थे।

## अवैध शराब की बिक्री पर ठेठईटांगर पुलिस ने की कारवाई



**ठेठईटांगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटाँगर पुलिस लगातार अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चला रही है।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर और थाना प्रभारी ठेठईटाँगर की अगुवाई में ठेठईटाँगर पुलिस ने रविवार को अवैध शराब के विरूद्ध ठेठईटाँगर के जोरम में छापामारी ऑपरेशन चलाया। ठेठईटाँगर पुलिस ने ठेठईटाँगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत जोराम में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी की। छापामारी के क्रम में पुलिस ने यहां बहुल मात्रा में जावा महुआ नष्ट किया। साथ ही शराब बनाने वाले बर्तनों को नष्ट भी कर दिया और यह चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसा ना करे अन्यथा क़ानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## चलते चलते एक नजर

### द रांची प्रेस क्लब में शुरू हुई पेंटिंग की क्लास

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** द रांची प्रेस क्लब द्वारा बच्चों के लिए क्रिएटिव आर्ट के तहत पहले दौर में प्रत्येक रविवार को 10:30 बजे से 11:30 बजे तक पेंटिंग की क्लास शुरू की गई है। रविवार दो जुलाई 2023 से पेंटिंग क्लास का शुभारंभ मशहूर आर्टिस्ट सह फाउंडर ऑफ आइएडब्लयू (इन एट वर्ल्ड ) प्रवीण करमाकर ने की। इस मौके पर द रांची प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष सुशील सिंह मंटू ने मुख्य अतिथि प्रवीण करमाकर को पौधा देकर उनका स्वागत किया। आर्टिस्ट प्रवीण करमाकर ने कहा कि यह बहुत ही खुशी की बात है कि द रांची प्रेस क्लब ने पेंटिंग क्लास की शुरुआत की है। उन्होंने द रांची प्रेस क्लब द्वारा कला संस्कृति के क्षेत्र में प्रशिक्षण को सराहा। वहीं प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य सह पेंटिंग प्रशिक्षक परवेज कुरैशी ने बताया कि प्रत्येक रविवार को पेंटिंग का प्रशिक्षण दिया जायेगा जिसका लाभ 14 साल तक के बच्चे उठा सकते हैं । प्रशिक्षण के दौरान बेसिक क्रिएटिव आर्ट के साथ सिंपल क्राफ्ट भी सिखाया जाएगा और समय-समय पर राज्य के जाने माने आर्टिस्ट भी गेस्ट फैकेल्टी की भूमिका में उपलब्ध होंगे। उद्घाटन के अवसर पर पेंटिंग के छात्र-छात्राएं आद्यया प्रिया, आसिता प्रिया, विवान वत्स, महावीश सारा, शिवांस शानमुख, करण ज्योति सिंह समेत पत्रकार पंकज जैन, एएसआरपी मुकेश, सहित छात्रों के अभिभावकगण उपस्थित रहे।

### चेशायर होम में गुरु पूजा का भव्य आयोजन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** हर वर्ष गुरु पूजा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी रांची के सहजयोगियों द्वारा 2 जुलाई 2023 को सुबह 9 बजे, चेशायर होम रोड स्थित स्टेट इको सिंफनी (बेसमेंट), बरियातु में गुरु पूजा का भव्य आयोजन हुआ । जिसमें रांची के अलावा अन्य जिलों के भी सैकड़ों सहयोगी भाग लेंगे। बताते चलें कि सहज योग ध्यान धारणा की अत्यंत ही सरल विधि है। सहज योग की संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी ने इसकी शुरुआत 5 मई 1970 को गुजरात के नारगोल स्थित एक समुद्री तट में की थी। ध्यान साधना की इस विधि में सत्य का हर साधक श्री माता जी की कृपा से आत्म साक्षात्कार के बाद अपने अंदर निहित परमात्मा की अलौकिक शक्तियों से एकाकार प्राप्त कर लेता है तथा स्वयं का गुरु बन जाता है।गुरु पद की प्राप्ति होते ही हमें सच और झूठ की परख बिल्कुल वैसे ही हो जाता है, जैसे हंस पानी में मिलाया हुआ दूध को परख लेता है। और अंततः वास्तव में हम धार्मिक हो जाते हैं।

### खरवार भोगता समाज विकास संघ केंद्रीय समिति की हुई बैठक

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** खरवार भोगता समाज विकास संघ केंद्रीय समिति की बैठक रविवार को रांची मोरहाबादी स्थित नीलांबर पीतांबर पार्क में हुई।बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू तथा संचालन केंद्रीय सचिव जगरनाथ भोगता ने किया।बैठक में समाज के राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करते हुए लोकसभा एव विधानसभा चुनाव में समाज को उचित भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की ।बैठक में निर्णय लिया गया कि समाज 2024 के चतरा लोकसभा चुनाव लड़ेगा।बैठक में केंद्रीय सरंक्षक योधेश्वर सिंह भोगता,पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष कैलाश गंझू,केंद्रीय सलाहकार झलकु गंझू,उपाध्यक्ष रामनाथ गंझू,केंद्रीय प्रवक्ता देवनारायण गंझू,हीरालाल भोगता, केंद्रीय सदस्य सुदर्शन भोगता, रामधन गंझू,बसंत गंझू,धनुषधारी गंझू,रांची जिला अध्यक्ष अमृत भोगता, सिमडेगा जिला अध्यक्ष बसंत प्रधान, लातेहार जिला अध्यक्ष प्रेम गंझू, हजारीबाग जिला अध्यक्ष बालदेव गंझू,बोकारो युवा जिला अध्यक्ष भोला भोगता,युवा जिला अध्यक्ष लातेहार प्रकाश गंझू,अमृत खरवार,नान्हू गंझू,हेमलाल गंझू,शिवनाथ भोगता, दीपू भोगता,रामधारी गंझु,अजय गंझू,सेवा गंझू,संजय गंझू,सोमनाथ गंझू,नरेश गंझू,बाबूलाल भोगता सहित कई लोग शामिल हुए।

# चेंबर की मांगों को सरकार तक पहुंचाएंगे : किशोर मंत्री

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की संयुक्त बैठक होटल ज्योति लोक के सभागार में चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री रीजनल वाइस प्रेसिडेंट संजय शांडिल्य एवं झारखंड चेंबर के सेक्रेटरी जेनरल डॉक्टर अभिषेक रामाधीन, उपाध्यक्ष अमित शर्मा, आदित्य मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष सुनील केडिया, शैलेश अग्रवाल, रोहित पोद्दार, पीआरओ ज्योति कुमारी, पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेड़ी तथा तथा रांची मुक्ति संस्थान के अध्यक्ष सह झारखंड चेंबर के एक्सक्यूटिव सदस्य प्रवीण लोहिया एवं स्थानीय व्यवसायिक संगठन के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, डाल्टनगंज चेंबर के अध्यक्ष विनोद उदयपुरिया, शहर के प्रसिद्ध व्यवसाई नवल तुलस्यान, लातेहार चेंबर के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल ,बंसीधर चेंबर, लेस्लीगंज चेंबर, मजगांव चेंबर, पाकी चेंबर तथा पलामू चेंबर महिला विंग की अध्यक्षा शर्मिला वर्मा के साथ काफी संख्या में सदस्य उपस्थित हुए और अपनी बातें रखें। चेंबर की बैठक में पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल द्वारा प्रस्तावित प्रथम एजेंडा शहरी जलापूर्ति योजना के संबंध में निर्णय लिया गया कि एक बार झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स की एक प्रतिनिधिमंडल पीएचडी मिनिस्टर से मिलकर वार्ता करेंगे और वार्ता संतोषजनक नहीं होने पर पलामू चेंबर पीआईएल करेगा। पलामू चेंबर कोषाध्यक्ष अनवर हुसैन ने टूरिज्म पर बात रखते हुए कहा कि यह वर्ष टाइगर प्रोजेक्ट का 50 वर्ष है। बेतला से नेतरहाट तक के रोड को टूरिस्ट जोन बनाने हेतु सरकार पहल करें ताकि हमारे प्रमंडल का विकास हो सके। इसमें निर्णय लिया गया एक कमिटी

**पानी नहीं तो होगा पीआईएल : आनंद शंकर**



महामहिम राज्यपाल से भी मिलेगा। बैठक में एक्जीक्यूटिव सदस्य फिरोजउद्दीन अंसारी ने उप राजधानी का मुद्दा भी उठाया। कहा कि सरकार के मेनिफेस्टो में डाल्टेनगंज, चाईबासा, हजारीबाग को उपराजधानी बनाने का संकल्प लिया गया था। जिसे सरकार पूरा करे। खासकर पलामू जो चार राज्यों का संगम है बिहार,उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड। मेदनीनगर पलामू का मुख्यालय उपराजधानी का सभी अहर्ता पूरा करता है। इस पर किशोर मंत्री ने सरकार से बात कर पहल करने का भरोसा दिलाया। बैठक में रंजीत मिश्रा द्वारा बताया गया कि खासमहाल का दर अब तक अब तक नहीं किए जाने पर निंदा प्रस्ताव लाया जाए। साथ ही किशोर मंत्री को जवाबदेही लि की पुनः सरकार से बात कर इसका निदान निकालेंगे।

बैठक में राजदेव उपाध्याय ने वंदे भारत ट्रेन का परिचालन पर विस्तृत चर्चा की और निर्णय लिया गया की बनारस रांची भाया डाल्टनगंज ट्रेन का परिचालन कराया जाए। बैठक में निलेश चंद्रा ने पलामू प्रमंडल मुख्यालय में हवाई सेवा शुरू करने पर बल दिया और कहा कि आज अगर हम तैयारी शुरू करेंगे तो कम से कम 3 से 4 साल सरकार को इस योजना को मूर्त रूप देने के लगेगा। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चेंबर के कमेटी केंद्रीय मंत्री ज्योति राजे सिंधिया से मिलकर मांग रखेगा। बैठक में राकेश कुमार ने इंडस्ट्रियल एस्टेट की भी मांग की और बोला की युवा पीढ़ी कार्य करना चाहते हैं पर जमीन नहीं।

इसे प्राथमिकता में पहल कर 100 एकड़ का इंडस्ट्रियल जोन मेदनीनगर शहर के आसपास विकसित कराया जाए। बैठक में सहमति बनी कि झारखंड चेंबर एवं पलामू चेंबर का कमिटी जायाडा से मिलकर इस पर पहल करेगा। बैठक में चेंबर महिला विंग की अध्यक्षा शर्मिला वर्मा ने जोरदार ढंग से बैंक की मनमानी एवं महिला हित में महिला वेंडर जोन की मांग उठाई। सभा का संचालन महामंत्री महामंत्री डिंपल ने की। बैठक में विशेष रूप से महिला चेंबर विंग की ममता सिन्हा, राखी सोनी, कंचन गुप्ता ,सचिव प्रियंका सिंघानिया ,उपसचिव फरहा खान, कोषाध्यक्ष प्रियंका साहू सहित कई महिलाएं उद्यमी उपस्थित थे और अपनी बातें रखें। झारखंड चेंबर के अध्यक्ष ने कहा कि पलामू चेंबर हमारा मजबूत अंग है। इनके सभी मांगों को गंभीरता से लिया जाएगा और निदान कराया जाएगा।

सभा में काफी संख्या में व्यवसाई उपस्थित थे। आनंद शंकर ने कहा कि पानी के चलते गर्मी में पलायन होने लगता है। अगर सरकार शहरी जलापूर्ति योजना एक माह के अंदर शुरू नहीं कराएगी तो पलामू चेंबर पीआईएल करेगा। रीजनल उपाध्यक्ष संजय शांडिल्य ने सभी अतिथियों का स्वागत बुके एवं मोमेंटो देकर किया। रंजीत मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी व्यवसायिक संस्थान को बैठक में आने के लिए धन्यवाद दिया।

## सांसद संजय सेठ के फेसबुक का फर्जी एकाउंट बना साइबर अपराधी कर रहे ठगी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची सांसद संजय सेठ के फेसबुक पर सांसद के फर्जी अकाउंट बनाकर पैसे की मांग की जा रही है। फर्जी अकाउंट बनाकर अपराधी 20 हजार की मांग कर रहा है और बता रहा है कि मेरे अकाउंट में कुछ प्रॉब्लम आ गया है, जिसकी वजह से पैसे का ट्रांजैक्शन नहीं हो पा रहा है। एक से दो दिन में आपको पैसे रिफंड कर दिया जाएगा। इस संबंध में संसद संजय सेठ ने ट्विटर और फेसबुक के जरिए लोगों से अपील की है कि यह फर्जी अकाउंट है, पैसे के लेनदेन ना करें। मामले की जानकारी प्रशासन को दे दी गई है।

## पीएलएफआई से जुड़े संदिग्धों के ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी

एजेंसी

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना और दरभंगा की बहेरा में एनआईए की टीम ने पीएलएफआई से जुड़े संदिग्धों के ठिकानों पर रविवार को छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने दरभंगा के बहेड़ा से एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर दो घंटे तक पूछताछ की।पटना जिले के फुलवारीशरीफ में इमारत-ए-शरिया के सामने मोहम्मद रियाजुद्दीन कासमी के बुक स्टाल पर छापेमारी की गई। दुकान से एक संदिग्ध कंटेंट वाली धार्मिक पुस्तक मिली थी। इस आधार पर छापेमारी की गई।दरभंगा के बहेड़ा थाना के छोटी बाजार में पीएलएफआई से जुड़े संदिग्ध युवक के घर पर रविवार की सुबह करीब छह बजे छापेमारी की। रिमझिम बारिश




के बीच चार थानों की पुलिस के साथ पहुंची। एनआईए की टीम ने छोटी बाजार में मो. हब्बीबुल्लाह के घर की घेराबंदी की। इसके बाद हबीबुल्लाह के पुत्र मो. समीउल्लाह को कब्जे में ले लिया। बहेड़ा थाने पर करीब दो घंटे उससे पूछताछ की गई। उसके मोबाइल को जब्त कर एनआईए ने युवक को मुक्त कर दिया। छापेमारी का नेतृत्व एनआईए के इंस्पेक्टर राजेश कुमार मिश्र कर रहे थे।इंस्पेक्टर मिश्र ने बताया कि जरूरी होने पर समीउल्लाह को फिर से बुलाया जाएगा। इसके लिए उसे नोटिस दिया गया है।

हालांकि, उन्होंने पूछताछ में मिली जानकारी को साझा करने से इनकार कर दिया। दरभंगा एसएसपी अवकाश कुमार ने छापेमारी के दौरान एक युवक को हिरासत में लिए जाने की पुष्टि की।दरभंगा के बहेरा से गिरफ्तार युवक मो समीउल्लाह के पीएलएफआई से संपर्क होने के कई सबूत मिले हैं। वह अरबी के पत्र व अन्य दस्तावेजों को उर्दू, हिंदी और अंग्रेजी में अनुवाद कर पीएलएफआई से जुड़े सदस्यों को उपलब्ध कराता था। उसके पास से बरामद मोबाइल में इसके साक्ष्य मिले हैं। समीउल्लाह चार भाइयों में दूसरे नंबर पर है। उसके पिता मो. हबीबुल्लाह ने बताया कि समीउल्लाह फुलवारीशरीफ में रहकर मौलवी की पढ़ाई करता है।

# नहीं रहे दीन-दुखियों की सेवा करने वाले पप्पू साहनी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** वैसे तो देश में कई समाजसेवी है जो समाज सेवा का काम करते हैं, लेकिन झारखंड के पलामू जिला के मेदिनीनगर के रहने वाले विनोद कुमार साहनी ऊर्फ पप्पू सहनी का नाम सबसे ऊपर है। चाहे धार्मिक हो, सामाजिक हो या अन्य कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम हो, पप्पू साहनी जो पप्पू भैया के नाम से जाने जाते थे पप्पू भैया के नाम से पूरे पलामू जिला में प्रचलित है। इन्होंने हर संभव हर समय हर कार्यक्रमों में मदद की जो इतिहास साक्षी है। मेदिनीनगर रेडमा चौक का गौरव काली मंदिर इन्हीं का देन है। जिसे इनकार नहीं किया जा सकता। यहां आज प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु अपने शीश नवाते हैं। पप्पू साहनी के बारे में चाहे कितना भी लिखा जाए या कहा जाए वह कम होगा। क्योंकि इनकी पहचान सिर्फ पलामू जिला तक ही नहीं रही बल्कि योग गुरु कहे जाने वाले स्वामी बाबा रामदेव महाराज तक इनकी अच्छी पहुंच थी। जब कोई पलामू प्रमंडल या आसपास के जिलों में पतंजलि का नाम तक नहीं जानता था, उस वक्त पप्पू साहनी ने पतंजलि का झंडा गाड़ने का काम किया। पतंजलि संगठन



को पलामू जिला ही नहीं बल्कि पूरे प्रमंडल और आसपास के जिलों में आर्थिक,शारीरिक और मानसिक सहयोग देकर इन्हें संगठन की मजबूती देने का काम किया। जिसकी प्रशंसा स्वामी रामदेव महाराज कई मौके पर स्वयं कर चुके हैं। पलामू प्रमंडल।के प्रथम संस्थापक सदस्य पतंजलि योगपीठ हरिद्वार पतंजलि परिवार के पलामू जिला के प्रमुख राजीव शरण ने एव अन्य पतंजलि परिवार से जुड़े लोगों ने बताया कि वर्ष 2006 में जब पतंजलि योग समिति पलामू का संगठन सेवा के कार्य से जुड़े, उन दिनों पप्पू भैया द्वारा पूरा आर्थिक सहयोग होता था। जब केंद्रीय अधिकारियों का आगमन जिले में होता तो संगठन पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को बहुत हद तक उनके द्वारा कम किया जाता रहा है। संगठन उनके सहयोग को सदा याद रखेगा। जब भी पप्पू साहनी से बात होती थी तो यह समाज और देश हित की बात करते थे। दीन दुखियों की उन्नति और विकास की बात करते थे। वे लगातार बीमारियों से जूझ रहे थे। इनका इलाज पतंजलि में किया गया। लेकिन समय के आगे सब कोई बौना है जो ऊपर वालों को मंजूर होगा। समय ने इन्हें अपने पास बुला लिया। लेकिन इनकी याद पलामू वासियों को ही नहीं पूरे पतंजलि परिवार को हमेशा आएगी। इनकी याद सतायेगी।

## मारपीट मामले में अरगोड़ा थाने में 30 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**रांची :** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू बाजार में स्कूटी से बाइक में हुई टक्कर के बाद मारपीट की घटना में दोनों पक्षों की ओर से 30 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया है। एक पक्ष से आशीष ने कुछ नामजद और अज्ञात सहित 15 और दूसरे पक्ष से हरमू आजार हिंद नगर निवासी सुहैल खान की पत्नी रकीबा खातून ने भी कुछ नामजद और अज्ञात सहित कुल 15 के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। बताया जाता है कि शनिवार रात अरगोड़ा थाना के हरमू बाजार स्थित आशीष स्टूडियो के संचालक आशीष कुमार के बाइक में स्कूटी से धक्का मारने के बाद जुर्माना मांगने पर मारपीट हुई थी। रविवार को घटना के विरोध हरमू बाजार बंद रहा। आक्रोशित लोगों को शांत कराने के लिए उनका पक्ष जानने के लिए हटिया विधायक नवीन जायसवाल, डीएसपी राजा मित्रा सहित अन्य अधिकारी भी पहुंचे।

## फैशन प्वाइंट लाइफ़स्टाइल एग्जिबिशन का हुआ रंगारंग आगाज

*** देशभर के बड़े डिजाइनरों लगा हुआ जमावड़ा**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** दो दिवसीय फैशन प्वाइंट वेडिंग एंड लाइफ स्टाइल लग्जरियस एग्जिबीशन का आगाज होटल कैपिटल हिल में रविवार को हुआ.इस प्रीमियम शो का उद्घाटन राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो की धर्म पत्नी नेहा महतो ने किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेले की जितनी सराहना की जाए कम है. एक छत के नीचे महिला उद्यमियों और उनके हुनर को देख कर बहुत खुशी हो रही है. उद्घाटन समारोह में लायंस क्लब ऑफ समर्पण एवं ख्याति बुटीक के सौजन्य से चिकित्सा के क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले 14 प्रतिष्ठित डॉक्टर्स को सम्मानित किया गया. मौके पर आयोजक रीना अग्रवाल ने कहा कि तीज त्यौहार और वेडिंग सीजन को देखते हुए रांची वासियों के लिए इस प्रीमियम शो का आयोजन किया गया जहां देश भर के प्रसिद्ध डिजाइनरों के एक्सक्लुसिव कलेक्शन प्रदर्शित कियें गए है .एक हीं छत के निचे मेट्रो सिटी के लेटेस्ट कलेक्शन उपलब्ध हैं.जिनमें एथनिक वियर, वेस्टर्न वियर, इंडो वेस्टर्न, वेडिंग कलेक्शन,डिजाइनर राखी, हैंड मैड ज्वेलरी , लक्ज़री होम डेकोर, और बहुत कुछ शामिल हैं. साथ हीं यहां कला ठुद्वड्ढद्दह्लड्डुठु की तंजोर पेंटिंग भी देखी जा सकती है.यहां बनारस की एक्सक्लुसिव, प्योर और स्पेशल साडियां आपको आकर्षित कर रहीं हैं.वही लखनव की ऑल रेंज की चिकेनकारी स्पेशल ड्रेस, साड़ी पार्टी वियर, सेमी पार्टी



वियर, किट्टी पार्टी वियर, कोकटेल पार्टी वियर आपका दिल जीत लेगी. दिल्ली की द विना कलेक्शन, बैंगलोर के डिजाइनर साड़ी, ड्रेस, गाउन, को ऑर्ड सेट, कोलकाता के फैशन सेंस और पाकिस्तान शरारा गारारा से अपने वार्डरॉब को नया टच दे सकतें हैं.शो में इस बार आपको बिल्कुल कुछ नया देखने को मिल रहा है.वो है हर ऐज के लिए अबरोड से लाये गए वेस्टर्न वियर.नारी साड़ी, मडालसा की ड्रेस, सूट, मनीषा क्रिएशन की एक्सक्लुसिव रेंज साड़ी, बयान सिल्क का यूनिक कलेक्शन के अलावा कश्मीर के साड़ी और ड्रेस भी कुछ खास है. वहीं सूरत और मुंबई के बेस्ट ज्वेलर्स अपनी सर्टिफाइड प्रोडक्ट लेकर खास रांची वासियों के लिए लेकर आयें हैं.कानपुर ज्वेलरी आपका दिल लुभाएगी.शो राखी स्पेशल एडिशन लेकर आ रहा है जहां आप हैंड मेड ओर डिजाइनर रखियों की खरीदारी कर सकतें हैं. होम डेकोर प्रोडक्ट में आपको प्लेटर, बेड कवर, बेड शीट के यूनिक कलेक्शन देख सकेंगे.

# जन्मदिन मुबारक हो अलिशा

**जिस प्रतिभा की खुदा हिफाज़त करें, उसे अलिशा कहते हैं : केएन त्रिपाठी**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** आंधियों में भी चिराग जलने की युक्ति बारह साल की अलिशा पर बिल्कुल फिट बैठती हैं। वैसे भी जिस प्रतिभा की खुदा हिफाज़त करें, उसे अलिशा कहते हैं। बताते चलें कि अलिशा वर्षों से एम्स से इलाजरत है।अर्थात वह आंधियों के खिलाफ खड़ी है। पर वह कभी इसे अपने उपर हावी होने नहीं देती तथा अपने परिवार व शुभेच्छुओं पर बेशुमार प्यार लुटाती रहती है। यह देखकर सचमुच विश्वास हो जाता है कि वह खुदा की हिफाजत में हैं। अलिशा अकेले ही अपनी मासुमियत मुस्कान एवं मनभावन चंचलता से जन्मदिन के जश्न को खास बना देती है। किन्तु उसके भाइयों, मॉं व पिता मों शफीक अंसारी (एमएसए पब्लिक स्कूल के संस्थापक) द्वारा आगंतुक के लिए पलक पांवड़े बिछा देना जैसे रिश्तों में मीठी मिसरी घोल देता है। हमने देखा कि पूरे समारोह में अलिशा ही अलिशा थी और उसके चेहरे की खुशी नूर बनकर टपक रही थी। केक कटते ही माहौल हैप्पी बर्थडे अलिशा के स्वर से गुंज उठा। फिर चल पड़ा दुआओं की सिलसिला। अलिशा के जन्मदिन में भाग लेना सिर्फ रस्म अदायगी भर नहीं होता। वरन अनमोल अनुभूतियों के होकर गुजरना होता है।जन्मदिन समारोह में झारखंड सरकार के पुर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश देव, वार्ड पार्षद नीरा देवी, मुखिया अरविंद शुक्ला, समाजसेवी पंकज श्रीवास्तव, धनंजय त्रिपाठी, सुशील तिवारी, अरविंद पासवान, रिंकु मेहता, अफज़ल शफीक, निलेस पाण्डेय, पुनम कुमारी सहित सैकड़ों कि संख्या आशिर्वाद देने कई अन्य अतिथि पहुंचे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने आशुतोष शुक्ला, खुशबू शोनी, घुंघरू सिंह, मुस्कान सिंह, प्रियंका कुमारी, नेहा प्रवीण, चांदनी, खुशी शर्मा, विवेक पाठक, ओमकार , सलमान, अफताब, श्रीकांत, अमन, अनमोल, वेदप्रकाश, सुनीत, सुनीता, नागेंद्र प्रसाद सहित एमएसए पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राएं व अभिभावकों का अहम भूमिका रहा।

## जी-20 प्रतिनिधियों ने ट्राइबल म्यूजियम, सांची स्तूप और प्रदर्शनी से जानी मध्य प्रदेश की संस्कृति

**भोपाल:** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल में आयोजित दो दिवसीय जी-20 के सिविल सेवा समिट का रविवार को समापन हुआ। समिट के समापन के बाद जी-20 देशों से आए प्रतिनिधियों को प्रदेश की संस्कृति और इतिहास से परिचय कराने के लिए भोपाल के ट्राइबल म्यूजियम, रायसेन जिले में स्थित सांची स्तूप का भ्रमण करवाया गया। कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में रेस्पांसिबल टूरिज्म मिशन और सेवा क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठनों के कार्य की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में एकात्म धाम, संस्कृति और पर्यटन विभाग, गोंड पेंटिंग, वनवासी कल्याण परिषद, नर्मदा समग्र, भारत विकास परिषद, शिवगंगा समग्र ग्राम विकास परिषद जैसे सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं के पदाधिकारियों ने प्रदेश में हो रहे सेवा कार्यो के बारे में जानकारी दी।

# मोदी सरकार ने पिछड़ा समाज को दी संवैधानिक मान्यता : अमित शाह

एजेंसी

**लखनऊ।** वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां कहा कि आजादी के बाद कभी भी किसी ने पिछड़ा समाज को संवैधानिक मान्यता नहीं दी थी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग गठित कर पिछड़ा समाज को संवैधानिक मान्यता दी है।

राजधानी लखनऊ के इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में अपना दल के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि आजादी के बाद भजपा के नेतृत्व में एनडीए का मंत्रिमंडल है, जिसमें सबसे ज्यादा 27 केंद्रीय मंत्री पिछड़े समाज से हैं। सबसे ज्यादा दलित और पिछड़ा समाज के सांसद चुनकर मोदी के नेतृत्व में आये हैं।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछड़ी समाज के लोगों को आरक्षण देने का काम किया है। ओबीसी



बच्चों के खाते में डीबीटी के माध्यम से पैसा भेजने का काम नरेंद्र मोदी सरकार ने किया है। सुहेलदेव राजभर के नाम पर विश्वविद्यालय और सोने लाल पटेल के नाम पर मेडिकल कॉलेज बना है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पिछले चारों चुनाव भाजपा और अपना दल ने मिलकर लड़े हैं। मिलकर जीते हैं। सपा, बसपा के विघटनकारी नीतियों का जवाब दिया है। 24 में भी अपना दल और निषाद पार्टी के साथ मिलकर भाजपा चुनाव लड़ेगी। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा वह करके दिखाया। 9 साल में 3 करोड़ से अधिक आवास बनाकर दिया। करीब 10 करोड़ परिवारों को गैस कनेक्शन दिया। अमित शाह ने केंद्र की मोदी सरकार की अन्य योजनाओं को भी गिनाया। कहा कि सरकार ने 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त अनाज दिया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे बड़ा काम भारत को सुरक्षित करने का काम किया। सोनिया, मनमोहन की सरकार में कोई भी हमला कर देता था। जब मोदी सरकार बनी, तब भी आतंकी हमले की हिमाकत किये। वह भूल गए कि अब मौनी बाबा की सरकार नहीं है, देश का नेतृत्व मोदी के हाथों में है। हमारी सेना ने पाकिस्तान के घर में घुसकर मारा। सर्जिकल स्ट्राइक किया। इसके साथ ही अमित शाह ने कार्यक्रम में मौजूद जन समूह से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का अपील की और संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अपना दल संस्थापक सोनेलाल पटेल ने समाजिक न्याय का जो सपना देखा था, वह देश में पिछले नौ वर्षो से पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार प्रतापगढ़ में सोनेलाल पटेल के नाम पर मेडिकल कालेज स्थापित कर रही है।